page-1_page 1 24-Dec-22 10:42 PM Page 1

अधिकतम तापमान 19.00* » न्यूनतम तापमान 10.00* » सूर्योदय 7:12 » सूर्यास्त 17:23 » डॉलर 82.60 » यूरो 88.11 »


देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

देहरादून | वर्ष-6, अंक-126 | रविवार, 25 दिसम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपये

dainikbhaskaruk.com


**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1861 में भारत के शिक्षा सुधारक, राजनीतिज्ञ मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था।




कोरोना: चीन समेत पांच देशों के यात्रियों पर नजर पेज 11›

फुटबाल के विकास के लिये संतोष ट्रॉफी बेहद जरूरी: प्रभाकरन पेज 10›


## सारसुर्खियां

### विस्फोट में आठ श्रमिकों की मौत

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के ईंट-भट्ठा चिमनी में विस्फोट में आठ श्रमिकों की मौत और 16 अन्य घायल हो गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए हादसे में मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की।

### सीबीआई को मिली कोचर की हिरासत

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक द्वारा वीडियोकान समूह को ऋण देने में की गई धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार बैंक की पूर्व एमडी एवं सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक को शनिवार सीबीआई ने विशेष अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया। दोनों जांच में सहयोग नही कर रहे थे।

### टीवी एक्ट्रेस तुनीषा ने सेट पर दी जान

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा (20) ने शनिवार को शूटिंग के सेट पर ही फांसी लगा जान दे दी। तुनीषा एक म्यूजिक वीडियो शूट करने के लिये सेट पर थीं। को-एक्टर शीजान खान के मेकअप रूम में तुनीषा का शव फंदे से लटका मिला।

# दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं: राजनाथ

## असफलताओं से डरने की जगह उनसे सीख लें देश के सभी युवा

- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद ऊंचा**

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं होता, बल्कि सीखने की प्रक्रिया तो जीवनभर निरंतर चलती रहती है। शिक्षा कल्याणकारी अथवा विनाशकारी में से कुछ भी हो सकती है, यह विद्यार्थियों के संस्कारों पर निर्भर करता है। जीवन में सफलता और असफलता साथ-साथ चलती है। असफलताओं से डरने के स्थान पर उनसे सीखना आवश्यक है।

रक्षामंत्री ने स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास एवं प्रगति में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके कारण आने वाले समय में भारत में अपार संभावनाओं के द्वार खुलने वाले हैं। इस बात को कोई नकार नही सकता कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद ऊंचा हुआ है। आज भारत के विचारों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गम्भीरता से सुना जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी डिजिटल और इंटरनेट की पीढ़ी है। भारत में इन्फोर्मेशन टेक्नॉलॉजी ने परिवर्तन ला दिया है। अब 5जी का दौर है। आज भारत डिजटल टेक्नॉलजी के क्षेत्र में ग्लोबल मैप पर अपने पहचान बना रहा है। वर्ष 2014 में जहां भारत में 400 से 500 स्टार्ट अप हुआ करते थे, आज हमारे प्रतिभाशाली युवाओं के कारण अस्सी हजार से अधिक स्टार्ट अप हो चुके है।



छात्रा को डिग्री प्रदान करते राजनाथ सिंह, साथ में सीएम धामी व डॉ. धन सिंह।

### क्षमता व परिश्रम से ही होगी लक्ष्य की प्राप्ति

राजनाथ ने कहा कि भारत में उद्यमी युवाओं ने सौ से अधिक यूनिकॉर्न बनाए हैं। हर महीने सात से आठ यूनिकॉर्न आ रहे हैं। आज युवा अपनी प्रतिभा, क्षमता और परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने आईएनएस विक्रांत का लोकापर्ण किया। इस प्रकार भारत विश्व का छठा देश बन गया है, जो एयरक्राफट कैरियर बनाने लगा है। हमारे देश के वैज्ञानिकों ने सबसे ताकतवर वॉरशिप निमार्ण का भी कार्य किया है। यह भारत के युवाओं के प्रतिभा, नए आत्मविश्वास से ही संभव हो पाया है।

### युवा हैं नए भारत की नींव: पुष्कर धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नया भारत, नए प्रयासों द्वारा नए अवसरों को सृजित करने की क्षमता रखता है और आप सभी इस नए भारत की नींव हैं। मुझे यकीन है कि आप देश और राज्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व में अभूतपूर्व कार्य करने के लिए अभी से तैयार हैं। हमारा देश दुनिया में अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ चिकित्सा के क्षेत्र में भी एक महाशक्ति के रूप में उभरा है।

## जाति आधारित जनगणना पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए जाति आधारित जनगणना के निर्देश की मांग वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने इस मुद्दे पर सुनवाई की। पीठ ने ओबीसी के लिए जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर केंद्र सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने इस मामले को भी इसी तरह के एक अन्य मामले के साथ सूचीबद्ध कर दिया।

अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल ने शीर्ष अदालत में इस संबंध में एक याचिका दायर की थी, जिस पर शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही थी। याचिका में उन्होंने कहा था कि जाति आधारित सर्वेक्षण और जाति आधारित जनगणना की कमी के कारण सरकारें पिछड़े वर्गों के सभी वर्गों के साथ कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को साझा करने में असमर्थ हैं। इन वर्गों में ओबीसी महत्वपूर्ण है।

## देश से नफरत का माहौल: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को लाल किले पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आज नफरत का माहौल है। 'भारत जोड़ो' यात्रा का उद्देश्य इस माहौल को खत्म करना है। यात्रा के जरिये वह प्यार की दुकान खोलेंगे। राहुल ने अरुणाचल के तवांग में भारत और चीन के सैनिकों के बीच संघर्ष पर आरोप लगाया कि सरकार सच छिपा रही है। मेड इन इंडिया की जगह, मेड इन चाइना को बढ़ावा दे रही है। सब कुछ उद्योगपतियों के हाथों में चला गया है और छोटे कारोबारियों का काम ठप हो गया है। देश के टीवी चैनल भी डर और नफरत फैला रहे हैं।

## भाजपा का राहुल गांधी पर पलटवार

**नई दिल्ली।** देश में डर और नफरत के माहौल होने का दावा करने वाले राहुल गांधी पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी प्यार फैलाने की बात कर रहे हैं, लेकिन उनके साथ अलग-अलग जगहों पर 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग के लोग भी साथ चल रहे हैं। टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ चलकर राहुल गांधी प्यार कैसे फैला सकते हैं। मेड इन चाइना को बढ़ावा देने के आरोप पर कहा कि आज भारत चीन के बाद मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि सैमसंग और एप्पल फोन अब भारत में बन रहे हैं।

## भारत में ज्ञान ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य: मोदी

- **गुरुकुल की भूमिका देश में बेहद अहम**

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में ज्ञान ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य रहा है। इसीलिए जिस कालखंड में दुनिया के दूसरे देशों की पहचान वहां के राज्यों और राजकुलों से होती थी, तब भारत को, भारतभूमि के गुरुकुलों से जाना जाता था। गुरुकुल यानी, गुरु का कुल, ज्ञान का कुल।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्री स्वामी नारायण गुरुकुल राजकोट संस्थान के 75वें अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि श्री स्वामी नारायण गुरुकुल राजकोट ऐसा संस्थान है, जो हर गरीब छात्र से शिक्षा के लिए एक दिन का केवल एक रुपया ही फीस लेता है। इससे गरीब विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का रास्ता आसान हो रहा है। आज सभी को गुरुकुल की शिक्षा प्रभावित करती है, गुरुकुल अपना दायित्व बखूबी निभा रहा है।


उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद भारतीय मूल्यों और आदर्शों की नींव पर इस आंदोलन को, इस संस्थान को निर्मित किया गया। धर्मजीवनदास स्वामी का राजकोट गुरुकुल के लिए जो विज़न था, उसमें अध्यात्म व आधुनिकता से लेकर संस्कृति व संस्कार तक, सब कुछ समाहित था।

कहा कि इस गुरुकुल के मूल में भगवान स्वामिनारायण की प्रेरणा रही है 'प्रवर्तनीया सद् विद्या भुवि यत सुकृतं महत' अर्थात, सत विद्या का प्रसार संसार का सबसे पवित्र, सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। यही तो ज्ञान और शिक्षा के प्रति भारत का वो शाश्वत समर्पण है, जिसने हमारी सभ्यता की नींव रखी है।



### नए भारत में हैं नए संकल्प

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत में और भारत के संकल्प भी नए हैं, उन संकल्पों की सिद्धि के प्रयास भी नए हैं। आज देश डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण, एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को लेकर आगे बढ़ रहा है। सामाजिक बदलाव और समाज सुधार के इन कार्यों में भी सबका प्रयास करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करेगा।

# देहरादून

आज ही के दिन 1878 में डॉक्टर चार्ल्स ड्राइस्डेल ने एक लेख लिख पहली बार तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी थी।

## सारसुर्खियां

### स्व. बडोनी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल ने उत्तराखंड के गांधी स्व. इन्द्रमणि बडोनी को उनकी 98वी जयंती पर याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पार्टी कार्यालय में केक काटकर बडोनी का जन्मदिन मनाया। गोष्ठी का आयोजन करके किया इस अवसर पर दल के संरक्षक बीडी रतूड़ी ने कहा कि बडोनी जी के योगदान को कभी नहीं भूल सकते। उत्तराखंड राज्य आंदोलन को एक जुट करने में उनकी बड़ी भूमिका रही हैं। इस अवसर पर दीपक गैरोला, सुनील ध्यानी, बहादुर सिंह रावत, सुन्दर लाल सेमवाल, शिव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## जड़ी-बूटियों में है बीमारियों को ठीक करने की क्षमता: डॉ. फारूख

- फाइटोकेमिस्ट्री एंड आयुर्वेदः पोटेंशियल एंड प्रॉस्पेक्ट्स पर सेमिनार आयोजित

भास्कर समाचार सेवा



यूजेपीएएच पत्रिका का विमोचन करते संपादक व अतिथि।

**देहरादून।** फाइटोकेमिस्ट्री एंड आयुर्वेदः पोटेंशियल एंड प्रॉस्पेक्ट्स पर एक सेमिनार 1 इंदर रोड स्थित तस्मिया एकेडमी में आयोजित किया गया।

मुख्य संपादक यूजेपीएएच डॉ. एस. फारूक ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जड़ी-बूटियां हमें बुला रही हैं और भारतीय जड़ी-बूटियों में मनुष्यों में की बीमारियों को ठीक करने की क्षमता है और उन्होंने इस पर काम करने के महत्व का भी सुझाव दिया। संपादक यूजेपीएएच डॉ. आईपी सक्सेना ने डॉ. एस. फारूक द्वारा वर्ष 2002 में शुरू की गई पत्रिका यूजेपीएएच के इतिहास की जानकारी दी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह थे। उन्होंने हेल्थकेयर इंडस्ट्री में इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने मानवता के लाभ के लिए आयुर्वेद की क्षमता के बारे में बताया। मुख्य भाषण में, डॉ. हिम्मत सिंह ने दवा की खोज और विकास की लंबी और व्यस्त प्रक्रिया का अवलोकन किया। विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील कुमार जोशी थे। उन्होंने कहा कि अपने विचार-विमर्श में कोविड काल के दौरान वैदिक विज्ञान के महत्व और आयुर्वेदिक दवाओं की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. अश्विनी कुमार पूर्व महानिदेशक एफआरआई देहरादून ने हिमालय को दुनिया के मेगा विविधता केंद्र के बारे में बताया और एक भारतीय जड़ी बूटी टैक्सस बकाटा के माध्यम से कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के इलाज में भारतीय जड़ी-बूटियों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। महानिदेशक यूकोस्ट डॉ. दुर्गेश पंत जिन्हें विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, ने कहा कि आयुर्वेद हमारी बीमारियों और माइक्रोबियल रोगों विशेष रूप से वायरल रोगों का एकमात्र समाधान है। वन और प्रौद्योगिकी सुबोध उनियाल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में वन और आम आदमी के बीच एक स्वस्थ संबंध और सार्वजनिक आजीविका के लिए आवश्यक सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

## खबर एक नजर

### वार्षिक दिवस समारोह हुआ आयोजित



**देहरादून।** बचपन प्ले स्कूल की ओर से पहला वार्षिक दिवस समारोह आयोजित किया गया। जहां विलफाइल्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ राकेश काला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर डॉ. योगेंद्र शर्मा ममगाई ने सभी अभिभावकों और अतिथियों का स्वागत किया और साथ ही साथ प्रधानाचार्या शेफाली पोखरियाल ने भी स्कूल की प्रोग्रेस रिपोर्ट पढ़ी। सभी विद्यार्थियों ने अपने कार्यकर्म को बहुत ही अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया और सभी अभिभावकों ने कार्यकर्म का आनंद उठाया। कार्यकर्म के अंत में सभी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि और स्कूल डायरेक्टर की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान पत्रकार मीना नेगी व उदित नैनवाल को सम्मानित भी किया गया।

### पेंशन की बढ़ोतरी की जानी न्यायोचित रहेगी: बिष्ट

**देहरादून।** पीबीओआर पूर्व सैनिक संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष पीटीआर शमशेर सिंह बिष्ट ने भारत सरकार की ओर से पूर्व सैनिकों की बढ़ाई गई पेंशन पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की पेंशन बढ़ाना एक अच्छी खबर है परन्तु जानकारी के अनुसार जिस तरह से पेंशन बढ़ाई गई उसमें अधिकारी वर्ग से नीचे को बहुत कम फायदा हो रहा है। सिपाही से लेकर सूबेदार मेजर तक केवल एक डेढ़ हजार रूपये बढ़ाया गया जबकी उनकी पेशन पहले से ही बहुत कम है और अधिकारी वर्ग का वेतन लगभग साढ़े तीन हजार रूपये प्रति माह बढ़ाया गया। बिष्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पेंशन बढ़ोतरी की जानी न्यायोचित रहेगी।

### विंटर कार्निवल महोत्सव 2022 का हुआ आयोजन

**देहरादून।** होली एंजल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डोईवाला रेशम माजरी में विंटर कार्निवाल महोत्सव 2022 का आयोजन किया गया। विद्यालय में पहली बार इस प्रकार का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशीष चौहान सीईओ प्रेम नगर तथा विशिष्ट अतिथि मुकेश लाल फाउंडर एंड डायरेक्टर मास्टर क्लास, शिवराज चौहान डिप्टी जनरल मैनेजर, मिस उत्तराखंड संस्कृति भट्ट, गढ़वाली रैपर सूरज त्राटक तथा प्रधान तेजिंदर सिंह ने रिबन काटकर व आकाश में गुब्बारे उड़ाकर किया। पुरस्कारों का वितरण विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आकाश कुसुम बछेती व प्रधानाचार्य जॉन डेविड नंदा ने किया। इस दौरान महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्य जॉन नंदा ने विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों व विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

### राज्यपाल ने सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व के धनी और लोकप्रिय राजनेता रहे हैं। उनका निर्विवाद राजनैतिक जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्यपाल ने भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। शिक्षा के क्षेत्र उनका बहुमूल्य योगदान सदैव याद किया जाएगा।

### ओलंपस हाई में आयोजित हुआ जूनियर एक्टिविटी शो

**देहरादून।** ओलंपस हाई ने शनिवार को स्कूल परिसर में जूनियर एक्टिविटी शो का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कर्ट जुरगेन शिमट मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राइमरी कोऑर्डिनेटर सीमा डोरा ने उत्तराखंड के गांधी कहे जाने वाले राज्य के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर भाषण दिया। इसके बाद कक्षा 3 व 4 के विद्यार्थियों ने लग्यलो मंडल व चैता की चैतवाल जैसे क्षेत्रीय गीतों पर उत्तराखंड लोकनृत्य प्रस्तुत किए।

## घोड़ासन-चादर गैंग गिरोह का लीडर गिरफ्तार

### उत्तराखंड एसटीएफ की टीम को मिली कामयाबी, चार साल से थी पुलिस को तलाश

- मोबाइल शोरूम में लाखों की चोरी को दिया था अंजाम

भास्कर समाचार सेवा


पत्रकारों से वार्ता करते उत्तराखंड एसटीएफ के अधिकारी।

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने शिरडी महाराष्ट्र से हरिद्वार जनपद से 2018 से फरार घोड़ासन /चादर गैंग के एक लाख के इनामी गैंग लीडर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के नेतृत्व में गैंगस्टर व इनामी अपराधियों की लगातार गिरफ्तारी की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पिछले एक माह से घोड़ासन/चादर गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर एसटीएफ की ओर से योजना बनाकर कार्य किया जा रहा था तथा बारीकी से जानकारी जुटायी जा रही थी। आयुष अग्रवाल ने बताया कि थाना ज्वालापुर से वर्ष 2018 में एप्पल मोबाइल शोरूम से लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार शातिर अपराधी राजूदास उर्फ राजू निवासी ग्राम घोडासन, थाना घोडासन, जिला चंपारण, बिहार जो कि एक लाख का इनामी है, पिछले 4 सालों से थाना ज्वालापुर में चोरी के मामले में फरार चल रहा था। राजूदास की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ टीम ने घोडासन में ही मुखबिर सक्रिय किए हुए थे, जिनसे राजूदास के संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि यह अपने गिरोह सहित महाराष्ट्र में किसी बड़ी घटना को करने के लिए डेरा डाले हुए हैं। इस सूचना पर एसटीएफ ने अपनी एक टीम तुरंत सिरडी महाराष्ट्र रवाना की। वहां पर आरोपी राजूदास के सभी संभावित ठिकानों पर दबिश देकर शिरडी महाराष्ट्र से गिरफ्तारी की गई। राजूदास ने पूछताछ में बताया कि गैंग के 6 अन्य सदस्य भी शिरडी में अलग-अलग ठहरे हैं, हम यहां पर किसी बड़ें शोरूम की तलाश में आए हैं, जहां पर चोरी की जा सके। शिरडी थाना पुलिस ने अन्य 6 सदस्यों को तलाश कर गिरफ्तार किया गया।

### निरीक्षक अबुल कलाम की रही विशेष भूमिका

इस गैंग को ट्रैस करने में उत्तराखंड एसटीएफ के निरीक्षक अबुल कलाम की विशेष भूमिका रही है। उन्होंने अपने सक्रिय नेटवर्क का इस्तेमाल कर गैंग के सदस्यों को चिहिन्त किया गया और आरोपी की गिरफ्तारी से ही महाराष्ट्र में होने वाली किसी बड़ी घटना होने से रोका गया है।

### शिरडी में बड़ी वारदात को अंजाम देने की थी योजना

इस गिरोह की शिरडी में बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना थी, सम्पूर्ण भारत में इस गिरोह के खिलाफ हैं दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं। वर्ष 2018 में रानीपुर मोड हरिद्वार के पास इस गिरोह ने मोबाईल शोरूम से लाखों के मोबाईल, लैपटॉप, आईपेड पर हाथ साफ किया था।

### परिवर्तन की आंधी है भारत जोड़ो यात्रा: धीरेंद्र




**देहरादून।** कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के दिल्ली आगमन पर जयराम आश्रम में आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता ब्रह्म स्वरूप ब्रहमचारी, प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य और उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप के नेतृत्व में उत्तराखंड कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा रॉबर्ट वाड्रा, दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रमोद तिवारी का जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी करीब 3 घंटा आश्रम में रहे। इस मौके पर ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं को रुद्राक्ष की माला भेंट की और प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने आश्रम में ही भोजन किया। ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी और धीरेंद्र प्रताप ने राहुल गांधी की यात्रा को देश में परिवर्तन की आंधी बताया और कहा कि 2024 के चुनाव में इसके दीर्घकालिक परिणाम सामने आएंगे यद्यपि उन्होंने स्पष्ट किया राहुल गांधी सत्ता के लिए नहीं सिद्धांतों और देश की एकता और अखंडता के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर राम स्वरूप ब्रह्मचारी ने दोनों हाथ जोड़कर सब का स्वागत किया। उल्लेखनीय है परम स्वरूप ब्रह्मचारी अखिल भारतीय साधु समाज के भी कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

## निगम के ऊर्जा उत्पादन में हुई उल्लेखनीय वृद्धिः सिंघल

- व्यासी जल विद्युत परियोजना ने समय से पूर्व प्राप्त किया लक्ष्य

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** जनपद में यमुना नदी पर स्थित यूजेवीएन लिमिटेड की 120 मेगावाट क्षमता की व्यासी जल विद्युत परियोजना की ओर से अपने वित्तीय वर्ष 2022-23 का वार्षिक उत्पादन लक्ष्य माह दिसम्बर में ही प्राप्त कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल ने बताया कि सचिव ऊर्जा डा. आर. मीनाक्षीसुंदरम तथा अध्यक्ष यूजेवीएन लिमिटेड राधा रतूड़ी के व्यापक मार्गदर्शन में निगम के ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा नई परियोजनाओं के निर्माणकार्यों में गति आने के साथ ही निगम अपनी अन्य गतिविधियों में भी निरंतर उच्च कोटि के कार्य कर रहा है। इसी क्रम में व्यासी परियोजना ने 23 दिसंबर को ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के अपने वार्षिक विद्युत उत्पादन लक्ष्य 322 मिलियन यूनिट से अधिक विद्युत उत्पादन कर लिया है। उन्होंने बताया कि व्यासी परियोजना से 322.203 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करते हुए वित्तीय वर्ष समाप्त होने से तीन माह पूर्व ही अपना वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए संदीप सिंघल ने बताया कि इससे विद्युत के लिए राज्य की अन्य प्रदेशों और निजी कंपनियों पर निर्भरता भी कम हुई है जिससे राज्य का राजस्व बचने के साथ ही राज्य के वित्तीय संसाधनों पर विद्युत क्रय का बोझ कम करने में भी मदद मिल रही है। प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल ने व्यासी परियोजना की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष यूजेवीएन लिमिटेड के कुशल मार्गदर्शन में निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, लगन और उच्च कार्यसंस्कृति को देते हुए आशा प्रकट की कि भविष्य में भी कार्मिक अपने उच्च मापदंडों को बनाए रखेंगे।

## भुलाया नही जा सकता है स्व. बडोनी का बलिदान

भास्कर समाचार सेवा

- कांग्रेसियों ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रमुख आंदोलनकारी स्व. इन्द्रमणी बडोनी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने उत्तराखंड के गांधी एवं राज्य निर्माण आंदोलन के पुरोधा स्व. इन्द्रमणि बडोनी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

स्व. इन्द्रमणी बडोनी के जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी ने उन्हे नमन करते हुए कहा कि उनका राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसे आज भी लोग याद करते हैं। उन्होंने कहा कि स्व. बडोनी का एक ही सपना था कि राज्य की प्राप्ति कैसे हो। उन्होंने कहा कि स्व. बडोनी के त्याग और तपस्या को उत्तराखंडवासी सदैव याद करते रहेंगे। स्व. बडोनी जी के सफल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ही राज्य बनाने में हम सफल हुए। उनके संघर्ष को कभी नही भुलाया नही जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, प्रवक्ता शिशपाल सिंह बिष्ट, हेमा पुरोहित, प्रमुख आंदोलनकारी शंकर चन्द रमोला, चौधरी जितेन्द्र सिंह, आनंद सिंह रावत, लाखीराम बिजल्वाण, प्रवीण पुराहित, रोनू रोहिला, राजेश नौटियाल, ओमकार चौधरी, सुमित उपाध्याय, प्रदीप कुमार, राजू सिंह, मंजू चौहान आदि मौजूद थे।

## देखते ही बना छात्रों का उत्साह और उमंग

- दिल्ली पब्लिक स्कूल में विंटर कार्निवाल का हुआ आयोजन

भास्कर समाचार सेवा


विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करते डीपीएस के प्रधानाचार्य।

**देहरादून।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के परिसर में अलग ही उत्साहपूर्ण और मस्ती भरा दिन देखा गया। विंटर कार्निवाल का आयोजन सर्दियों के मौसम का जश्न मनाने और छात्रों को भोजन, खेल और मस्ती का मंच प्रदान करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य बीके सिंह और उप प्रधानाचार्या सुजाता सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि कार्निवाल में लगाए गए स्टॉल के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक के साथ-साथ उद्यमिता कौशल का भी लाभ मिलेगा। स्कूल के मैदान में स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ कई फूड स्टॉल, गेम्स स्टॉल, आर्ट एंड क्राफ्ट कॉर्नर, बुटीक, एक्सेसरीज आदि लगाए गए थे। कार्यक्रम में छात्रों का उत्साह और उमंग देखते ही बना। इस कार्निवाल में बच्चों के अभिभावकों ने भी तरह-2 के खेल खेले और कार्यक्रम का आनंद उठाया। सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे गीत, नृत्य, क्रिसमस कैरल, कार्निवाल परेड आदि आयोजन के मुख्य आकर्षण थे। छात्रों के लिए ऑन द स्पॉट डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। सर्दी के मौसम में भी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के ऊर्जावान प्रदर्शन से वातावरण में ऊष्णता का संचार हो गया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे ही और कार्यक्रम विद्यालय द्वारा आयोजित किये जाने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बीके सिंह ने दिन के भाग्यशाली विजेताओं की घोषणा की और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी।

दैनिक भास्कर
स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सेक्टर-6 नोएडा, यूपी, 201301 से मुद्रित एवं 12/20, आशीर्वाद एनक्लेव, चकराता रोड देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक :** संजय कुमार अग्रवाल
**स्थानीय संपादक :** गिरीश चंद्र तिवारी*
**संपादकीय कार्यालय :** 51/5 राजपुर रोड, नियर सीएन. आई. चर्च, देहरादून, 248001
**कार्यालय :** 0135-2655500
**मोबाइल :** +91-6396754808
**website:** dainikbhaskaruk.com
Editbhaskaruk@gmail.com
*इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
UTTHIN/2017/74028

## आज का राशिफल

**मेष :** आज ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं। आपको आज सम्मान मिल सकता है। कारोबार में अच्छी खासी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। प्रगतिशील विचारों का प्रभाव आपके करियर को नये आयाम दे सकता है। परिजनों की कोई बात बुरी लग सकती है। कोशिश यह करनी होगी की निजी जीवन में अपनों को समझें और उनसे तालमेल बनाये रखें।

**वृष :** आमोद-प्रमोद में दिन बीतेगा। अधूरे कार्यों को शीघ्रता से पूरा करेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी ख्याति बढ़ेगी। सोच-समझकर ही किसी मुद्दे पर अपनी राय दें। किसी रिश्ते की ओर इच्छा बढाते चले जाने की बजाए अपनी मेहनत को सुदृढ़ करने की कोशिश करनी होगी।

**मिथुन :** जॉब और व्यापार में नयी तकनीकी का प्रयोग करेंगे। सही और गलत का निर्णय करने में चूक हो सकती है। अति आत्मविश्वास आपको भारी पड़ सकता है। दूर स्थान की यात्रा करने से बचें। प्रेम की अभिव्यक्ति में अतिश्योक्ति न करें।

**कर्क :** स्वास्थ्य को लेकर परेशानी रहेगी। दोपहर के बाद मन कुछ अशान्त हो सकता है। सहयोगी लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। जॉब में अस्थिरता जैसी स्थिति रहेगी। परिवार के सदस्यों के बीच अविश्वास की स्थिति बन सकती है। बहुत सारी अच्छाईयां भी हैं साथ जुडी हुई इसलिए अपनी कोशिशों से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है ऐसा ही कहते हैं आपके तारे।

**सिंह :** अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक चिन्ता आज दूर हो सकती है। पुराने मित्रों से मिलाप होने के योग बन रहे हैं। आपका साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आय के स्त्रोतों से विशेष लाभ के योग धार्मिक यात्रा के योग जल विभागों से सफलता की प्राप्ति होगी।

**कन्या :** जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। चुनौतियों का बेहतर सामना करेंगे। पारिवारिक मामलों में तनाव कम होगा। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रतिष्ठित लोगों से सहयोग मिलेगा। अपनी कोशिशों को थोड़ा सा भाव दे लेने से बहुत कुछ आपके हित में बन सकता है।

**तुला :** आपके कार्य की प्रशंसा होगी। गूढ़ विद्याओं और उच्च शिक्षा में रुचि लेंगे। आपका कोई कर्ज उतर सकता है। शरीर में उत्साह और ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। आपकी आय बहुत ही अच्छी रहेगी। वैवाहिक जीवन में सुख की अनुभूति होगी। कोई भी कदम उठाने से पहले सोच लें की उसका असर कहाँ तक जाएगा ताकि फैसले सूझबूझ से किये जा सकें।

**वृश्चिक :** अनावश्यक खर्चे आपको परेशान कर सकते हैं। नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी प्रतिभा का लोग सम्मान करेंगे। गुप्त बातें बाहर आ सकती हैं। भाग्य का साथ नहीं मिलेगा। धन के लेन-देन को लेकर परेशानी रहेगी। एक तरफ आप सामाजिक समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहेंगे।

**धनु :** नौकरी में आपको प्रमोशन मिल सकता है। समाज की भलाई का काम करेंगे। आपके अधिकार और योग्यता में वृद्धि होगी। आपकी जीवनशैली बहुत रोमांटिक रहेगी। उधार लिया हुआ धन वापस मिलेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा नया संबंध लाभकारी रहेगा। कोई मित्र सहयोग नहीं करेगा।

**मकर :** नये कार्यों का शुभारम्भ होने की सम्भावना है। व्यापार में तेजी रहेगी। आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का सम्पर्क बढ़ेगा। परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का प्रयास करेंगे। मानसिक अस्थिरता को दूर करें और समय पर समाप्त करने का प्रयास करें।

**कुंभ :** ज्ञान-विज्ञान में रुचि लेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले लोगो को सफलता मिलेगी। दूर स्थान की यात्रा सौभाग्यदायी रहेगी। बुजुर्ग रिश्तेदारों से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। परेशानी यह ही की कुछ समय से आपकी मेहनत में कमी आ चुकी है जिस ओर आप पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पा रहे।

**मीन :** लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। माता की सेहत को लेकर चिन्ता रहेगी। व्यापार में आपको कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है। अनावश्यक मामलों में टांग न अड़ायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी आवश्यक है। रोग, विपत्ति आदि में व्यय के योग।



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री, हरिद्वार
मो. 9837081951
Email: astro@aatrayshri.com
Website: www.aatrayshri.com

आज ही के दिन 1962 में सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया था।

# देहरादून

दैनिक भास्कर
रविवार, 25 दिसम्बर, 2022 देहरादून 03

## सारसुर्खियां

### वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मसूरी।** महात्मा योगेश्वर सरस्वती शिशु विद्यामंदिर इंटर कालेज मसूरी के प्राथमिक वर्ग अंग्रेजी माध्यम का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या प्रसन्ना पंवार ने किया। विद्यालय गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट सुनीता ढौडियाल ने प्रस्तुत की। वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कर्णवाल ने कहा कि छोटे छोटे बच्चो के कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक एवं उत्कृष्ट थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने दिखाया उत्साह, ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

- सतत विकास लक्ष्य पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

भास्कर समाचार सेवा

**डामटा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायती राज विभाग की ओर से डामटा में पंचायत प्रतिनिधियों को सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमालयन एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। डामटा के पंचायत भवन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान न्याय पंचायत गातु एवं दुईक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के प्रधानों, उप प्रधानों एवं वार्ड मेंबर ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञ प्रशिक्षक प्रोफ़सर जगेंद्र सिंह रावत ने कहा कि एसडीजी लक्ष्य की प्राप्ति एक दृढ़ मैराथन है, जहां सफलता केवल साक्ष्य आधारित योजनाएं, निगरानी, निरंतर सुधार और कमियों की पहचान करते हुए संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि रेखीय विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं प्रगति लाकर लक्ष्य हासिल कर सकते है। प्रशिक्षक सुजीत थपलियाल ने बताया कि


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधि व विशेषज्ञ प्रशिक्षक।

सतत विकास लक्ष्य कार्यक्रम विकास की कसौटियों के बारे में एक वैश्विक रूपरेखा है। इसके 17 लक्ष्य और 169 उपलक्ष्य निर्धारित हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा सितंबर 2015 में इसे अंगीकृत कर चुकी है। इस अवसर पर सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित 9 थीम पर चर्चा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि सतत विकास लक्ष्य सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय पहलुओं पर मुख्यतः केन्द्रित है जिनमें प्रगति लाने से सामाजिक-आर्थिक विकास होना सुनिश्चित है। सतत विकास लक्ष्य के तहत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं का उच्चीकरण, असमानताओं में कमी, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, प्रदूषण से मुक्ति, जलवायु संतुलन, औद्योगिक विकास, बुनियादी सुविधाएं, लैंगिक समानता, शांति, न्याय, सशक्त संस्थाएं और लक्ष्य के लिए भागीदारी पर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को ग्राम पंचायत के विकास के लिए उपयोगी बताया साथ ही संस्था एवं प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए सतत विकास लक्ष्यों पर काम करने एवं गांव वासियों को जागरूक करने के लिए संकल्प लिया।

## एसडीआरएफ का खोज एवं बचाव प्रशिक्षण संपन्न

भास्कर समाचार सेवा

- हिमालयन साहसिक संस्थान में हुआ रोमांचक प्रदर्शन

**मसूरी।** हिमालयन साहसिक संस्थान केंपटी मसूरी में राज्य आपदा प्रबंधन बल एसडीआरएफ के 25 जवानों को खोज एवं बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं समापन पर प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे साहसिक गतिविधियों का रोमांचक प्रदर्शन किया।

हिमालय एडवेंचर इंस्टीट्यूट में उत्तराखंड पुलिस, एसडीआरएफ के 25 जवानों को 14 दिवसीय प्रवृत्ति पर्वतीय क्षेत्रों में खोज एवं बचाव के साहसिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसके समापन समारोह में प्रशिक्षार्थियों ने साहसिक गतिविधियों का रोमांचक प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान खोज एवं बचाव से संबंधित विभिन्न विधियों का साहसिक निडर होकर जल्दी से जल्दी घायल व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक एवं कृत्रिम चट्टानों पर चढ़ना उतरना, जल्दी से जल्दी सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की विभिन्न तरीकों से बचाव का प्रदर्शन दिखाया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक एसपी चमोली ने कहा कि संस्थान लगातार विगत कई वर्षों से खोज एवं बचाव का प्रशिक्षण दे रहा है। ताकि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा के समय कम धन जन की हानि हो सके।

# पुलिसकर्मियों को सहुलियतें देने पर किया गया मंथन

### उत्तराखंड पुलिस मंथन-समाधान एवं चुनौतियां के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** साइबर क्राइम, ड्रग्स, ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली में क्या सुधार की आवश्यकता है, इस पर मंथन किया जाएगा। साथ ही ऑपरेशनल कार्यक्षमता कैसे सुधारें, ऑपरेशनल कार्य करने के दौरान आ रही व्यवहारिक कठनाइयों, उसमें बदलाव की जरूरत, पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण, उनका कल्याण, कार्मिक संबंधी मुद्दों आदि पर गहराई से मंथन किया जाएगा। कार्यशाला में प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों को एकत्र कर पुलिस मुख्यालय को प्रेषित किया जाएगा, जिस पर मुख्यालय की ओर से मंथन कर कार्यवाही की जाएगी। उत्तराखंड पुलिस मंथन-समाधान एवं चुनौतियां के तहत शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार की अध्यक्षता में एक वर्टिकल इंटरैक्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर पुलिस महानिदेशक अपराध कानून एवं व्यवस्था डॉ. वी मुरुगेशन, पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना एवं सुरक्षा एपी अंशुमान, पुलिस



कार्यशाला को संबोधित करते पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार व अन्य।

महानिरीक्षक, एससीआरबी/महा समादेष्टा होमगार्ड व सिविल डिफेंस केवल खुराना, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण बरिन्दरजीत सिंह सहित सभी जनपदों के पीएसी वाहिनियों एवं पुलिस विभाग की विभिन्न ईकाईयों के आरक्षी से पुलिस महानिरीक्षक स्तर के कुल 166 अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि यह वर्टिकल इंटरैक्शन कार्यशाला जमीनी स्तर पर पुलिसिंग कर रहे जवानों (पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, अपर उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षियों) से बेहतर पुलिसिंग को उनके सुझाव लेने के लिए आयोजित की गई है।

### अधिकारियों की ओर से बैठक कर लिए गए ये निर्णय

चीता मोबाइल मोटरसाइकलों को तेल की कमी नहीं होने दी जाएगी। चौकियों को भी एक मोटर साइकिल प्रदान किए जाने की मांग की गई। महिला हल्पडेस्क एवं चीता मोबाइल को सीयूजी मोबाइल नंबर प्रदान किए जाएंगे। विशेषज्ञ सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक एवं उप निरीक्षकों की मानदेय पर विवेचना में सहायतार्थ सेवा ली जाएगी। सभी जवनों में स्मार्ट बैरक्स को लेकर काफी खुशी है। इनसे उनके रहन सहन का स्तर उभरा है। स्माट बैरक्स की तर्ज पर अब थानें एवं चौकियों के शौचालयों को भी स्मार्ट बनाया जाएगा। पुलिस कर्मियों के वेलफेयर के तहत शुरू की गयी व्हाट्सएप पर छुट्टी के लिए आवेदन करने की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। पुलिस कर्मियों की ओर से अपने या अपने परिवार के किसी सदस्य के जन्मदिन एवं सालगिराह पर आकस्मिक अवकाश के लिए अनुरोध किया जाता है, तो उन्हें तुरंत अवकाश दिया जाएगा। पीएसी जहां पर स्थायी रूप से निवास कर रही है, वहां पर उनकी रहने के स्तर में सुधार के लिए सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी की अध्यक्षता में कमेटी बनायी गयी है। पब्लिक प्रेशर में निलंबित या लाइन हाजिर किए गए कर्मियों की प्राथमिकता के आधार पर 3 दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर प्रकरण की समीक्षा की जाएगी। पुलिस कर्मियों में तनाव मुक्ति हेतु उत्तराखण्ड पुलिस वाईव्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अगर दिख रहे एनीमिया के लक्षण, तो करा लें टेस्ट

**ऋषिकेश।** एनीमिया आज दुनिया भर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। बच्चों, गर्भवती या मासिक धर्म वाली महिलाओं के साथ सभी उम्र को प्रभावित करती है। इन लक्षणों की शुरुआती पहचान और समय पर निदान की मांग समय की मांग है। पीएंडजी हेल्थ का आयरन सप्लीमेंट ब्रांड, लिवोजेन भारत को आयरन की कमी वाले एनीमिया से मुक्त करने में मदद करने के लिए जागरूकता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लिवोजेन की नई पहल - ना ना एनीमिया बस यात्रा जमीनी स्तर पर आयरन की कमी वाले एनीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

## स्व. बडोनी के विचारों को आगे बढ़ाने की जरूरत: भट्ट

भास्कर समाचार सेवा

**मसूरी।** पर्वतीय गांधी इंद्रमणि बडोनी की 98वें जन्म दिवस पर मालरोड इद्रमणि बडोनी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर मसूरी के करीब 115 से अधिक राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सूचना आयुक्त योगेश भटट ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शहीद स्थल पर पर्वतीय गांधी इंद्रमणि बडोनी विचार स्मृति मंच एवं मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिशन के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट के हाथों मसूरी के करीब 150 राज्य



स्व. बडोनी के जन्म दिवस पर मौजूद अतिथि व आंदोलनकारी।

आंदोलनकारियों को प्रशस्तिपत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने राज्य के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इंद्रमणि बडोनी ने अपना पूरा जीवन राज्य निर्माण के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इंद्रमणि बडोनी के विचारों को आगे बढाना चाहिए। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष पूरण जुयाल, एसडीएम शैलेंद्र नेगी, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल, शूरवीर भंडारी, जगजीत कुकरेजा, नागेंद्र उनियाल, ललित मोहन काला, देवेश्वर जोशी, एसपी चमोली, भगवान सिंह चौहान, भगवती प्रसाद कुकरेती, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल, कुशाल राणा, अनीता सक्सेना, स्मृति हरि, प्रमिला आदि मौजूद रहे।

## हाथों में लग गई मेंहदी, आज बजेगी शहनाई

भास्कर समाचार सेवा

- 51 दुल्हनों का एक साथ होगा कन्यादान

**देहरादून।** निर्धन कन्याओं के लिए वो पल खास बन गया जबकि श्री श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से उनके हाथों में मेंहदी लगवा कर रस्मों के गीत गाए गए। इन मायके वालों ने बेटियों की शादी के लिए सभी तैयारी कर ली है और अब सबको इंतजार है रविवार को होने सामूहिक विवाह समारोह की।

सहारनपुर चौक के समीप स्थित हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज में होने वाले इस भव्य समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री श्री बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि रविवार को भव्य शादी समारोह होगा। इस मौके पर सभी 51 दूल्हे एक साथ घोड़ी पर अपनी अपनी दुल्हन को लेकर पहुंचेंगे। इस आयोजन में मनोज खंडेलवाल, चंद्रेश अरोड़ा, श्रवण वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, प्रियम छेत्री, अशोक नागपाल, ममता गर्ग, रश्मि अरोड़ा, कविता खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

## किडजी रेसकोर्स का वार्षिक उत्सव मनाया

**देहरादून।** किडजी रेसकोर्स ने अपना वार्षिक दिवस शनिवार को आईआरडीटी ऑडिटोरियम में आयोजित किया। आयोजन का विषय नवरस था-मानवीय भावनाओं की यात्रा। गीत और नृत्य के एक सुंदर मिश्रण के माध्यम से, छात्रों ने 9 मानवीय भावनाओं-श्रृंगार, रौद्र, वीर, अद्भुत, भयानक, भक्ति, शांति, हास्य और करुणा की अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सरिता डोभाल, एस.पी. सिटी, देहरादून ने की। इस कार्यक्रम में अतिथि गगन ज्योत मान, (एमडी, डीआईएस, जूनियर विंग), गौरव गर्ग (एमडी, एसआरसीएस), आरजे देवांगना (रेड एफएम 93.5, देहरादून) थे। इस कार्यक्रम में टीम और स्कूल के छात्रों के शानदार प्रयासों का प्रदर्शन किया गया।

**प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड)**
E-mail: gdcchiniyalisaur@yahoo.in दूरभाष- 01371.237153

दिनांक 24.12.2022

**सार्वजानिक नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी के ध्वस्त भवन से प्राप्त लोहा आदि सामाग्री की नीलामी दिनांक 05.01.2023 अपराह्न 12:00 बजे महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ परिसर में खुली बोली से की जानी है। उक्त सामाग्री का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। नीलामी से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को रु० 2000/- (दो हजार) का नगद भुगतान जमानत राशि के रुप में करना होगा।

नीलामी से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्तें नीलामी के समय बता दी जायेगी।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी

## केंद्रीय सचिव ने रेशम फेडरेशन इकाईयों का किया निरीक्षण

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** भारत सरकार सचिव लोकरंजन शनिवार को प्रेम नगर स्थित रेशम फेडरेशन मुख्यालय पहुंचे जहां सचिव सहकारिता एवं पशुपालन डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सचिव लोकरंजन ने सेलाकुई में स्थित धागा करण इकाई रेशम धागा उत्पादन का अवलोकन किया। इस अवसर पर सचिव सहकारिता डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने लोकरंजन को बताया कि उत्तराखंड को-आपरेटिव रेशम फेडरेशन की ओर से ग्रोथ सेंटर में अपनी धागाकरण इकाई में रेशम धागे बनाने के लिये उपयोग में लाए जा रहे रेशम कोया में से अवशेष सिल्क वेस्ट से पहली बार स्पन रेशमी धागा का उत्पादन शुरू



कर दिया है। इस इकाई के शुरू होने से जहां एक और 4 कुशल श्रमिकों को रोजगार प्राप्त होगा वहीं अन्य राज्यों पर निर्भरता समाप्त होगी तथा फेडरेशन को वर्ष में लगभग 8 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। सचिव लोकरंजन ने सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की गई। सचिव लोक रंजन को रेशम फेडरेशन की ओर से निर्मित उत्तरखंड की पारम्परिक टोपी, रेशम की शॉल भेंट की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अजीत चौधरी, आनंद यादव, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## एसओजी ने दबोचा 25 हजार का इनामी भगोड़ा

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** दून की एसओजी ने एक वर्ष से फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपये का ईनामी अपराधी को गिरफ्तार कर करने में कामयाबी हासिल की है। मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त रहने वाला सहारनपुर का यह अपराधी पटेलनगर पुलिस की नाक में दम किए था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर लगातार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ एवं फरार चल रहे इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सख्त है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोबाल और सहायक पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के पर्यवेक्षण में अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई थी। पटेलनगर पुलिस की मदद को एसएसपी ने एसओजी भी लगाई थी। एसओजी ने अपने सूत्रों


पत्रकारों से वार्ता करतीं एसपी सिटी सरिता डोबाल।

के माध्यम से फरार चल रहे मोनू उर्फ रजनीश चौधरी निवासी ग्राम मुंडीखीडी थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश पर शिकंजा कसने के लिए अपना नेटवर्क सक्रिय किया था। मोनू पर पहले से ही 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसओजी टीम ने अपने सूत्रों के माध्यम से जानकारी की कि मोनू देहरादून आ रहा है। इसी आधार पर एसओजी टीम ने पटेलनगर पुलिस की मदद लेकर जाल बिछाया। आरोपी मोनू को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। इसके विरुद्ध थाना पटेलनगर पर मादक पदार्थो की तस्करी के साथ ही बिक्री करने जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

**नाम परिवर्तन**

जगतम्बा देवी पत्नी JC-532653X, सूबेदार विनोद सिंह निवासी गांव-खालसी, उत्तरकाशी (यूके) ने अपना नाम जगदम्बा देवी से बदलकर जगतम्बा देवी कर लिया है, पटियाला हाउस कोर्ट नई दिल्ली के समक्ष हलफनामा द्वारा दिनांक 23/12/2022.

**कार्यालय नगर निगम हरिद्वार।**

पत्रांकः- 2420/सै०सै०/2022-23 दिनांकः- 24/12/2022

नगर निगम हरिद्वार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के दृष्टिगत स्वच्छ होटल, स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ आर०डब्लू०ए०, स्वच्छ एस0एस0जी, स्वच्छ आश्रम/धर्मशाला, स्वच्छ वार्ड एवं स्वच्छ मार्केट एसोशिएशन प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। प्रतियोगिता का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र० सं० | वर्ग | आवेदन की तिथि | आवेदन कैसे करें |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ होटल | 26.12.2022 से 02.01.2023 | नगर निगम हरिद्वार के सैनिटेशन सैल कक्ष में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक |
| 2 | स्वच्छ विद्यालय | | |
| 3 | स्वच्छ अस्पताल | | |
| 4 | स्वच्छ आर०डब्लू०ए० | | |
| 5 | स्वच्छ एस०एस०जी | | |
| 6 | स्वच्छ आश्रम/धर्मशाला | | |
| 7 | स्वच्छ मार्केट एसोशिएशन | | |
| 8 | स्वच्छ वार्ड | | |

नोटः-
01- विजेताओं का चयन नगर निगम हरिद्वार द्वारा गठित चयन समिति के द्वारा किया जायेगा जिसका निर्णय अंतिम माना जायेगा।
02- प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार वितरित किये जायेंगें।
03- अधिक जानकारी के लिये नगर निगम हरिद्वार के सैनिटेशन सेल व नोडल अधिकारी श्री श्रीकान्त से सम्पर्क किया जा सकता है।
संलग्न भारत सरकार व शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत उक्त हेतु जारी मानक/एस०ओ०पी०।

(अमरजीत कौर)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम हरिद्वार

### पिटकुल में कार्मिकों के लिए मैनेजमेंट टीचिंग इन श्रीमद्भागवत गीता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## सकारात्मक रूप से कर्म करने के लिए प्रेरित किया

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड के कार्मिकों के लिए पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन में शनिवार को अरूण सबरवाल के माध्यम से मैनेजमेंट टीचिंग इन श्रीमद्भागवत गीता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी ने प्रशिक्षक सबरवाल का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण में मौजूद सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में पूरे मनोयोग से प्रतिभाग करने के लिए आह्वान किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा श्रीमद् भगवत गीता के माध्यम से कृष्ण भगवान की ओर


प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी।

से दिए गए संदेशों से प्रेरणा लेते हुए कार्मिकों को सदैव सकारात्मक रूप से निष्काम कर्म करने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह भी सन्देश दिया कि भगवत गीता में दी गई शिक्षा आज भी हम सभी के लिए सदैव की तरह प्रासंगिक है तथा हमें अपने व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ कार्यालय के कार्यों में भी उनको आत्मसात करते हुए कार्य करते रहना चाहिए।

इस अवसर पर सबरवाल ने प्रशिक्षण में गीता उपदेशों-श्लोकों के सार को वर्तमान परिपेक्ष में प्रबंधन की कार्यप्रणाली व नीतियों से जोड़ते हुए व्याख्यान दिया। सबरवाल ने अवगत कराया कि किस प्रकार विश्व के वैज्ञानिकों व इंजीनियरों की आरे से गीता के अध्ययनोपरान्त उसका उपयोग एवं क्रियान्वयन वैज्ञानिक शोध एवं खोज में किया जा रहा है। इसके साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सभी कार्मिक सकारात्मक रूप से कारपोरेशन कार्यों में अपना योगदान दें। भगवत गीता में दिए गए उपदेशों के अनुपालन में केवल अपने कर्म पर विश्वास रखें तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए नियमित संतुलित आहार एवं निंद्रा लें। इस अवसर पर निदेशक (परियोजना) नीरज कुमार टम्टा, महाप्रबन्धक (मासं) अशोक कुमार जुयाल, मुख्य अभियन्ता ईला पंत, अधीक्षण अभियन्ता पंकज कुमार, उपमुख्य कार्मिक अधिकारी विवेकानन्द व सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

page-4_page 1 12/24/2022 10:23 PM Page 1



आज ही के दिन 2011 में दक्षिण ध्रुव अमुनसेन-स्कॉट दक्षिण ध्रुव स्टेशन पर -12.3 डिग्री सेल्सियस पर अपना सबसे गर्म तापमान रिकॉर्ड हुआ था।

## सारसुर्खियां

### उक्रांद ने दी स्व.इंद्रमणि बड़ोनी को श्रद्धांजलि

**हरिद्वार** उत्तराखण्ड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी की जयंती पर उक्रांद कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ऋषिकुल स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. इंद्रमणि बड़ोनी को नमन करते हुए यूकेडी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राज्य आंदोलन की अवधारणा को पूर्ण करते हुए जनभावना के अनुरूप उत्तराखण्ड के विकास में सहयोग करने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष आदेश मारवाड़ी ने कहाकि राज्य के युवाओं युवाओं को रोजगार मिले, चिकित्सा व शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो इसके लिए उक्रांद प्रतिबद्ध है। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह बिष्ट, महानगर कार्यकारी अध्यक्ष उदय राम सेमवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, संजय उपाध्याय, तरुण जोशी, रजत शर्मा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री व सट्टे की खाईबाड़ी मे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार झुग्गी झोंपड़ी निकट केएन फिलिंग स्टेशन दूधाधारी चौक के समीप से जॉनी को अंग्रेजी शराब के 22 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा महेंद्र सिंह निवासी गोकुलपुर नवोददीया शाहजहांपुर यूपी हाल निवासी रोड़ी बेलवाला को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए सट्टा पर्चा व नकदी सहित गिरफ्तार किया गया।

### कई धाराओं में केस दर्ज

रुड़की। बहनो से छेडछाड के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली को क्षेत्र निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया था कि सूरज गुर्जर आये दिन बहनों के साथ छेडछाड करता है। 20 नवंबर को भी सूरज घर में घुस आया और बहनो से छेडछाड की थी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक रणजीत खनेडा ने बताया कि सूरज गुर्जर निवासी गली नंबर 20 कृष्णानगर के खिलाफ एससी एसटी ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।


# शिवालिक नगर बाजार से अतिक्रमण हटाने की मांग

- एसडीएम के आदेशों का भी नहीं दिख रहा है कोई असर

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विभास सिन्हा ने क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। विभास सिन्हा ने कहा कि बीते सोमवार एसडीएम पूरण सिंह राणा ने पालिका क्षेत्र का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिए थे। एसडीएम के आदेशों के बावजूद अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। विभास सिन्हा ने कहा कि शिवालिक नगर न्यू कॉंपलेक्स की पार्किंग में कुछ लोगों ने रेहड़ी लगाकर सामान बेचना शुरू कर दिया है। दुकानदार मसाले वाली फास्ट फूड खाना आदि बेचते हैं। फास्ट फूड के साथ लोग गाड़ी में चोरी छिपे शराब भी पीते हैं। गाड़ियां हटाने को लेकर लड़ाई झगड़ा, हो हल्ला और लड़ाई झगड़ा होने से कॉंपलेक्स में आने वाले ग्राहकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉंपलेक्स का माहौल खराब हो रहा है। व्यापार पर भी खराब असर पड़ रहा है। अतिक्रमण पर नगर पालिका की और से भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों ने एसडीएम पूरण सिंह राणा को अवगत कराया था। एसडीएम ने गैस प्लांट चौकी व नगर पालिका के अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। एसडीएम के आदेशों के बावजूद सभी जगह पर अतिक्रमण बरकरार है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द से अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। जिससे व्यापारियों व ग्राहकों को सुविधा मिल सके।

### अवैध निर्माण व कालोनी को किया सील



**हरिद्वार।** उपाध्यक्ष हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण विनय शंकर पांडेय के आदेशों पर हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण की ओर से लगातार कई अवैध सम्पत्तियों को सील करने, अवैध निर्माण को ढहाने तथा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी है। उसी सिलसिले में शनिवार को भी अवैध निर्माण एवं कालोनी को सील करने की कार्रवाई की गई। सचिव हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण उत्तम सिंह चौहान ने बताया कि विजय खंडूजा की ओर से निकट रेलवे स्टेशन ज्वालापुर हरिद्वार में किए गए छः मंजिला अवैध निर्माण के 5 तलो को अधिशासी अभियंता माधवानंद जोशी, अवर अभियंता त्रिपन सिंह पंवार, क्षेत्रिय सुपरवाइजर व स्टाफ की टीम ने सील किया। उपाध्यक्ष एचआरडीए ने कहा है कि भविष्य में जो भी अवैध प्लाटिंग/ निर्माण आदि में लिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उपनल कर्मियों को हटाने का किया विरोध

## विधायक रवि बहादुर ने दिया मांगे पूरी कराने का आश्वासन, सीएमओ से की वार्ता



उपनलकर्मियों का धरना स्थगित करवाते विधायक रवि बहादुर।

- कर्मचारी अपनी बात नियम अनुसार उठाएं

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** जिले के सरकारी अस्पतालों में कोविड कर्मचारियों को उपनल से हटाकर निजी कंपनी में जोड़ने का कर्मचारियों ने विरोध किया। रोशनाबाद स्थित सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना दे रहे कर्मचारियों का धरना विधायक रवि बहादुर ने आश्वासन देकर समाप्त कराया। विधायक ने कर्मचारियों की वार्ता सीएमओ कुमार खगेंद्र सिंह से भी करवाई। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि एक प्रदेश में दो कानून नहीं चलेंगे। कोरोना काल में कर्मचारियों ने दिन रात लोगों की सेवा कर अपना फर्ज निभाया। प्रदेश के अन्य जिलों में कर्मचारियों को उपनल के माध्यम से वेतन दिया जा रहा लेकिन हरिद्वार जिले में कर्मचारियों को एक कंपनी के माध्यम से कम वेतन दिया जा रहा। बीजेपी सरकार युवाओं और कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही। प्रदेश में अलग-अलग जिले में अलग अलग नियम कानून बर्दाश्त नहीं है। विधानसभा सत्र में भी मुद्दे को उठाया गया और आगे भी उठाया जाएगा। विपक्ष कर्मचारियों के साथ है। विपक्ष की ओर से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर सदन में मुद्दा उठाया जाता है। सरकार कान में रुई डालकर बैठी है। बहुत दुभाग्यपूर्ण है कि कर्मचारियों के साथ सरकार धोखा कर रही है। 12 जिलों में अलग नियम और हरिद्वार जिले में अलग नियम। इनकी लड़ाई जारी रहेगी। अभी कर्मचारी काम पर वापस जा रहे हैं। सीएमओ ने कहा कि कर्मचारी कार्य करें और अपनी जो भी बात है उसे नियम के अनुसार उठाए। इस अवसर पर विनीत कुमार, शुभम कुमार, दिलीप कुमार, श्रवण कुमार, मांगेराम, शेखर, अतुल आदि उपस्थित थे।

## अतिक्रमण के नाम पर न हो व्यापारियों का उत्पीड़न

- संजीव चौधरी ने की वन विकास निगम अध्यक्ष से मुलाकात



कैलाश गहतोड़ी से मुलाकात करते व्यापारी नेता संजीव चौधरी।

**हरिद्वार।** प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने दर्जाधारी मंत्री वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी से मिलकर प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए हरिद्वार में बनने वाले कॉरिडोर के संबंध मे व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते व्यापारियों से विचार विमर्श किए जाने की मांग की। वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री दर्जाधारी वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य की उन्नति व विकास के लिए दिन रात तत्पर है और राज्य के हर वर्ग की चिंता समान दृष्टि से करते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड को लेकर काफी गम्भीर है और यहां हो रहे विकास कार्य की खुद देख रेख भी करते है। संजीव चौधरी ने कहा की हरिद्वार मे हर की पैड़ी पर कोरिडोर बनाए जाने से कारोबार बढ़ेगा पर उसमे व्यापारी को साथ ले कर उनके भी विचार लिए जाने चाहिए। हरिद्वार, नैनीताल, देहरादून, ऊधमसिंह नगर सहित कई स्थानो पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है। लेकिन अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। अतिक्रमण के मानक समान होने चाहिए। बिना भेदभाव के समान दृष्टि से अतिक्रमण हटाना चाहिए। आंदोलन के समय व्यापारियों पर हुए मुकदमे वापस होने चाहिए।

## कांग्रेस और जिला बार संघ के बीच होगा फाइनल

**हरिद्वार।** भल्ला कालेज स्टेडियम में आयोजित सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। भाजपा और जिला बार संघ के बीच खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में संघ ने कड़े मुकाबले में भाजपा को 15 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीगंगा सभा ओर कांग्रेस के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में कांग्रेस ने 30 रन से विजयी रही। रविवार को जिला बार संघ और कांग्रेस के बीच प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में जिला बार संघ और भाजपा के बीच खेले गए पहले सेमीफाइनल में टॉस जीत कर बार संघ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट पर 110 रन बनाए। 32 रन बनाने के साथ 3 विकेट लेने वाले जिला बार संघ के सूर्यांश पालीवाली मैन आफ द मैच चुने गए। श्री गंगा सभा और कांग्रेस के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में कांग्रेस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए गए। जिसके जवाब में श्रीगंगा सभा की टीम 143 रन बना सकी। अतिथियों में महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, पंडित अधीर कौशिक, डा.विशाल गर्ग, कमल कड़का, जिला बार संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार, उज्वल पंडित, डा.सिद्धार्थ चक्रपाणि आदि लोग शामिल रहे

# पढ़ाई के साथ खेलों में भी रूचि दिखाएं छात्र: शर्मा

- आप नेता किया प्रतिभा प्रदर्शन करने का आह्वान

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि खेलों से अच्छा स्वास्थ्य मिलने के साथ ही जीवन में अनुशासन भी आता है। उन्होंने युवाओं से खेलों में भी रुझान दिखाने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। नरेश शर्मा ने शनिवार को ऋषि संस्कृत महाविद्यालय की छात्र कल्याण परिषद की ओर से शुरू की गई वालीवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए। इस समय दुनिया भर में खिलाड़ी बेहतर कैरियर बना रहे हैं। सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नरेश शर्मा ने संस्कृत शिक्षा को और ज्यादा प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत पर भी बल दिया। आयोजकों की ओर से मुख्य अतिथि नरेश शर्मा को शॉल ओढ़ाकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशाल राणा, अमित जोशी, नवीन पांडे, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व छात्र कल्याण परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बैंचौ का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया

- क्षेत्र का कोई भी कोना नहीं रहेगा विकास से अछूता: शर्मा

भास्कर समाचार सेवा



बैंचौ का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष राजीव शर्मा।

**हरिद्वार।** शिवालिकनगर नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने सुभाष नगर वार्ड नंबर 9 की मुख्य सड़कों तथा सुभाष नगर के प्रवेश स्थल पर हाई मास्ट लाईट एवं यात्रियों के सुविधार्थ लगाई गई बैंचौ का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने पालिका अध्यक्ष का स्वागत कर आभार प्रकट किया।

लोकार्पण के अवसर पर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जो भी कार्य होने हैं उन्हें शीघ्र पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुभाष नगर क्षेत्र में अनेक सड़कों के कार्य पूरे हो चुके हैं कुछ कार्य गतिमान है और जो शेष कार्य रह गए हैं उन्हें भी जल्द पूरा किया जाएगा। क्षेत्र में कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रहेगा। क्षेत्रवासियों की मांग पर सुभाष नगर के प्रवेश स्थल पर हाई मास्ट लाईट व बैंचें भी लगवा दी गई है इससे स्थानीय निवासियों को रात्रि के समय आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में जहां पर भी सड़क, नाली, पुलिया, पार्कों के सौन्दर्यकरण, तिराहे चौराहों के सौन्दर्य करण व हाई मास्ट लाईट के कार्य होने हैं उन्हें तत्काल पूरा किया जा रहा। इस अवसर पर सभासद अंकुर यादव, राधेश्याम कुशवाह व हरिओम चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री कैलाश भंडारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव रोतेला, विरेंद्र बोरी, त्रिलोक चंद भट्ट, सुभाष चौधरी, युवा महामंत्री अंशुल शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव गुर्जर, वेदांत चौहान, तेजपाल सिंह यादव, अमित सेठ, श्याम ठाकुर, बाबू आदि मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने को किया कार्यक्रम आयोजित

# छात्रों को दी गई सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी

भास्कर समाचार सेवा



कार्यक्रम को संबोधित करते ट्रैफिक इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ।

**पिरान कलियर।** शैफील्ड स्कूल में परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। पिरान कलियर स्थित शैफील्ड स्कूल में संभागीय परिवहन की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एआरटीओ कुलवंत सिंह ने छात्रों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के विषय मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन या किसी भी तरह का वाहन नही दे। उन्हें उपहार में जिंदगी दे क्योंकि आजकल नाबालिग बच्चे ही रोड पर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इन सब को देखते हुए हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी हैं कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सड़क सम्बंधित नियमों का पालन करे और अपने घर परिवार वालो दोस्तो समेत अन्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। ट्रांसपोर्ट टेक्स ऑफिसर अनिल नेगी ने कहा कि छात्र छात्राओं को वाहन लेकर स्कूल नही आना चाहिए। यदि कोई बच्चा बालिग हैं एव उसके पास लाइसेंस हैं तो सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करना चाहिए। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने कहा कि सड़क पर चेकिंग के दौरान अपने सभी दस्तावेज दिखाए न कि वाहनों को इधर-उधर न दौड़ाए।इस अवसर पर स्कूल के डारेक्टर डीके शर्मा और प्रधनाचार्य रुचि रावत ने यातायात संबंधी कानून की दी। उन्होंने कहा कि सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्कूल में एक सड़क सुरक्षा सैल के जरिए वह बच्चों को यातायात जागरूकता अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर एआरटीओ कुलवंत सिंह, अनिल नेगी, अखिलेश कुमार, बुसरा रहमान, शिवानी, नेहा गुसांई, अब्दुल कादिर, मोनिका त्यागी, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

## कम मुआवजा दिये जाने का आरोप

**रुड़की।** किसानों ने देहरादून-दिल्ली नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का कम मुआवजा दिये जाने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि उन्हें पूरा मुआवजा दिया जाना चाहिए। किसानो का कहना है मूलेवाला गांव में सड़क मार्ग के पास उनकी भूमि का सर्किल रेट 35 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर है। सड़क मार्ग से 200 मीटर अंदर 13 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर है लेकिन सरकार अपनी मनमर्जी कर रही है। गांववासियों ने मुआवजा काफी कम देने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल का कहना है कि किसानों को उनकी भूमि अधिग्रहित किए जाने की जानकारी प्रशासन की ओर से पूर्व मे देकर चिन्हित कर दी गयी थी।

## खबर एक नजर

### मंडी सचिव का पदभार ग्रहण करने पर किया स्वागत



**रुड़की।** रुड़की रामपुर तिराहा स्थित रुड़की कृषि मंडी उत्पादन समिति में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुलदीप नौटियाल का मंडी सचिव का पदभार ग्रहण करने पर मंडी व्यापारियों ने रुड़की मंडी सचिव कुलदीप नौटियाल एवं समस्त मंडी कार्यालय पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं फूल मालाएं पहनाकर व मंडी में मिष्ठान बांटकर जोर शोर से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में रुड़की मंडी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक पद पर तैनात सैलकी, मंडी सहायक राजीव, कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद चौहान व मौ शारिक, अनीता, किशन कुमार द्विवेदी, व नरेश सैनी का मंडी व्यापारी मुन्फैत अली, जगदेव सिंह सेखों, मौ फारुख, मौ रेहान, नीरज सैनी, प्रधान चौधरी भंवर सिंह, राजेंद्र सिंह, कंवरपाल, सोनू सैनी, मौ समीर, रहमान अली, इमरान अहमद, इदरीश, इकबाल, मोहम्मद साजिद आदि ने जोर शोर से स्वागत किया।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**रुड़की।** शास्त्री नगर स्थित न्यू सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल क्रिसमस पर्व के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों की ओर से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को स्कूल के प्रबंधक नवीन अरोड़ा एवं प्रधानाचार्य मधु अरोड़ा की ओर से क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं साथ ही कहा कि हम सभी को सभी त्यौहार मिल-जुल कर बनाने चाहिए। साथ ही सभी स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने सैंटा क्लॉस और परी की वेशभूषा में सबका मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों में अंशिका रावत, कृष्णा, भव्य, अनुष्का, अनयसहित अन्य बच्चे एवं स्कूल शिक्षिकाओं में शालू, रूपा, सिमरन, अंजलि, ज्योति, अलका, आकृति, वंशिका, प्रीति, निक्की, प्रिया, अर्पणा, परवेज, आकृति, अंजलि नेगी, आशीष, हिमांशु आदि स्कूल स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### मेडल प्राप्त करने वाले प्रिंस का किया गया स्वागत

**रुड़की।** रुड़की-कलियर मार्ग स्थित सोलानी पार्क के नजदीक शिवालिक वाटर स्पोर्ट्स एडवेंचर क्लब में भोपाल में आयोजित हुई 33 वी जूनियर सब जूनियर नेशनल चौंपियनशिप में एकेडमी के क्याकिंग एंड कैनोइंग में गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले प्रिंस गोस्वामी का कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता व अन्य अतिथियों की ओर से फूल बना बना कर सम्मान स्वागत किया गया। उन्होंने विजेता खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़े गर्व की बात है कि विजेता खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने अपने प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मंजू गोस्वामी, कोच पीयूष शर्मा, कोच रमाशंकर, हेमंत चौधरी दीपक, मुकेश गिरी, अश्वनी गिरी,अंकुर गिरी, विशाल गिरी, जाकिर, विधान गुप्ता, अमित गुप्ता, रेहान, देवांश, अनस, वंश, निशांत, विचित्र गुप्ता, मानसी आदि मौजूद रहे।

### दुकान के शटर उखाड कर की लाखों की चोरी

**रुड़की।** नंदा कॉलोनी में मेडिकल एजेंसी, मेडिकल स्टोर और वेल्डिंग की दुकान के शटर उखाड कर 37 हजार रूपये, एलसीडी, सीसी कैमरों की डीवीआर और अन्य सामान चोरी कर लिया है। पीड़ितों ने घटना की सूचना सिविल लाईन कोतवाली को दी है। जलालपुर निवासी नवाज ने नगला रेलवे फाटक के पास स्थित नंदा कॉलोनी में मेडिकल एजेंसी खोल रखी है, इसके पास ही नगला इमरती निवासी कपिल का मेडिकल स्टोर है। इसी कॉलोनी में टोडा कल्याणपुर निवासी युनूस की वैल्डिंग की दुकान है। शुक्रवार की रात को चोरो ने मेडिकल एजेंसी का शटर उखाड़ कर गल्ले से 15 हजार रूपये, बड़ी एलसीडी, सीसी कैमरों की डीवीआर, चंदे की गोलख चोरी कर ली। दुकान स्वामियों को घटना का पता सुबह होने पर चला है। पास की दुकानो में लगे सीसी कैमरों में चोर घटना को अंजाम देते नजर आ रहे है। पीड़ति दुकानदारों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है।

### ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया

**रुड़की।** दहेज उत्पीडन में विवाहिता ने पति समेत ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उपनिरीक्षक वंदना नेगी ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली को तहरीर देकर मोहनपुरा निवासी महिला ने बताया कि संदीप कुमार से 12 फरवरी 2020 को विवाह हुआ था। आरोप है कि दहेज मिलने के बावजूद ससुराल पक्ष खुश नहीं हुआ। लगातार 10 लाख रुपये की मांग की जाने लगी। आरोप है कि पति आये दिन नशे की हालत में घर पहुंचता और आप्रकृतिक संबंध बनाता था। गत 13 दिसंबर को सुबह के वक्त ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टरर देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पति संदीप कुमार, सास सन्नो देवी, देवर श्याम सुंदर निवासी भूरमंडी, दिलीपगढ़, अंबाला कैंट हरियाणा, बहन हेमा देवी, बहनोई योगेश निवासी कंकरखेडा कासमपुर मेरठ के खिलाफ दहेज उत्पीडन समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### डीएम ने लिया स्वामी कैलाशानंद गिरी से आशीर्वाद

**हरिद्वार।** जिला अधिकारी विनय शंकर पांडेय ने श्री दक्षिण काली मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की और निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। जिला अधिकारी को माता की चुनरी व नारियल भेंटकर आशीर्वाद प्रदान करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय जनता के हितों में सदैव ही सहयोग प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज देश दुनिया में सनातन धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आश्रम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को धर्म के क्रियाकलापों से अवगत कराना आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज की कार्यशैली को दर्शाता है।

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड - 249-199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay
Badshahithaul, Tehri Garhwal-249199

पत्रांकः- 8180/SDSUV/प्रशासन/2022 दिनांकः 23/12/2022

विज्ञापन

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पंण्डित ललित मोहन परिसर ऋषिकेश में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षण कार्य के संचालन हेतु छात्र हित में नितान्त अस्थाई एवं कामचलाऊ व्यवस्था के रूप में अनुबंध के आधार पर मात्र एक शैक्षणिक सत्र के लिये निर्धारित शर्तों के अधीन नियत मानदेय रू0 35,000.00 प्रतिमाह पर 'गैस्ट फैकल्टी' की व्यवस्था संविदा आधार पर रखे जाने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। विषयवार पदों की संख्या तथा अन्य विस्तृत जानकारी श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sdsuv.ac.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 07.01.2023 है। पदों की संख्या घट एवं बढ़ सकती है।

(के०आर० भट्ट)
कुलसचिव

## सारसुर्खियां

### छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी ने मारी बाजी

**चिन्यालीसौड़।** महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ के छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी ने सभी पदों पर बाजी मारी। अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के राजन महंत ने आर्यन ग्रुप के जितेंद्र कुमार को 117 मतों से हराया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर एबीवीपी के युवराज सिंह ने आर्यन ग्रुप के दुर्गेश भट्ट को 89 मतों से हराया। सचिव पद पर एबीवीपी के अभिषेक ने आर्यन ग्रुप की निकिता राणा को 73 मतों से हराया। सहसचिव पद पर एबीवीपी के जतिन ने आर्यन ग्रुप के अजीत सिंह को 106 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर एबीवीपी की चांदनी ने आर्यन ग्रुप की काजल को 80 मतों से हराया।

# जोशीमठ बचाने को सड़क पर उतरे हजारों लोग

- **भूस्खलन से 500 से अधिक मकानों में आ चुकी दरारें**

भास्कर समाचार सेवा

**जोशीमठ।** जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले शनिवार को हजारों की तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतरकर जोशीमठ में हो रहे भू कटाव के संबंध में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार व जल विद्युत परियोजना एनटीपीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि नगर में लगभग पिछले 1 वर्ष से वृहद भूमि कटाव हो रहा है, जो कि निरंतर बढ़ता जा रहा है। भूमि कटाव से नगर का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है। निरंतर बढ़ते जा रहे भूमि कटाव से नगर के प्रति चिंतित लोगों ने इंटर कॉलेज तिराहे से मारवाड़ी चौराहे तक जन आक्रोश रैली निकाली। इस बीच गुस्साए लोग लगभग 1 घंटे तक नेशनल हाईवे पर भी बैठे, जिसके बाद लोगों ने तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में भूमि कटाव का कारण एनटीपीसी की जल विद्युत परियोजना एवं हेलंग मारवाड़ी बाईपास को बताते हुए कहा गया कि जोशीमठ की सुरक्षा की दृष्टि से अति शीघ्र बाईपास के निर्माण कार्य को रोक देना चाहिए। ज्ञापन में जोशीमठ की सुरक्षा करने के लिए उपाय करने को कहा गया है।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र पंवार ने कहा कि अभी तक नगर के लगभग 500 से अधिक मकानों में दरारें आ चुकी हैं, परंतु अभी तक शासन स्तर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यदि सरकार का रवैया ऐसा ही निराशाजनक रहा तो आने वाले समय में आंदोलन को उग्र किया जाएगा एवं न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जा सकता है। इस जन आंदोलन में पहुंचे बद्रीनाथ विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने इस आंदोलन को जोशीमठ की जनता का आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि वे इस पूरे आंदोलन में जोशीमठ के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को इस पौराणिक नगर की चिंता नहीं है।

सरकार जबरजस्ती बाइपास व जल विद्युत परियोजना को लोगों पर जोशीमठ का विनाश करने के लिए थोप रही है। इस आंदोलन के दौरान भूमि कटाव से प्रभावित लोगों ने नम आंखों से सरकार से गुहार लगाई कि सरकार इस पौराणिक नगर जोशीमठ को बचाने के लिए उचित उपाय करें। इस दौरान अतुल सती, कमल रतूड़ी, शैलेंद्र पवार, स्वामी रामानंद सरस्वती, अमित सती, नैन सिंह भंडारी, जय प्रकाश भट्ट, ओमप्रकाश डोभाल, आरती उनियाल, शांता भट्ट आदि मौजूद रहे।



जोशीमठ में हो रहे भूस्खलन को लेकर प्रदर्शन करते लोग।



### पांडव मंडाण के साथ 9 दिवसीय थाती माता पूजन संपन्न

**पुरोला।** प्रखंड के कमल सिराईं पट्टी के सुनाली गांव में 9 दिवसीय थात माता विशेष पूजा व अर्चना का पांडव का रघुनाथ महाराज देव डोलियों के सानिध्य में गांव की चारों दिशाओं में सतनजा रक्षा सूत्र बंधन के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। रवांई क्षेत्र के गांव-गांव में थात माता की यह विशेष पूजा अर्चना हर पांच वर्षों में एक बार गांव की सुख-शांति, समृद्धि के लिए 9 दिनों तक की जाती है। पूजा अर्चना एवं संस्कृतिक परंपरा पांडव कालीन आस्था की झलक देखने को मिलती है। 9 दिनों तक गांव के मध्य थात मांता के प्राचीन काल से बने हवन कुंड में केदार पात्री,सुगंधित जडियों व देवदार लकड़ी से दोनों समय हवन पूजा की जाती हैं। अंतिम दिवस पर खेतों की मिट्टी,पारंपरिक कृषि यंत्रों व औजारों की पूजा की जाती है। थाती माता पूजन कार्यक्रम में सोवेंद्र राणा, प्रधान विरेंद्र सिंह, रामचंद्र उनियाल, कमलेश्वर नौटियाल, राजेंद्र सेमवाल व रोहित भंडारी आदि मौजूद थे।

# धर्मांतरण मामले में बाजार बंद कर किया जोरदार प्रदर्शन

**व्यापारियों सहित हिंदू संगठनों व क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश, कड़ी कार्रवाई की मांग**

- **एनजीओ संचालक ने भी लगाया मारपीट का आरोप**

भास्कर समाचार सेवा

**पुरोला।** प्रखंड पुरोला के छिबाला गांव में एक एनजीओ की आड़ में चल रहे धर्मांतरण मामलें में क्षेत्र के हिंदू संगठनों तथा व्यापारियों में भारी आक्रोश है। शनिवार को सेवा भारती, विश्व हिंदू परिषद,भाजपा, एबीवीपी एवं स्थानीय लोगों, व्यापारियों ने मुख्य बाजार में आक्रोश रैली निकालकर पुलिस व स्थानीय प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनें की मांग की।

शनिवार को आक्रोशित व्यापारियों समेत हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मोरी-पुरोला रोड पर एकत्रित हुए तथा शुक्रवार की घटना के विरोध में कुमोला रोड, बस स्टैंड तहसील रोड तक जुलूस निकाला और धर्मांतरण के विरोध में जमकर नारेबाजी कर उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपकर कथित एनजीओ प्रबंधकों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पुरोला तहसील मुख्यालय से तीन किमी दूरी पर स्थित छिबाला ग्राम पंचायत अंतर्गत तहत एक नेपाली मूल के व्यक्ति पर एनजीओ कार्यालय के नाम पर निर्माणाधीन भवन में धर्मांतरण करनें का मामला उजागर हुआ था, जिस पर हिंदू संगठनों एबीवीपी, भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, सेवा भारती संगठन व व्यापार मंडल के लोगों ने एनजीओ कार्यालय पर नारेबाजी व विरोध जताया व देर सांय आरोपियों को मुख्य बाजार पुलिस चौकी लाकर पुलिस के सुपुर्द कर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की मांग की।बाद में पुलिस भी मामले के आरोपियों को थाने ले जाकर रातभर पूछताछ में जुटी रही।

ज्ञापन देने वालों में बलदेव रावत, पवन नौटियाल, उपेंद्र सिंह असवाल, राजपाल पंवार, शीशपाल रावत आदि मौजूद थे। वहीं थानाध्यक्ष कोमल सिंह रावत ने बताया कि हिंदू संगठनों की तहरीर पर जगदीश ठाकुर समेत 6 लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी से जांच व पूछताछ जारी है। वही आरोपित पक्ष की ओर से भी तहरीर दी गई है, जिसमें मारपीट के आरोप हैं।


धर्मांतरण के मामले को लेकर प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के लोग एवं व्यापारी।

### क्रिसमस डे मनाया, गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत को किया नमन

**विकासनगर।** लक्ष्मणपुर स्थित श्रद्धा प्रिपरेटरी बाल संस्कार स्कूल में क्रिसमस डे और श्रीगुरू गोविंद सिंह के शहीद हुए पुत्रों की शहादत को याद किया गया। श्रद्धा प्रिप्रेटरी बाल संस्कार स्कूल में क्रिसमस ट्री सजाकर प्रभु मसीह की फोटो के समक्ष मोमबत्ती जलाकर क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की गई। स्कूल की प्रिंसिपल एमएस शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
इस मौके पर बच्चों ने अनेको तरह की झांकियां निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। छोटे बच्चों ने प्रस्तुत तेरी है जमीं, अराधना करूं, तू बड़ा मेहरबान आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा बनाई झांकियों को सभी ने बहुत पसंद किया। सेंटाक्लाज बने नैतिक, अंशुमन, निकुंज, चिराग, यश, रियांश आर्य और परी बनी विधि, वसुंधरा, काशवी और जौनसारी वेशभूषा में रागिनी रावत, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी बनी हिमांशी, रानी लक्ष्मीबाई बनी मनश्वी पांडे, भारत माता बनी आरोही पाल और सुभाषचन्द बोस बने अनुभव, श्रीगुरू पुत्र बने आरव तौमर और अक्षित आदि बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। प्रिंसीपल एमएस शर्मा ने शांति का संदेश दिया। इस मौके पर मंच संचालन गितिका शर्मा ने किया।

# अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई का कब्जा

- **शेष पदों पर एबीवीपी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित**

भास्कर समाचार सेवा

**थत्यूड़।** टिहरी जनपद के विकासखंड जौनपुर के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में शनिवार को छात्रसंघ निर्वाचन के अंतर्गत छात्रसंघ के निर्विरोध चुने जाने के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महाविद्यालय के सभागार मे किया गया। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई बाकी पद एबीवीपी के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। आयोजित समारोह में प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार और छात्रसंघ प्रभारी डॉ. राजेश सिंह ने छात्रसंघ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष पद के लिए आशीष रावत, उपाध्यक्ष मनीषा, सचिव आरती, सह सचिव कौशल सिंह रावत, कोषांअध्यक्ष राहुल सजवाण, विश्वविधालय प्रतिनिधि के लिए सूरज सिंह रावत को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद महाविद्यालय से मुख्य बाजार थत्युड़ होते हुए शिव मार्केट तक सभी नवनिर्वाचित प्रत्याशियों ने विजय जुलूस निकाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने सभी पदाधिकारियों को मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाकर महाविद्यालय के विकास मे योगदान देने की अपेक्षा की। कार्यक्रम मे पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुनील रावत, अमित रावत, दिनेश रावत, आदित्य कोहली, अनिल बधानी संजय, सुभाष कोहली आदि उपस्थित रहे।


सड़कों पर जुलूस निकालते विजयी प्रत्याशी।

### किरनदीप अंजवाल बने निर्विरोध अध्यक्ष



**टिहरी।** शनिवार को पोखरी महाविद्यालय मे छात्र संघ समिति द्वारा अध्यक्ष पद हेतु मात्र एक प्रत्याशी छात्र के दस्तावेजों की जांच के बाद उसे सही पाया गया। इसके बाद महाविद्यालय में निर्विरोध रूप से किरनदीप अंजवाल बीए तृतीय वर्ष को अध्यक्ष पद हेतु चुना गया है। शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को महाविद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव 2022-23 हेतु अन्य पदों पर किसी छात्र-छात्रा द्वारा कोई नामांकन नहीं किया गया था, जिसके फलस्वरूप समस्त पद रिक्त रह गए हैं। उक्त रिक्त पदों की वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु इसकी सूचना कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल को प्रेषित की जा चुकी है। इस अवसर पर छात्र संघ समिति के संयोजक डॉ. राम भरोसे व अन्य सदस्य डॉ. सरिता देवी तथा डॉ. मुकेश सेमवाल ने छात्र संघ के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। किरनदीप अंजवाल ने कहा कि वह छात्र संघ अध्यक्ष होने के सभी दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

# बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने की मॉकड्रिल

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए समस्त चिकित्सालयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों में मॉकड्रिल का आयोजन भी किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि जनपद में कोविड टीकाकरण हेतु प्रथम डोज व द्वितीय डोज का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। जनपद में वैक्सीन की कमी को देखते हुए 1500 कोविड बूस्टर डोज की राज्य स्तर पर मांग की गई है, जो कि जनपद को जल्द ही उपलब्ध हो जाएंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जनपद में कोविड का कोई भी मरीज नहीं है, लेकिन फैलते संक्रमण के दृष्टिगत सभी चिकित्सालयों को निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें सभी चिकित्सालयों को टेस्टिंग बढ़ाने, बुखार से संबंधित आने वाले मरीजों का आवश्यक रूप से कोविड टेस्ट कराने, चिकित्सालयों में ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर को क्रियाशील स्थिति में रखने आदि के संबंध में निर्देशित किया गया है, जिसकी जिला स्तर से निगरानी की जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की है कि कोविड के प्रसार को रोकने के लिए मास्क अवश्य पहनें तथा अपना कोविड टीकाकरण पूर्ण करें।



# हॉटमिक्स प्लांट पर उठ रहे सवाल

- **संचालन में मानकों की अनदेखी का आरोप**

भास्कर समाचार सेवा

**थराली।** राष्ट्रीय राजमार्ग ग्वालदम-कर्णप्रयाग पर मींगगधेरे के पास संचालित हो रहे हॉट मिक्स प्लांट को लेकर तमाम तरह के सवाल उठाए जाने के साथ ही उस पर कार्यवाही किए जाने की मांग उठने लगी है। संचालक द्वारा मानकों से इतर इस मिक्स प्लांट के लिए प्रशासन के द्वारा मात्र एक नाली भूमि दी गई हैं। जबकि संचालन काफी बड़े क्षेत्र में तों किया ही जा रहा हैं, साथ ही नियमों को ताक पर रखकर संचलक के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के एक बड़े हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर रेत, गिट्टी का भंडारण किया गया है, जिससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी ने तहसीलदार थराली को ज्ञापन देते हुए अवैध रूप से चल रहे इस हॉट मिक्स प्लांट की जांच कर इसे बंद करने की मांग की है। ग्वालदम-कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग के हॉट मिक्स के लिए बीआरओ के अनुरोध पर प्रशासन ने मींगगधरे के पास एक हॉट मिक्स प्लांट लगाने की स्वीकृति दी थी। इसके लिए प्लांट के लिए बकायदा एक नाली भूमि भी प्रशासन के द्वारा मुहैया करवाई गई थी, किंतु संचालक द्वारा नियम कानूनों को दरकिनार कर इस प्लांट का संचालन करने का लंबे समय से आरोप लगता रहा। आरोप है कि हॉट मिक्स प्लांट से निकलने वाला गहरा काला धुआं जहां स्थानीय प्लांट के आसपास के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है, वहीं घने जंगलों के बीच चल रहे प्लांट का विपरीत प्रभाव पेड़ पौधों पर पड़ रहा है। प्लांट से लगें कई पेड़ सूख भी चुके हैं। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी ने तहसीलदार प्रदीप नेगी को एक ज्ञापन सौंपा हैं। तहसीलदार ने शिकायती पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले में नायब तहसीलदार नारायणबगड़ को प्लांट से संबंधित आवश्यक जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।


ग्वालदम-कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहा हॉटमिक्स प्लांट।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## सिचाई खण्ड, नई टिहरी

प्रत्रांकः-1671/सि.ख.न.टि./निविदा/2022-23 दिनांकः- 29/12/2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 07 / अधि / 2022-23**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड नई टिहरी द्वारा निम्नांकित कार्य के निर्माण हेतु ई-निविदा के माध्यम से ऑन-लाईन सिंगल-बिड सिस्टम में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं जीएसटी (रू.) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सिविल कार्यों की वांक्षित श्रेण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | 6 |
| A | जनपद टिहरी गढ़वाल में भिलंगना विकास खण्ड के अंतर्गत बुढाकेदार व विनयखाल की 20 नहरों के पुनरोद्वार की याजना। | | | | | |
| 1 | (जॉब सं.-1) तिरसियाहा नहर का पुनरोद्वारा का कार्य। (रीच 0.00 कि.मी. से 3.600 कि.मी.) | 0.60 | 3000+18 %GST | 90 दिवस | 06 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चत्तर श्रेणी में पंजीकृत। |
| 2 | (जॉब सं.-2) आराकोटी नहर का पुनरोद्वारा का कार्य। (रीच 0.00 कि.मी. से 2.600 कि.मी.) | 0.66 | 3000+18 %GST | 90 दिवस | 06 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चत्तर श्रेणी में पंजीकृत। |
| 3 | (जॉब सं.-3) निवालागांव दांयी नहर का पुनरोद्वारा का कार्य। (रीच 0.00 कि.मी. से 7.600 कि.मी.) | 0.62 | 3000+18 %GST | 90 दिवस | 06 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चत्तर श्रेणी में पंजीकृत। |

**प्री-बिड मीटिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आंतत्रण की तिथि | 24/12/2022 | |
| 2 | ऑनलाईन प्रसारण की तिथि | 27/12/2022 | सांय 05:00 बजे। |
| 3 | प्रपत्र डाउनलोड प्रारंभ तिथि | 27/12/2022 | सांय 05:00 बजे से। |
| 4 | प्री-बिड मीटिंग | 31/12/2022 | प्रातः 11:00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, नई टिहरी में |
| 5 | बिट जमा करने की प्रारम्भ तिथि (ऑनलाईन) | 01/01/2023 | प्रातः 11.00 बजे से। |
| 6 | बिट जमा करने की अन्तिम तिथि (ऑनलाईन) | 16/01/2023 | सांय 5.00 बजे तक। |
| 7 | बिड की जमानत धनराशि, विडिंग अभिलेखों का मूल्य एवं वांछित एफिडेविट एवं अन्य दस्ता भौतिक रूप से जमा करने की तिथि एवं कार्यालय | 19/01/2023 | सांय 2:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, नई टिहरी में |
| 8 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 21/01/2023 (सांय 03:00 बजे) | |

कृपया अन्य जानकारी के लिए www.uktenders.gov.in पर लागऑन करें।
निविदा में यदि भविष्य में आवश्यक होगा तो, शुद्धिकरण/निरस्तीकरण की सूचना ऑनलाईनध/नोटिस बोर्ड में प्रसारित की जायेगी।

**अधिशासी अभियंता**
**सिचाई खण्ड नई टिहरी**


**पवतीय गांधी की जयंती पर स्व. बडोनी समेत राज्य आंदोलनकारियों के इतिहास को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग**

# समृद्ध उत्तराखंड की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत

भास्कर समाचार सेवा

**टिहरी।** राज्य आंदोलन के प्रणेता, उत्तराखंड के गांधी स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती के अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहीद स्मारक नई टिहरी में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राज्य आंदोलनकारी विक्रम बिष्ट ने कहा कि आज का दिन सांस्कृतिक दिवस के रूप में प्रदेश भर के विद्यालयों में तथा राज्य स्तर पर मनाया जाना चाहिए। स्कूलों में भाषण, डिबेट एवं अन्य माध्यमों से स्व. बडोनी के व्यक्तित्व तथा योगदान एवं राज्य आंदोलन के इतिहास के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। वीरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राज्य आंदोलन की अवधारणा के अनुरूप हमारे गांव सरसब्ज रहने चाहिएं, जिसके लिए हम लोगों को अपने गांव की जमीनों को उपयोग में लाना चाहिए और एक समृद्ध उत्तराखंड की ओर कदम बढ़ाना चाहिए।

मंच के प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने शहीद स्थल को राज्य आंदोलनकारियों के स्मारक के रूप में स्थापित कर उसको भव्य रूप से विकसित करने का सुझाव दिया। गोष्ठी का संचालन कर रहे आंदोलनकारी मंच के उपाध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने कहा कि जिस प्रकार नई शिक्षा नीति के अनुरूप क्षेत्रीय भाषाओं एवं क्षेत्रीय इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल करने की बात हो रही है, उसके अंतर्गत उत्तराखंड सरकार को चाहिए कि राज्य आंदोलन एवं स्व. बडोनी समेत राज्य आंदोलन के प्रमुख क्रांतिकारियों के इतिहास भी राज्य की पाठ्य पुस्तकों में शामिल करें। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी के जिला अध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट, उपाध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, महासचिव किशन सिंह रावत, प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट आदि उपस्थित रहे।


पर्वतीय गांधी स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते राज्य आंदोलनकारी।

आज ही के दिन 2010 में पिछले 128 वर्षों में पहली बार अमेरिका के अटलांटा, जॉर्जिया शहर में बर्फबारी हुई।

# खनन माफिया ने एसडीएम पर किया जानलेवा हमला

भास्कर समाचार सेवा

- कार चढ़ाकर कुचलने की कोशिश, बाल-बाल बचे

**काशीपुर।** खनन माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि माफियाओं ने उपजिलाधिकारी के ऊपर कार चढ़ाकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एसडीएम बाल-बाल बचे हैं। उपजिलाधिकारी के चालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

उपजिलाधिकारी के चालक दीपक कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 दिसंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे जैतपुर कुंडेश्वरी रोड पर स्कूल के पास खनन की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान कुछ लोग उपजिलाधिकारी की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। खनन के कुछ वाहन दिखाई देने के दौरान उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह गाड़ी से उतरने लगे तो ठीक उसी समय एक क्रेटा कार ने एसडीएम की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर में उपजिलाधिकारी बाल-बाल बच गए। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।

# पुरुषार्थ के बल पर दूसरों को प्रेरणा दे रहे तारा दत्त खर्कवाल

भास्कर समाचार सेवा

- पूर्व फौजियों को प्रोत्साहित किया जाए तो बदल सकती है गांव की तस्वीर

**लोहाघाट।** समूचा उत्तराखंड ही सैनिक बहुल क्षेत्र है, जहां प्रतिवर्ष फौजी अपनी योग्यता अनुसार 15 वर्ष की सेवा के बाद रिटायर होकर अपने घरों को आते रहे हैं। फौज में रहते हुए एक फौजी को विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का अच्छा अनुभव होता है। सेवा के दौरान उन्हें विभिन्न क्षेत्रों को देखने का भी अवसर मिलता है। जब ये फौजी रिटायर होने के बाद घर आते हैं तो इनके पास अनुभव व सामर्थ्य का तो खजाना होता ही है। साथ ही वह आर्थिक दृष्टि से भी काफी मजबूत होते हैं। उनमें कुछ नया करने का अभूतपूर्व जज्बा भी होता है, लेकिन इनका एक दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि समाज की इस ऊर्जाशील ईकाई का दोहन करने के लिए सरकारी तौर पर ढिंढोरा तो पीटा गया, लेकिन वास्तव में धरातल पर कोई प्रयास ही नहीं किए गए। फौजी के घर आने पर वह अपने लिए नया मकान बनाकर सारी जमा पूंजी खर्च कर देते हैं, जबकि इस पूंजी से वह अपने तकनीकी हुनर के मुताबिक रोजगार करते तो ऐसे कई मकान तो लगा ही सकते थे, स्वयं को रोजगार से जोड़कर सम्मानजनक ढंग से जीवनयापन भी करते। लोहाघाट से लगभग 6 किलोमीटर दूर सुई खैसकांडे के तारा दत्त खर्कवाल ने वर्ष 1992 में कैटेगरी से फौज से घर आने के बाद बगैर समय गंवाए अपने शेष जीवन को खेत के साथ बिताने का निर्णय लेते हुए बेमौसमी सब्जियों, फल उत्पादन एवं दुग्ध उत्पादन को आधुनिक कृषि तकनीक से अपनाने का निर्णय लिया। अपनी बंजर भूमि को आबाद कर उसमें पॉलीहाउस लगाकर बेमौसमी सब्जियों का उत्पादन शुरू कर दिया। इस कार्य में जलागम के उप परियोजना निदेशक नवीन बर्फाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा काफी प्रोत्साहित किया गया। बाद में सब्जी वैज्ञानिक एके सिंह ने तो उन्हें इतना प्रोत्साहित किया कि यह 10 किलो वजनी फूल गोभी पैदा करने लगे। भरी गर्मियों में इतनी भारी फूलगोभी को देखकर लोग चौंक गए।


पॉलीहाउस में टमाटर की फसल के साथ खर्कवाल।

## गांव के लिए बने नजीर

खर्कवाल को देखकर गांव के अन्य फौजी रमेश खर्कवाल व अन्य लोग भी इस व्यवसाय को अपनाने लगे। आज सभी लोग खेती के क्षेत्र में आगे बढ़ते जा रहे हैं। मौसम चक्र में आए बदलाव के बाद खर्कवाल ने सेव की जीरोमाइल, रेड ब्लॉक्स, किंग रौड़, सुपर चीप, गाला एवं जिंजर गोल्ड आदि प्रजातियों के सेब लगाने शुरू किए। खर्कवाल ने अपने को प्रगतिशील किसान के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी मेहनत को देखते हुए इन्हें पहले ब्लॉक से दस हजार रुपये तथा बाद में जिले से पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार के साथ उत्कृष्ट किसान होने का प्रमाण पत्र मिला। इसके बाद इनके यहाँ पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं ज़िला अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों का आना शुरू हो गया। खर्कवाल द्वारा 12 वर्ष तक अपने यहां फार्म स्कूल संचालित कर किसानों को विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण भी दिया गया। उनका मानना है कि जब हम चंपावत को मॉडल जिला बनाने जा रहे हैं, ऐसी स्थिति में यदि सरकार पूर्व फौजियों व शिक्षित बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाती है तो इससे बड़ा रोजगार और सम्मान कहां मिलेगा?

## सारसुर्खियां

### मदर इंडिया के एथलीटों ने जीते चार स्वर्ण

**बाजपुर।** अंतर विद्यालय स्तरीय क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन श्री दशमेश स्कूल बाजपुर में किया गया, जिसमें मदर इंडिया पब्लिक स्कूल की वर्ग दो में जिया प्रथम, वर्ग चार में प्रीत कौर, एवं मो. अनस प्रथम, वर्ग पांच में जसकिरन कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मदर इंडिया पब्लिक स्कूल ने कुल 4 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीते। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार विज, रश्मि विज, गौरव विज प्रधानाचार्य महेश चंद्र उनियाल आदि ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### पर्वतीय गांधी को जयंती पर किया नमन

**सुल्तानपुर पट्टी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंद्रमणि बडोनी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या रश्मि पांडे ने मां सरस्वती एवं बडोनी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने स्व. बडोनी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति में निबंध प्रतियोगिता, भाषण, चित्रकला व उत्तराखंड के स्थानीय व्यंजनों को प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

# नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म का आरोपी सौतेला पिता व मां गिरफ्तार

## सितंबर माह में रुद्रपुर की सखी वन स्टॉप सेंटर की एडमिनिस्ट्रेटर ने दर्ज कराया था मुकदमा

- शिकायत पर मां ने भी दिया पति का साथ

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** सौतेले पिता द्वारा नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व पत्नी द्वारा भी अपने पति का साथ देने के मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

बता दें 1 सितंबर को रुद्रपुर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर की एडमिनिस्ट्रेटर कविता बुडोला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि संजय पुत्र स्व. छोटे लाल ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग सौतेली पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुत्री द्वारा इसकी शिकायत अपनी मां से की तो उसने भी मामले में अपने पति का साथ दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता व मां के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था तथा पीड़िता के बयान लेकर न्यायालय में दर्ज कराए थे। बयान में पीड़िता ने अपने पिता संजय द्वारा उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने तथा शिकायत करने पर मारपीट करने व अपनी मां को बताने पर उसने भी अपने पति का समर्थन करने की बात कही थी।

मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी संजय व उसकी पत्नी लक्ष्मी गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली के करोलबाग मे जाकर छिपकर रहने लगे थे। शनिवार को सीओ वंदना वर्मा ने एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस टीमें तब से ही दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी थीं। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को अंबेडकर बस्ती थाना क्षेत्र दीनबंधु गुप्ता पुलिस स्टेशन रोड नई दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी सौतेला पिता व मां।

### चोरों ने लाखों के आभूषणों पर किया हाथ साफ

**काशीपुर।** घर को बंद कर अपने बच्चों के साथ अपनी मां के घर गई बेटी के घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने लाखों के आभूषणों समेत नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला अल्लीखां निकट आशियाना बिल्डिंग निवासी शमा परवीन पत्नी स्व. मोहम्मद इरफान अपने बच्चों के साथ शुक्रवार को पड़ोस में ही मोती मस्जिद के पास निवासी अपनी मां के घर गई थी। शनिवार की सुबह उसका पुत्र घर पर कपड़े बदलने आया तो उसने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। उसने इसकी सूचना तुरंत अपनी मां को दी। बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते में घर में घुसे थे तथा पड़ोसी जावेद पुत्र रईस का मोबाइल भी चोरी कर ले गए।

### 20 हजार का ईनामी दबोचा

**खटीमा।** पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में वांछित चल रहे 20 हजार के इनामी आरोपी को यूपी के कांबोजनगर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एसएसपी के आदेश पर इनामी वांछितों की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के ग्राम कांबोजनगर निवासी अंकुश उर्फ अंकली को कम्बोजनगर से गिरफ्तार किया। शनिवार को सीओ कार्यालय में सीओ वीर सिंह ने बताया कि 12 मई को गुरुद्वारा नानकमत्ता के पास बाइक चोरी हो गई थी, जिसमें गुरमुख को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उसका साथी अंकुश उर्फ अंकली विगत सात महीने से लगातार फरार चल रहा था। उसके ऊपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 20 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ थाना हजारा(पीलीभीत) में दो आर्म्स एक्ट एवं एक चोरी तथा नानकमत्ता थाने में एक चोरी का मुकदमा दर्ज है।




### चाकू समेत एक धरा

**काशीपुर।** आईटीआई थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कुण्डेश्वरी तिराहे के पास से ग्राम बांसखेड़ा निवासी रमेश पुत्र रामलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद कर आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान कर न्यायालय में पेश किया।

## खबर एक नजर

### चकरपुर अंडरपास से कराई जाए जल निकासी



**बाजपुर।** पिछले दो माह से भी अधिक समय से जलमग्न चकरपुर अंडरपास से जल निकासी कराये जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने नामित सभासद विमल शर्मा व चकरपुर अंडरपास निर्माण आंदोलन के मुखिया हेम कांडपाल की अगुवाई में तहसीलदार को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में कानूनगो सुनीति पाल को सौंपा। दो माह पूर्व आई बाढ़ के दौरान चकरपुर अंडरपास जलमग्न हो गया था। तब से चकरपुर अंडरपास जलमग्न है और प्रशासनिक स्तर से पानी निकासी हेतु कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कई बार ग्रामीणों द्वारा पानी की निकासी करवाये जाने हेतु अनुरोध किया जा चुका है। रेलवे क्रासिंग बंद होने पर चकरपुर अंडरपास बाईपास का कार्य करता है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता गुरप्रीत सिंह सरपंच, देवेश प्रताप सिंह, विनीत देवल, इदरीश अहमद आदि थे।

### दिशा पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस डे



**किच्छा।** दिशा पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों से सेंटा क्लॉज बनकर उपस्थित बच्चों को चॉकलेट सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। विद्यालय प्रबंधक अंजिता ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा अनेक प्रकार के क्रिसमस के मौके पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। बच्चों ने प्रभु यीशु की जन्म से लेकर उनके जीवन पर शांति के संदेश को लेकर कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इस मौके पर विद्यालय शिक्षिका अर्चना सिंह, ज्योति अरोड़ा ,ज्योति शर्मा, कुसुम सक्सेना, शालिनी श्रीवास्तव ,सरिता, प्रियंका मिश्रा रमन, मुस्कान, बुशरा मौजूद थे।

### शुक्ला ने पर्यटन क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए मांगा बजट

**किच्छा।** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात कर आदित्य चौक के निकट पार्क में सेना का निष्प्रयोज्य टैंक अथवा फाइटर प्लेन उपलब्ध कराने एवं पर्यटक स्थल के रूप में प्रस्तावित पंडित गोविंद बल्लभ पंत पार्क को भारत सरकार के पर्यटन विभाग से बजट दिलाने का मांग पत्र सौंपा। शुक्ला ने बताया कि किच्छा से रुद्रपुर को जाने वाले मार्ग के किनारे तिराहे पर पार्क में सेना का निष्प्रयोज्य टैंक अथवा फाइटर प्लेन स्थापित करने हेतु जिला योजना से पा्र्क का सौंदर्यीकरण एवं उक्त टैंक को स्थापित करने हेतु चबूतरा बना दिया गया है। उक्त स्थान पर प्राथमिकता पर रक्षा मंत्रालय से निष्प्रयोज्य टैंक अथवा विमान स्थापित कराने साथ ही उत्तराखंड के प्रवेश द्वार पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 100 फीट ऊंची प्रतिमा लगाने एवं 16 एकड़ भूमि में एक विशाल पार्क के निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की। अजय भट्ट ने शुक्ला के दोनों प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया।

### नालंदा में आयोजित किया गया क्रिमसस का कार्यक्रम




**किच्छा।** नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शनिवार को विद्यालय के चेयरमैन डॉ. वाईडी भट्ट एवं प्रधानाचार्य एके सिन्हा ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया। प्रार्थना गीत के साथ छात्रों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान कार्यक्रम में चरवाहे नाचे झूम झूम व साइकिल पर आए सेंटा क्लाज ने बच्चों को टॉफी और चॉकलेट बांटी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फैशन शो रहा। प्रधानाचार्य एके सिन्हा ने कहा कि क्रिसमस प्यार, शांति और मोहब्बत का पर्व है। इस त्योहार को सभी लोगों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। इस अवसर पर रामपाल कश्यप, गीता उपाध्याय, आरएस बिष्ट, हंसराज उपाध्याय आदि थे।

# मंडलायुक्त ने जनता दरबार में मौके पर ही किया समाधान

- सड़क, प्रधानमंत्री आवास आदि की समस्याएं रखीं मुख्य

भास्कर समाचार सेवा

**हल्द्वानी।** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में फरियादियों द्वारा मुख्यतः भूमि अतिक्रमण के साथ ही पेयजल, सड़क, भूकटाव, प्रधानमंत्री आवास आदि की समस्या से संबंधित सैकड़ों शिकायतें दर्ज हुईं। जनता दरबार में अधिकांश मामले भूमि फर्जीवाड़े व अतिक्रमण से संबंधित आए, जिसका मंडल आयुक्त ने शिकायतकर्ता एवं संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ता कर मौके पर ही समाधान किया। जनता दरबार में काफी संख्या में भूमि के फर्जीवाड़े की समस्या आने पर उन्होंने आमजनता से अपील की कि भूमि क्रय करने से पहले भूमि की जांच तहसील स्तर पर एवं राजस्व विभाग से अवश्य कर लें, तभी भूमि क्रय करें।

विगत जनता दरबार में गोविंदपुर गढ़वाल हल्द्वानी निवासी जवान महिपाल सिंह रौतेला पुत्र नारायण सिंह रौतेला जमीन क्रय की थी। उनकी क्रय की गई जमीन पर कुलवंत सिंह द्वारा कब्जा कर लिया गया था। आयुक्त ने तहसीलदार हल्द्वानी को जांच कर कब्जा दिलाने के आदेश दिए थे। शनिवार को जनता दरबार में पटवारी ने बताया कि सेना के जवान को उक्त भूमि पर कब्जा दिला दिया गया है। उस पर ब्राउंड्रीवॉल करा दी है। महिपाल सिंह रौतेला पुत्र नारायण सिंह रौतेला ने जमीन का कब्जा मिलने पर आयुक्त का आभार व्यक्त किया।

निलंबित उपाध्यक्ष जिला पंचायत उधमसिंहनगर त्रिनाथ विश्वास निवासी खटौला गदरपुर वर्ष 2019 में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत गए थे। एक वर्ष के पश्चात शिकायतकर्ता ने शिकायत की कि उपाध्यक्ष त्रिनाथ ने जो हाईस्कूल के प्रमाण प्रस्तुत किए, वे फर्जी हैं। इस पर जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर द्वारा जांच की गई तो हाईस्कूल की अंकतालिका फर्जी पाई गई। आयुक्त के जनता दरबार में डीपीआरओ ऊधमसिंहनगर एवं उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास के साथ वार्ता की। आयुक्त ने कहा कि फर्जी दस्तावेज मिलने पर संबंधित एवं जो इस प्रकरण में शामिल हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।


जनता दरबार में लोगों की शिकायतें सुनते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत।

# एसबीआई पेंशनर्स की वार्षिक बैठक आयोजित

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित एक होटल में भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन काशीपुर इकाई के तत्वावधान में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि मेहरोत्रा व संचालन विनोद कुमार जोशी द्वारा की गई। अध्यक्ष पीएस कालरा ने बताया कि 2017 से भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन काशीपुर ईकाई जनहित सामाजिक हितों के लिए तत्पर रही है और प्रत्येक माह बैठक का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी सदस्यों द्वारा आपसी तालमेल के साथ सामाजिक कार्य में अहम भूमिका सभी सदस्य पदाधिकारी निभाते हैं। आज वार्षिक बैठक में 75 वर्ष अथवा उससे ज्यादा उम्र के सदस्यों प्रहलाद सिंह काला, सुशील कुमार गुड़यि़ा, जीएस कांडपाल, अविनाश अग्रवाल कोएसोसिएशन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुशील कुमार गुड़िया, पीएस कालरा, गोपाल शर्मा, रवि मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन के सदस्य श्याम लाल की धर्मपत्नी एवं आनंदपाल सक्सेना की धर्मपत्नी की आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

आसपास के क्षेत्र के लोगों को भा गया बीकानेर स्वीट एंड रेस्टोरेंट, विभिन्न खाद्य पदार्थों की कर रहे खरीदारी

# श्री बीकानेर स्वीट एंड रेस्टोरेंट ने बढ़ाई काशीपुर रोड की रौनक

भास्कर पोखरियाल (दैनिक भास्कर)

**रुद्रपुर।** बीकानेर स्वीट का नाम सुनते ही जहां लोगों के दिलो-दिमाग में बेहतर स्वाद का अहसास होता है। रुद्रपुर के काशीपुर रोड हाईवे पर श्री बीकानेर स्वीट्स रेस्टोरेंट ने हाल ही में अपनी एक लांचिंग की है। इसमें खाद्य पदार्थों के विभिन्न उत्पादों को जहां वह लोगों को वितरित कर रहे हैं, वहीं इस रेस्टोरेंट में अब भीड़ लगातार बढ़ रही है। बीकानेर स्वीट एवं रेस्टोरेंट पर पार्किंग की शानदार व्यवस्था के चलते शहर के तमाम लोग यहां पर निरंतर आने लगे हैं। ऐसे में यही कहा जाएगा कि बीकानेर स्वीट रेस्टोरेंट जहां अपने ग्राहकों को एक शानदार व्यवस्था के तहत उत्पाद उपलब्ध करा रहा है वही रेस्टोरेंट में भी खाने की कई प्रजातियां उन्होंने रखी है।

दैनिक भास्कर की टीम ने जब मौके पर जाकर देखा तो वास्तव में एक स्वच्छ और साफ तरीके से रेस्टोरेंट में जहां गेट के प्रवेश से लेकर के रेस्टोरेंट्स के भीतर तक उससे अच्छे उत्पाद के साथ ही यहां काम करने वाले कर्मचारियों का व्यवहार भी शालीन रहा। राजस्थान की वेशभूषा में गेट पर तैनात संतरी से लेकर के और अन्य स्टाफ भी मुस्तैद नजर आए। तराई के जिला मुख्यालय रुद्रपुर में इस तरह के रेस्त्रां अगर खुलते रहे तो निश्चित तौर पर या कहीं ना कहीं व्यापारी और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। बता दें कि उत्तराखंड में राजस्थान से लेकर के तमाम प्रदेशों के लोग आते हैं और उनको अपने प्रदेश का स्वाद चाहिए होता है। ऐसे में बीकानेर काशीपुर के सुरेन में काम करने वाले प्रबंधन से लेकर सभी कर्मचारियों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारा काम सिर्फ ग्राहकों की सेवा करना है।



बीकानेर स्वीट शॉप के उत्पादों की जानकारी देते रेस्टोरेंट के प्रबंधन।

# 58 प्लस आयु वालों के दूरस्थ क्षेत्रों में ट्रांसफर पर रोष

- मिनिस्ट्रियल एसो. लोनिवि कुमाऊं क्षेत्र की त्रैमासिक बैठक संपन्न

भास्कर समाचार सेवा

**हल्द्वानी।** मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग कुमाऊं क्षेत्र की त्रैमासिक बैठक टनकपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र सोन क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा तथा संचालन क्षेत्रीय महामंत्र केके आर्य द्वारा किया गया। बैठक में सभी वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए।

बैठक में पुरानी पेंशन के बहाली पर चर्चा की गई। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में हो रहे स्थानांतरण एवं पदोन्नति के संबंध में एवं 58 वर्ष से अधिक की आयु वाले कार्मिकों का अन्य स्थानों पर दूरस्थ क्षेत्रों पर हो रहे स्थानांतरण एवं पदोन्नति में भारी रोष व्यक्त किया गया। सुगम दुर्गम का पुनः निर्धारण हेतु चर्चा की गई जनपद नैनीताल के मुख्यालय के खंड एवं भवाली एवं भीमताल को अन्य विभागों की भांति लोक निर्माण विभाग को भी दुर्गम की श्रेणी में रखे जाने हेतु चर्चा की गई। केके आर्य ने बताया कि जनपद नैनीताल के मुख्यालय के कार्यालय एवं भवाली एवं भीमताल के कार्यालय को दुर्गम श्रेणी में रखे जाने का प्रस्ताव पूर्व में प्रमुख अभियंता कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही इस प्रकरण पर प्रमुख अभियंता से वार्ता की जाएगी। बैठक में प्रांतीय महामंत्री आनंद सिंह पुजारी ने कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में कुमाऊं संरक्षक एमसी जोशी, कुमाऊं सलाहकार निर्मल मेहर, क्षेत्रीय अध्यक्ष गढ़वाल विक्रम रावत, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एमसी तिवारी आदि मौजूद रहे।

दूसरे सत्र पर जनपद चंपावत की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन हुआ, जिसमें जिला अध्यक्ष नंदा बल्लभ जोशी एवं जिला मंत्री निर्मल जोशी एवं संपूर्ण कार्यकारिणी को निर्विरोध चुना गया।



मिनिस्ट्रियल एसो. लनिवि कुमाऊं क्षेत्र की त्रैमासिक बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी।

page-7_page 1 24-Dec-22 10:43 PM Page 1



## सारसुर्खियां

### गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

**सुल्तानपुर पट्टी।** जल संस्थान की लापरवाही से ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। घरों की टंकियों व नुक्कड़ों पर लगी टंकियों में गंदा पानी आ रहा है। शनिवार को सभासद कैलाश दिवाकर ने बताया कि जलसंस्थान की घोर लापरवाही से ग्रामवासियों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। नाली का गंदा पानी टंकियों मे वापस आ रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

### कच्ची शराब के साथ महिला समेत दो दबोचे

**काशीपुर।** पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का आबकारी अधिनियम में चालान किया है। आईटीआई पुलिस थाना क्षेत्रांर्गत पैगा चैकी पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर शंकरपुरी तिराहे के पास पुलिया से ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी रवि सिंह पुत्र भजन सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरिकेन में भरी 20 लीटर अवैध शराब व ग्राम गिरधई निवासी किरनजीत कौर पत्नी स्व. बलवीर सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 45 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद किए।

# डीएसबी के इतिहास में पहली बार अध्यक्ष पद पर जीता काला झंडा

## एबीवीपी को टिकट वितरण में की गई अनदेखी और कार्यकर्ताओं की नाराजगी का भुगतना पड़ा खामियाजा

- अध्यक्ष शुभम, सचिव राहुल, संयुक्त सचिव बने गौरव
- पंजीकृत 5300 मतदाताओं में से 2807 ने किया मतदान

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी छात्रसंघ चुनाव के लिए शनिवार को डीएसबी परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराए गए। इस दौरान परिसर में कुल 15 बूथ बनाए गए थे। 10 पदों के लिए कुल 16 प्रत्याशियों ने दावेदारी की थी, जिसमें से छात्रा उपाध्यक्ष पद पर कंचन भट्ट, छात्र उपाध्यक्ष पद पर निशांत कुमार बाल्मीकि, कोषाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार, सांस्कृतिक सचिव पद पर सिमरन पांडे तथा संकाय प्रतिनिधि पद पर कला से कार्तिक सिंह व विज्ञान से सुमित आर्य को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।

शनिवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच डीएसबी परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान किया गया। तीन बजे के बाद मतों की गणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित किए गए। इसके बाद विजयी प्रत्याशियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

अध्यक्ष पद के लिए इस बार एबीवीपी प्रत्याशी मोहित पंत और एबीवीपी से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे शुभम कुमार व काले झंडे के तले चुनाव लड़ रहे शुभम बिष्ट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शुभम कुमार की बगावत व कार्यकर्ताओं की नाराजगी का फायदा शुभम बिष्ट ने उठाया।

बता दे कि काले बैनर तले चुनाव लड़ रहे शुभम बिष्ट को पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी टीम का पूरा समर्थन मिला था।जिसके लिए सचिन नेगी की टीम काफी पहले से तैयारियों में जुट चुकी हुई थी। वहीं दूसरी ओर एबीवीपी को टिकट वितरण में की गई अनदेखी और कार्यकर्ताओं की नाराजगी का खामियाजा भुगतना पड़ा। शुभम बिष्ट की जीत पर पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी ने बधाई दी है।

चुनाव प्रक्रिया में डीएसबी परिसर तथा भीमताल परिसर के प्राध्यापकों ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। डीएसबी प्रशासन की ओर से प्रो. एलएम जोशी निदेशक, डीएसबी परिसर नैनीताल, प्रो. एलएस लौधियाल, डीएसडब्लू डीएसबी परिसर नैनीताल, प्रो.नीता बोरा, कुलानुशासक डीएसबी परिसर नैनीताल आदि ने सहयोग किया।


जीत के बाद जश्न मनाते शुभम बिष्ट।


विजय प्रत्याशियों को शपथ दिलाते चुनाव अधिकारी।

### निर्दलीय धीरज के सिर सजा ताज

**बेरीनाग।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में निर्दलीय प्रत्याशी धीरज रौतेला अध्यक्ष पद पर और शिवानी धानिक महासचिव पद पर विजयी रहे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में 1062 छात्र-छात्राओं ने मतदान किया। धीरज रौतेला को छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर 480 मत मिले, जबकि राहुल धारियाल को 334 मत मिले।

### लोहाघाट महाविद्यालय में मयंक ढेक बने छात्रसंघ अध्यक्ष

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में हुए छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी के मयंक ढेक निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर एकमात्र नामांकन होने से इस पद पर चुनाव नहीं हुआ। शनिवार को सचिव पद पर हुए चुनाव में पंकज जोशी ने अपने प्रतिद्वंदी अजय सिंह बिष्ट को 102 मतों से पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर सागर सिंह ढेक ने अर्जुन सिंह बोहरा को 70 मतों से पराजित किया। छात्रसंघ के 11 पदों में से दो पदों पर चुनाव संपन्न किए गए, जबकि छह पदों पर एक-एक नामांकन होने से प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। तीन पदों पर किसी भी प्रत्याशी का नामांकन न होने से पद रिक्त हैं। कॉलेज में पंजीकृत कुल 2755 छात्र छात्राओं में से 916 छात्र छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. पीसी लखेड़ा ने बताया कि सचिव पद पर विजेता पंकज जोशी को 478 मत, प्रतिद्वंदी अजय सिंह बिष्ट को 376 मत मिले। नोटा में 21 मत पड़े और 49 मत अवैध पाए गए। कोषाध्यक्ष पद पर विजेता सागर सिंह ढेक को 419 मत, प्रतिद्वंदी अर्जुन सिंह बोहरा को 349 मत, अंकित सिंह माहरा को 99 मत पड़े तथा नोटा को सात मत पड़े। 42 मत अवैध पाए गए। उपाध्यक्ष पद पर ललित मोहन कलखुडिय़ा, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर पल्लवी देव, संयुक्त सचिव पद पर गौरव पांडेय और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर विवेक जोशी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

### एबीवीपी ने छह पदों पर मारी बाजी



**विकासनगर।** वीर शहीद केसरीचंद महाविद्यालय डाकपत्थर में चुनाव में एबीवीपी का दबदबा रहा। चुनाव में एबीवीपी ने छह पदो पर बाजी मारी। आर्यन व एनएसयूआई ने एक भी पद पर जीत हासिल नहीं की। एबीपीपी के अध्यक्ष पद पर लक्ष्मी वर्मा व सचिव पद पर राहुल तोमर ने जीत हासिल की। शनिवार को महाविद्यालय में भारी पुलिस बल के नेतृत्व मे चुनाव कराए गए। चुनाव जीतने के बाद एबीवीपी ने विजयी जुलूस निकाला। इस मौके पर कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट, एसओ सहसपुर गिरीश नेगी,बाजार चौकी प्रभारी किशन देवरानी, कुल्हाल चौकी प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### दीपक बने अध्यक्ष, गौरव उपाध्यक्ष



**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। चुनाव जीतने के बाद जीते हुए प्रत्याशी को शपथ दिलाई गई। उसके बाद छात्रों के समर्थकों ने विजय जुलूस निकालकर हर्ष व्यक्त किया। मतदान के बाद छात्र संघ चुनाव के परिणाम अध्यक्ष पद पर दीपक कुमार ने विजय हासिल की। छात्र उपाध्यक्ष पद पर गौरव आर्य और छात्रा उपाध्यक्ष पद पर पूनम मल्होत्रा निर्विरोध निर्वाचित हुईं। सचिव पद पर पूजा शर्मा 472 मत लेकर जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद पर धर्मपाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर सत्यम रोहिल्ला, विद्यालय प्रतिनिधि अमित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि सौरभ कंबोज निर्विरोध निर्वाचित हुए। विज्ञान संकाय प्रतिनिधि रोहित सागर ने 91 मत लेकर जीत हासिल की।

# राजावाला जंगल में बडे पैमाने पर पेड़ों का पातन

- हाईकोर्ट ने प्रमुख वन संरक्षक को दिए जांच के आदेश

भास्कर समाचार सेवा

**विकासनगर।** बाढ़वाला के राजावाला जंगल में बडे पैमाने पर पेडों का अवैध पातन किए जाने पर याचिकाकर्ता राकेश तोमर ने मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका की सुनवाई पर हाईकोर्ट ने प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार को मौके पर जांच करने के निर्देश दिए।

शनिवार को प्रमुख वन संरक्षक और एसडीएम विनोद कुमार ने राजावाला जंगल का मुआयना किया। उन्होंने जांच में माना कि यहां पर बडे पैमाने पर पेड़ों का पातन किया गया। उन्होंने इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों के पातन पर हैरानी जताते हुए कहा कि जांच में यह पाया कि इससे पूर्व यहां पर हरे-भरे जंगल थे, लेकिन अब यहां पर सब सफाया किया गया। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही हाईकोर्ट को रिपोर्ट बनाकर प्रेषित की जाएगी। इस मौके पर वन संरक्षक शिवालिक राजू धीमान, डीएफओ भूमि संरक्षक कालसी अमरीश कुमार, उपप्रभागीय वनाधिकारी डॉ. शिप्रा शर्मा, रेंज अधिकारी एके सिद्दकी आदि मौजूद रहे।


राजावाला जंगल का निरीक्षण करते प्रमुख वन संरक्षक और एसडीएम।

### याचिकाकर्ता को मिल रही धमकियां

शनिवार को प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार और एसडीएम विनोद कुमार बाढवाला के राजावाला पेड कटान प्रकरण की जांच करने पहुंचे। याचिकाकर्ता राकेश तोमर भी वहां मौजूद थे। इसी दौरान वहां एक व्यक्ति ने उनके साथ धक्कामुक्की कर जान से मारने की धमकी भी दी, जिस पर वनकर्मियों ने बीच बचाव किया। याचिकाकर्ता राकेश तोमर का आरोप है कि जब से उन्होने यह मामला उठाया है, तब से उन पर लगातार हमला हो रहा है। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी लगातार दी जा रही हैं, लेकिन वह दोषियों को सजा दिलाकर रहेंगे।



## नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूलमालाओं से स्वागत

**किच्छा।** जिला सैनिक लीग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सेना निवृत्त सूबेदार मेजर देवी दत्त उपाध्याय आगमन पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में बोलते हुए उपाध्याय ने कहा कि यथाशीघ्र ही में पूर्व सैनिकों के परिवारों की समस्याओं को निराकरण करना पहली प्राथमिकता होगा। बताते चले कि बीती 12 दिसंबर को रुद्रपुर में हुए भूतपूर्व सैनिक लीग चुनाव में देवी दत्त उपाध्याय निर्वाचित हुए थे। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने कहा कि यह संगठन गैर राजनीतिक है। इसमें भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की समस्याओं का निराकरण के लिए ही कार्य किया जाए।

# अच्छी शिक्षा सबके लिए जरूरी: आर्य

- महर्षि विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

भास्कर समाचार सेवा

**भवाली।** तिरछा खेत में महर्षि विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरिता आर्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरिता आर्य ने कहा कि महर्षि विद्या मंदिर बीते कुछ समय में बहुत अच्छी तरक्की कर रहा है। यह शिक्षा बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान भी बनाता है, जो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत के रंगारंग कार्यक्रम को सभी ने सराहा।

इस मौके पर सरिता आर्य ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करना सबके लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा से ही अच्छा समाज बनता है। उन्होंने स्कूल की रोड के लिए 3 लाख देने की घोषणा की इस अवसर स्कूल की प्रधानाचार्य सरोज जोशी ने कहा कि बिना संस्कारों के शिक्षा बेमानी है। शिक्षा दुनिया का सबसे घातक हथियार है। महर्षि विद्या मंदिर बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी डालता है, जिससे वे समग्र विकास कर अच्छे नागरिक बन सकें। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश आर्य, व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे, सुनील कुमार, मीना बिष्ट आदि मौजूद थे।



वार्षिकोत्सव के दौरान करतब दिखाते छात्र।

# जंगली जानवरों की सुरक्षा को करें विशेष गश्त

- पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ और कुमाऊं चीफ ने किया सुरई रेंज का निरीक्षण

भास्कर समाचार सेवा

**खटीमा।** सुरई सफारी व ककरा क्रोकोडाइल का पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ समीर सिन्हा, चीफ कुमाऊं पीके पात्रो, प्रभागीय वन अधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी संदीप कुमार, प्रभागीय वन अधिकारी हल्द्वानी वन प्रभाग बाबूलाल ने निरीक्षण किया। समीर सिन्हा ने वन अधिकारियों और कर्मचारियों को जंगली जानवरो की सुरक्षा को लेकर दिन और रात्रि की गश्त को अनिवार्य और जिम्मेदारी से किए जाने के निर्देश दिए। साथ लापरवाही पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी।

उन्होंने सुरई की सीमा से लगी महोफ रेंज उत्तर प्रदेश के वन विभाग से समन्वय बनाकर वन्य जीव अपराधों पर अंकुश लगाने और संयुक्त गश्त के लिए कहा। सुरई में पर्यटन के और अधिक संभावनाओं को तलाशने और रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की पहल करने के निर्देश दिए। जंगल में मौजूद जानवरो की संख्या, प्रजाति, प्रजनन की विस्तार से उन्होंने जानकारी ली।

इस दौरान उपप्रभागीय वनाधिकारी गौला अनिल जोशी, वन क्षेत्राधिकारी खटीमा राजेंद्र सिंह मनराल, वन क्षेत्राधिकारी सुरई सुखदेव मुनि, डिप्टी रेंजर सतीश रेखाड़ी आदि मौजूद रहे।


सुरई रेंज में क्रोकोडाइल सफारी,जंगल सफारी का निरीक्षण करते पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ।

# वन निगम की लॉट की आड़ में माफिया ने किया खेल

भास्कर समाचार सेवा

**उत्तरकाशी।** टौंस वन प्रभाग के कोठीगाड रेंज के चींवा वीट आंद्री खंड में देवदार व कैल वृक्षों के अवैध पातन को लेकर जांच के शुरुआती दौर में वन निगम लॉटो की आड़ में सैकड़ों पेड़ों के कटने की परतें खुलनें लगी हैं। शुरुआती दौर में जहां चींवा जंगल के आंद्री कक्ष में 30 देवदार व कैल वृक्षों का अवैध पातन होना जांच में पाया गया है, वहीं रेंज के अन्य बीटों व कक्षों में अवैध पातन का खुलासा होने की संभावना है। साथ ही सांद्रा एवं देवता रेंज में भी वन निगम के लोटो की आड़ में अवैध पातन की परते भी अब खुलने लगी हैं।

सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद टौंस वन प्रभाग पुरोला के उपप्रभागीय वनाधिकारी विजय सैनी के नेतृत्व में गुरूवार को मामले में चींवा आंद्री कक्ष पहुंची जांच टीम तब आश्चर्य में पड़ गई, जब एक ही कक्ष में वन निगम को स्वीकृत छह सौ पेड़ों की लॉट की आड़ में जांच के शुरुआती दौर में ही लगभग 30 पेड़ कैल-देवदार का अबैध रूप से पातन होना पाया गया। अभी आधा दर्जन कक्षों में जांच होनी है।



- एक ही कक्ष में कटे मिले दर्जनों देवदार व कैल के पेड़

# खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लीक होने से लगी आग

**काशीपुर।** खाना बनाकर के दौरान सिलेंडर लीक होने से झोपड़ी में लगी आग से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची अग्मिशमन की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान झोपड़ी में आग लगने से दहशत में आए झोपड़ी स्वामी की पत्नी व पुत्री बेहोश हो गई, जिन्हें आनन-फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम हिम्मतपुर में गणेश पुत्र बाबू झोपड़ी बनाकर अपने परिवार के साथ रहता है। शनिवार की दोपहर गणेश की पत्नी किरण झोपड़ी में खाना बना रही थी। इस दौरान करीब एक बजे सिलेंडर लीक होने से झोपड़ी में आग लग गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वंश नारायण यादव के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर हाई प्रेशर पंप से पंपिंग कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखी चारपाई, रजाई गद्दे, कपड़े, सिलाई मशीन, साइकिल, पंखा आदि सामान आग की भेंट चढ़ गया।


मौके पर आग बुझाते अग्निशमन कर्मचारी।

## गिरजाघरों में विश्व शांता की कामना को लेकर हुई विशेष प्रार्थना, सेंटा क्लॉज के साथ पर्यटकों ने की मस्ती

# क्रिसमस की पूर्व संध्या पर विभिन्न कार्यक्रमों की रही धूम

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** सरोवरनगरी में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों की धूम रही। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ कैरोल संगीत की धूम रही। साथ ही सैंटा क्लॉज की शोभा यात्रा निकाली गई।

मेथोडिस्ट चर्च में पास्टर अजय हैरिसन की अध्यक्षता में देर शाम विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर विश्व शांति की कामना की गई। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने ईसा मसीह पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर सहायक पास्टर चंद्र पौल, बिशप शौ इंटर कॉलेज की प्रबंधक नीलम दानी, प्रधानाचार्य वीना मौसी, जे विल्सन, ग्रीन वल्ड, मुकेश दास, एरिक मैसी, सोनू विल्सन समेत अन्य लोग मौजूद थे। इधर सेंट जॉन्स गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर कोविड से सुरक्षा की कामना की गई। सेंट फ्रांसिस होम में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर पर्यटकों ने की सेंटा क्लॉज संग मस्ती, मध्य रात्रि में यीशु के जन्म दिवस पर गीत गाए गए। क्रिसमस ट्री को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। बाहर से सैलानी भी अपने परिवार और दोस्तों संग त्योहार मनाने सरोवरनगरी पहुंचे, जहां उन्होंने बाजार में घूम रहे सेंटा क्लॉज के साथ जमकर मस्ती की। त्योहार के लिए शनिवार शाम को घरों में डोनट्स, केक, भुजिया और गुड़ की टिक्की विशेष रूप से बनाई गई। इसके अलावा घरों में क्रिसमस ट्री, चरनी भी बनाई गई। लोगों ने परिवार के लिए कपड़ों की खरीदारी की। शनिवार मध्यरात्रि को गिरजाघरों में प्रार्थना की गई। 25 दिसंबर की सुबह फिर से गिरजाघरों में प्रार्थना होगी।

क्रिसमस पर्व को लेकर सरोवर नगरी पूरी तरह सज चुकी है तो सभी होटल और रेस्टोरेंटों में जिंगल बेल, जिंगल बेल... गीत की धुन सुनने को मिली। नगर में परेड में सेंटा क्लाज बने व्यक्ति ने स्थानीय लोगों के पर्यटकों को टॉफी और चॉकलेट भेंट किए। पर्यटक सेंटाक्लाज बने व्यक्ति के साथ सेल्फी लेते नजर आए। उधर, संत फ्रांसिस होम, मेथोडिस्ट, संत निकोलस, कैथोलिक चर्च में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मनु महारानी होटल ने सेंटा क्लॉज की शोभा यात्रा निकाली। यात्रा होटल से शुरू की गई, जो मल्लीताल से होते हुए मालरोड पहुंची और तल्लीताल से वापस होटल को लौट गई। इस बीच कुमाऊंनी लोक संगीत के छोलिया नृत्य का दल भी शामिल रहा।


सेंटा के साथ मस्ती करते पर्यटक।

कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा (उधमसिंहनगर)

पत्रांकः-1050/गृहकर नामान्तरण सूचना/2022-23 दिनांकः- 29-11-2022

गृहकर नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2016-21 में इस निकाय के वार्ड सं0-06/11 किच्छा के सूची क्रमांक-(340) पर पूर्व से श्री शब्बीर अहमद पुत्र इमामबख्श के नाम एक भवन पर गृहकर दर्ज अभिलेख है। जिसकी चौहदी पूर्व में श्री एजाज अहमद का मकान पश्चिम में रोड, उत्तर में श्री सैययद का घर तथा दक्षिण में श्री तनजील का घर स्थित है। भवनस्वामी उपरोक्त की दिनांक 22.11.2011 को मृत्यु होने के परिप्रेक्ष्य में उनके पुत्र श्री सददाम हुसेन द्वारा उक्त भवन का गृहकर अपने नाम नामान्तरण/संसोधन दर्ज करने बावत अपने पिता स्व० शब्बीर अहमद पुत्र इमामबख्श का मृत्यु प्रमाणपत्र, स्वयं का अधार कार्ड सं0-7128 9531 0396, गृहकर रसीद उत्तरजीवी प्रमाणपत्र की छायाप्रतियां अपनी माता का नोटरी शपथपत्र दि. 07.11.2022 भाई श्री शकील अहमद एंव बहन कुमारी फरीन का नोटरी शपथपत्र दि. 24.05.2022 एवं स्वयं का नोटरी शपथ पत्र दिनांक 07.11.2022 मय प्रार्थना पत्र दिनांक 07.11.2022 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है। उक्त भवन के 'गृहकर को पिता की मृत्यु उपरान्त पारिवारिक सदस्यों के नोटरी शपथपत्र के आधार पर आवेदक के नाम नामान्तरण/संसोधन दर्ज किये जाने बाबत सूचना विज्ञप्ति प्रकाशन पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित सूचना के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पर गृहकर अनुभाग में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। भविष्य में किसी प्रकार का वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय संक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा। सूचना जाने।

अधिशासी अधिकारी
नगर पलिका परिषद किच्छा
(उधमसिंहनगर)

# सम-सामयिक

आज ही के दिन 1991 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित भाषण में मिखाइल गोर्बाचेव ने सोवियत संघ के प्रतिनिधि के रूप में इस्तीफा दे दिया था।

## कश्मीर में प्रदूषण चिंताजनक

भारत के प्रदूषित शहरों की तुलना में साफ एवं स्वच्छ शहरों की चर्चा होती है तो बरबस ही लोगों की जुबान पर पहाड़ी क्षेत्रों के राज्यों के नाम आ जाते हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर के राज्य या दक्षिणी भारत राज्यों के शहरों का नाम प्रमुखता से लिए जाते हैं। इनमें भी नदी, पहाड़, जंगल और बर्फीली वादियों की अनुपम छटाओं के कारण कश्मीर को तो भारत का स्वर्ग कहा जाता है। मगर इस स्वर्ग में भी प्रदूषण के कारण नारकीय स्थिति बनना शुरू हो जाए तो कितनी अचंभे वाली बात है। जी हां, देश के अन्य प्रदूषित शहरों की तुलना में जम्मू-कश्मीर राज्य पीछे नहीं है। जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में प्रदूषण से हर साल करीब 10 हजार लोग अपनी जान गंवा रहे हैं यानी कश्मीर में अब जहरीली हवा चलने लगी है। यहां श्रीनगर जैसे शहर का एक्यूआई स्तर 150 से ज्यादा होने लगी है। ऐसा माना जा रहा है कि यहां प्रदूषण आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक हो गया है। आंकड़े बताते हैं कि इस साल आतंकवाद की वजह से करीब 250 लोगों की मौत हुई जबकि प्रदूषण ने 10 हजार लोगों की जान ले ली। यह दावा वहां के सबसे बड़े अस्पताल शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान ने किया है।संस्थान के विशेषज्ञों के मुताबिक वहां की हवा में पार्टकुलेट मैटर 2.5 होने की वजह से ये मौतें हो रही हैं। सोचने वाली बात तो यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2018 में श्रीनगर को दुनिया के 10 में सबसे प्रदूषित शहर के रूप में घोषित किया था। ज्ञात हो कि 108 देशों और 4300 शहरों में सर्वे किए जाने के बाद यह घोषणा की गई थी। यदि अन्य कारणों पर गौर किया जाए तो यहां की घाटी में सर्दियों के दौरान खूब लकड़ियां जलाई जाती हैं। दूरदराज के इलाकों में बिजली और गैस की सुविधा नहीं हैं। कश्मीर में करीब 20 लाख पेट्रोल-डीजल वाहन हैं, और 24 प्रतिशत घरों में चौपहिया वाहन हैं, जो केरल के बाद सबसे ज्यादा हैं। जबकि उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में अभी भी मात्र 7 प्रतिशत से अधिक चौपहिया वाहन नहीं हैं। कश्मीर में सेब, अखरोट, बादाम समेत करोड़ों की संख्या में फलदार पेड़ हैं। फसल उतारने के बाद इनके पत्तों को यहां पराली की तरह जला दिया जाता है। इसी तरह हर साल वहां 1246 टन कोयला जलता है जो वार्षिक उत्सर्जन का 84त्न है। इसके अलावा ईट भट्टे और सीमेंट की फैक्ट्री भी संचालित होती हैं। जम्मू-कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला के सबसे ऊंचे हिस्सों में स्थित है। कश्मीर और लद्दाख का इलाका अपनी विशिष्ट संस्कृति के लिए जाना जाता है। कश्मीर की संस्कृति की झलक इतिहास प्रसिद्ध कल्हण जैसे लेखकों की कलम से भी उकेरा गया। मुगल बादशाह तो यहां कि खुबसुरती से इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने इस पूरे क्षेत्र को धरती पर स्वर्ग की उपमा दे डाली दी। आज हर कोई इसे धरती पर स्वर्ग कहने से गुरेज नहीं करता। अपने प्राकृतिक सौंदर्य के कारण ही कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा गया है। इसे स्विट्जरलैंड की तुलना में भारत का स्वर्ग कहते हैं। मगर मौजूदा दौर में पर्यावरण प्रदूषण का विषय यहां की सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरा है।

## विज्ञापन, व्यापार और जिंदगी

बड़ी दुकानवाला, चाहे असली सा महसूस करवाने वाले, नकली स्वाद का प्रभावशाली विज्ञापन छपवाए या अपने व्यवसाय में पारदर्शिता होने का विज्ञापन बनवाए, विज्ञापन पढ़ने या देखने वालों को सब कुछ कहां समझ आता है। हालांकि वे समझते हैं कि उन्हें समझ आ गया या वे समझना नहीं चाहते। इसलिए अधिकांश ग्राहक सब खा, पी और निगल जाते हैं। कुछ भी हो इस तरह से उनकी बीमारियां झेलनी की ताकत बढ़ती जाती है। दुकानदारों और सामान के स्वादिष्ट विज्ञापनों ने उन्हें इतना कुछ बेच, खिला, पिला दिया है कि नकली और नकली पीकर उनकी जीभ को असली का स्वाद भूल गया है। सब जानते हैं कि कानून बहुत सख्त है और लागू है। सभी कम्पनियां, सभी कायदे कानून, बड़े सलीके से फॉलो करती हैं। विज्ञापन में स्पष्ट और साफ छाप देती हैं कि हमारी फ्रूट पॉवर केवल एक ट्रेड मार्क है और इसकी वास्तविक प्रकृति का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। ऐसे विज्ञापन पकाने वाले प्रकृति और प्रवृत्ति को एक ही वस्तु समझते होंगे। वे यह भी समझते होंगे कि विज्ञापन वही जो आकर्षित करे और ग्राहक पटाए या फसाए। क्या फर्क पड़ता है जब कुछ समझदार बंदे पर्यावरण और वातावरण को एक ही समझते हैं। इन दोनों को एक समझने से फर्क पडऩा भी नहीं चाहिए। फर्क पड़ने लगा तो कानून को बहुत ज्यादा सख्ती से लागू करना पड़ेगा जो दूसरी कई चीजों को तोड़ देगा। वैसे भी तो काफी कुछ सिर्फ ट्रेड मार्क बनकर ही रह गया है। राजनीति, धर्म, क्षेत्र, सत्य, झूठ, संवेदना, प्यार और नफरत सब ट्रेड मार्क ही तो हो गए हैं और कईयों के तो अपने अपने शानदार ट्रेड मार्क भी हैं। प्रतिनिधित्व न लिखकर सिर्फ प्रकृति या प्रवृत्ति लिखेंगे तो लगेगा बात स्पष्ट हो गई मगर फिर डिप्लोमेसी खत्म हो जाएगी। मिसाल के तौर पर प्यार और नफरत का ट्रेड मार्क बाजार की रौनक है। भीतर से नफरत करने वाले भी नकली प्रवृत्ति की बाहरी मुस्कुराहटें बांट रहे हैं। नकली प्यार की असली जप्फियां मार रहे हैं, मतलब संबंधों में सांकेतिक इम्युनिटी बढ़ाई जा रही है। कह सकते हैं कि नफरत न दिखाने के लिए जो जप्फियां प्रदर्शित की जा रही हैं, हाथ मिलाए जा रहे हैं वे प्यार की गहराइयों या ऊंचाई की वास्तविक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व नहीं करती। **- प्रभात कुमार**

## प्रेरणाप्रद मोती



शांतिकुंज एक विश्वविद्यालय है। कायाकल्प के लिए बनी एक अकादमी है। सतयुगी सपनों का महल है।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य**
**(गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज रचनात्मक ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे।

**वृष :** स्वभाव में उग्रता और वाणी में संयम रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यग्र रहेगा।

**मिथुन :** आज आपको व्यापार-सम्बंधित कार्यों में लाभ होगा। उगाही, प्रवास, आय आदि के लिए अच्छा दिन है।

**कर्क :** आज कारोबार में स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप बेहतर मुनाफा ले पाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले बेहतर होगी।

**सिंह :** आपका आज का दिन मिश्र फलदायी है। शारीरिक रूप से आपको अस्वस्थता का अनुभव होगा। फिर भी आप मानसिकरूप से स्वस्थ रहेंगे।

**कन्या :** आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी सृजनात्मक शक्ति आज श्रेष्ठ रहेगी।

**तुला :** परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाक्माधुर्य से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। अपने सहोदर के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव आप करेंगे, उनका साथ भी आपको मिलेगा।

**धनु :** आज परिवार में किसी से चल रहा मन-मुटाव खत्म हो जायेगा। आज आप दूसरों से बात करते वक्त संतुलित विचार रखें।

**मकर :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबार में धनलाभ का योग बन रहा है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कुंभ :** आपका आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपके सीधेपन का दूसरे फायदा उठा सकते हैं। आज ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है। सीनियर्स का दबाव रहेगा। आज अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन :** आज धन लाभ का योग है। ऑफिस में आज आपके काम से बॉस खुश रहेंगे। लवमेट के लिये आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करेगा। आज आपको मन में आए नकारात्मक विचार परेशान कर सकते हैं।

# बिना बाधा चल सकता है विकास का एजेंडा



**जी. किशन रेड्डी**

पिछले पखवाड़े में, जब से भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, दुनिया ने भारतीय अतिथि सत्कार के सार को अतिथि देवो भवः की उक्ति में निहित देखा है अतिथि, भगवान स्वरुप होते हैं। साझा भविष्य की दृष्टि के साथ, भारत जी-20 की अध्यक्षता वाले वर्ष को एक अवसर के रूप में देखता है। सदी में एक बार होने वाली विघटनकारी वैश्विक महामारी, वैश्विक संघर्षों, आसन्न जलवायु संकट और आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों के साथ, दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, अधिकांश वैश्विक ताकतें, कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की रक्षा करने और उनकी आजीविका को संरक्षित करने पर केंद्रित रहीं हैं। हालांकि, इनमें से कई अनिश्चितताएं आज भी विद्यमान हैं। भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सके, त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके तथा जलवायु संकट से मुकाबले के लिए कार्बनीकरण में कमी लाने को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास किया जा सके।

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए कि प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है। विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है। भारत विकासशील देशों की चिंताओं को मुखर समर्थन देने और यह सुनिश्चित करने में भी सक्षम रहा है कि उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता, भारत को उन बड़े शक्तिशाली राष्ट्रों, जिनमें वह भी एक है और छोटे, विकासशील राष्ट्र, जो उस पर भरोसा करते हैं; के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करती है। 2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है। पिछले 8 वर्षों में, हमने प्रौद्योगिकी के उपयोग और विशेष रूप से डिजिटलीकरण के माध्यम से गरीबी उन्मूलन से जुड़े कार्यों में तेजी देखी है। 2014 में, भारत ने सरकार के नेतृत्व में एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत बैंकिंग प्रणाली से बाहर रहे गरीबों और वंचितों के लगभग 500 मिलियन बैंक खाते खोले गए, जिनमें 260 मिलियन महिलाएं शामिल थीं। भारत की डिजिटल पहचान प्रणाली - आधार और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के जरिये, व्यक्तिगत स्तर पर नए तौर-तरीकों के साथ, जनकल्याण से जुड़े धन अंतरण के लक्ष्य पूरे किए गए हैं। 1980 के दशक में एक पूर्व प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की थी कि अंतिम लाभार्थी तक केवल 15 प्रतिशत (1 रुपये में 15 पैसे) ही पहुंच पाता है। 2020 में, जब दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही थी, भारत महत्वपूर्ण लक्षित नकद अंतरण के माध्यम से सर्वाधिक गरीब लोगों की आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम रहा। भारत की जनसंख्या के विशाल पैमाने पर उपलब्ध पहचान प्रणाली व वास्तविक समय पर भुगतान प्रणाली से जुड़ी विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, शेष दुनिया के लिए एक मॉडल है। कोविड संकट के दौरान भी, वैक्सीन प्लेटफॉर्म कोविन ने भारत को अपने टीकाकरण प्रयासों को विस्तार देने और 2 बिलियन से अधिक खुराकें देने में बहुत सहायता की।

भारतीय अर्थव्यवस्था विकसित होगी और भारत के लोग अधिक समृद्ध होते जायेंगे, भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतें भी बढ़ेंगी। वर्ष 2015 में, पेरिस में हुए कॉप-21 शिखर सम्मेलन में, भारत ने 2030 तक अपने कुल बिजली उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल करने का वादा किया था। इस लक्ष्य को लगभग एक दशक पहले ही नवंबर 2021 में हासिल कर लिया गया। भारत ने दुनिया के सामने इस बात का उदाहरण पेश किया है कि विकास का एजेंडा और पर्यावरण रक्षा की कवायद बिना किसी बाधा के एक-दूसरे के साथ-साथ चल सकते हैं। **- लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।**




भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सके, त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके।

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए कि प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है। विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है।

# प्रतिपल जीवंत है अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति



**हृदयनारायण दीक्षित**


अटल जी का नाम भारतीय जन गण मन में रचा बसा है। वे जीवित रहते तो आज 98 बरस के होते। उनकी स्मृति बार बार आती है। उनका पूरा व्यक्तित्व भावप्रवण काव्य था। तरल, सरल, विरल और विश्वमोहक। आज उनकी जन्म तिथि है। कैसे करें उनका स्मरण? स्मरण उनका होता है, जिनका विस्मरण हो जाता है। अटल जी की स्मृति प्रतिपल जीवंत रहती है। वे भारतीय सार्वजनिक जीवन की दिव्यता हैं और राजनैतिक जीवन के मर्यादा पुरुष। भारतीय इतिहास ने उन्हें पूरी आत्मीयता के साथ अपने अन्तःस्थल में स्थापित किया है। वैसे इतिहास निर्मम और निष्पक्ष होता है।

वह अपने पराए में भेद नहीं करता। वह अनायास ही किसी को महानायक नहीं बनाता। लोकमत भी इतिहास की तरह निर्मम होता है। इसलिए विश्व इतिहास के प्रतिष्ठित महानायक भी संपूर्ण लोकमन की प्रशंसा नहीं पा सके। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे बावजूद इसके उनके विचार के विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। वे तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। शब्द चयन और प्रयोग में सम्मोहन। आचार व्यवहार में सबके प्रति आत्मीय। विपरीत धुरवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे। आग्रही राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। 1975 में आपत्काल था। संविधान कुचल दिया गया था। हजारों राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ता जेल भेजे गए थे। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आए। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपना श्रम तप लगाया था।

जनसंघ का विसर्जन भावुक क्षण था। इन पंक्तियों का लेखक भी इस प्रवाह का हिस्सा था। कुछ समय बाद जनता पार्टी में कलह हुई। जनसंघ घटक के सदस्यों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम पर दोहरी सदस्यता का आरोप लगा। अटल जी ने यूपी की एक जनसभा में चुटकी ली "उन्होंने पहले प्यार किया, सम्बंध बनाये। सम्बंधों का लाभ उठाया और अब हमसे हमारा गोत्र वंश पूछते हैं।" जनसंघ घटक अलग हो गया। अटल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। अटल जी के नेतृत्व का सम्मोहन बढ़ता गया। अटल जैसी वक्तव्य कला दुर्लभ। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने विषय प्रतिपादन का नया रिकार्ड बनाया। संसद उन्हें पूरे मनोयोग से सुनती थी। नरसिंहाराव तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेशीप्रतिनिधिमण्डल का नेता बनाया। यह भी एक विशेष अवसर था। उन्होंने देश के बाहर भारतीय जनतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ाई, "उन्होंने कहा कि वे भारत में विरोधी दल के नेता हैं लेकिन देश के बाहर भारत के प्रतिनिधि। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से राजनीतिक क्षेत्र में आए थे। संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा है। उनके विचार मननीय हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति बताया। हिन्दू और हिन्दुत्व को भारत की जीवनशैली बताया। उनकी कविता 'तन मन हिन्दू मेरा परिचय' खासी चर्चा में रहती है। उन्होंने राजनीति में भारतीय संस्कृति का प्रवाह पैदा किया। जो कहा, सीना ठोककर कहा। लोग तिलमिलाए। ऐसे लोगों ने जनसंघ पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाया। अटल जी ने संसद में साम्प्रदायिकता की परिभाषा करने की मांग भी की।

अटल जी लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रधर्म पत्रिका के सम्पादक रहे थे। पत्रिका के सम्पादक मण्डल ने भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी पर विशेषांक प्रकाशित करने का निर्णय लिया। सम्पादक मण्डल ने मुझे दोनों विशेषांकों का अतिथि सम्पादक बनाया। इसका विमोचन दिल्ली भाजपा कार्यालय में अटल जी व आडवाणी जी ने किया था। विमोचन के पहले अटल जी ने दोनों अंक देखने के लिए मांगे। मैंने पत्रिका के प्रबंधक पवन पुत्र बादल के साथ अटल जी को दोनों अंक दिखाए। विशेषांकों के आलेख व चित्र संयोजन देखकर वे भावुक हुए। उन्होंने इस अनुष्ठान की प्रशंसा की। मुझे बधाई भी दी। इस तरह वे अपने सहयोगियों को लिखने पढ़ने की प्रेरणा देते थे। अटल जी के नेतृत्व में ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बना। क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय कठिनाइयां समझने का अवसर मिला। विश्व परिवार ने अटल जी के नेतृत्व का सम्मान किया।

**- लेखक यूपी विस के पूर्व अध्यक्ष हैं।**



अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे बावजूद इसके उनके विचार के विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। वे तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। शब्द चयन और प्रयोग में सम्मोहन। आचार व्यवहार में सबके प्रति आत्मीय। विपरीत धुरवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे। आग्रही राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आए।

# जागरूक होंगे, तभी मिलेगा इंसाफ

उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना और कानून की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी तरह की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया है। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी।इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरुआत मुंबई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 09 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया है। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी।**

# जीवन में हमेशा सुख हो यह जरूरी नहीं



**आचार्य प्रशांत**

दो-तीन बातें हैं, और बड़ी सीधी-सीधी हैं। पहली बात तो ये कि - बच्चे मत पैदा करो। अगर ये उम्मीद कर रहे हो कि दुनिया में आठ-सौ करोड़ लोग हैं आज- जो कि जल्दी ही हजार-करोड़ भी हो जाएंगे, ग्यारह-सौ करोड़ भी हो जाएंगे-इतने रहे आएं, और इतनों को तुम सुखपूर्वक भी रख पाओ, तो वो हो नहीं सकता। प्रश्न के मूल में एक कल्पना है, एक आदर्श है। कल्पना ये है कि जितने भी जीव-जंतु, प्राणी मात्र हैं- खास तौर पर मानव हैं- वो सब धन-धान्य से परिपूर्ण सुख की स्थिति में रहें। ये कल्पना कभी साकार नहीं हो सकती। पृथ्वी के पास इतना नहीं है कि वो इतने लोगों को खिला सके। आज अगर कहीं पर भी भुखमरी है, तो वो इसलिए नहीं है कि बहुत कम उत्पादन हो रहा है, वो इसलिए है क्योंकि आदमी लालची है भोग का। वो एक तरफ तो भोगता है उन सब चीजों के माध्यम से जो उत्पादित हो रही हैं, और दूसरी तरफ वो भोग-भोगकर के संतानें उत्पन्न करता है। नतीजा- हम एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जहां बहुत सारे लोग हों, क्योंकि भोगने में संतानोत्पत्ति निश्चित रूप से शामिल है।

आपको आपके बड़े-बूढ़े आशीर्वाद भी देते हैं, तो दो बातें अक्सर कहते हैं- "दूधो नहाओ, और पूतो फलो," और दोनों बातें भोग से संबंधित हैं, गौर से समझना। पहली बात कहती है कि तुम्हारे पास खाने-पीने को बहुत सारा हो, और दूसरी बात कहती है कि तुम बहुत सारे बच्चे पैदा करो। तो तुम ले देकर के ये आशीर्वाद पा रहे हो कि तुम अपनी तादाद भी बढ़ाते जाओ, और जिनकी तादाद बढ़ रही है, वो सब और-और, और-और भोगते भी जाएं। इस पृथ्वी के पास इतना है कहां? मैं आज सुबह ऊपर बैठा था, नाश्ता कर रहा था, मैंने न जाने कितने हफ़्तों बाद गौरैया देखी। गौरैया, आम स्पैरो, जो घर-घर में होती थीं! एक-एक बच्चा जो अभी पैदा हो रहा है मैं बच्चे की बात इसीलिए कर रहा हूँ क्योंकि हमने बात करी कि एक ग़रीब स्त्री है, उसका बच्चा है और वो ख़राब हालत में है- एक-एक बच्चा जो पैदा हो रहा है, वो हजार पशुओं की, पक्षिओं की, प्राणियों की, मछलियों की जान पर पैदा हो रहा है, क्योंकि आज का बच्चा वनवासी नहीं है, वो पैदा हो रहा है तो उसे बहुत भोगना होता है। उसके भोगने के लिए वो सब सामग्री कहां से आएगी? और जो भोग बच्चे के पैदा होने का आधार है, समझना, वही भोग बच्चे की निर्धनता का भी आधार है। हमारी जो वृत्ति हमसे संतानोत्पत्ति कराती है, हमारी उसी वृत्ति के कारण दुनिया का एक बड़ा हिस्सा अभी भी निर्धन है। दोनों ही वृत्तियां किस बात की हैं? दोनों ही वृत्तियां हैं व्यक्तिगत सुख की हैं- "मुझे व्यक्तिगत सुख मिलना चाहिए, दूसरों का, दुनिया का जो होता हो, होता रहे।" और तुम्हें अगर व्यक्तिगत सुख मिलना ही चाहिए, तो फिर तुम क्यों चाहोगे कि किसी और का भला हो? तुम तो अपने व्यक्तिगत सुख को ही लगातार बढ़ाने की कोशिश करोगे न? उसका नतीजा? उसका नतीजा ये है कि दुनिया के क़रीब सौ लोगों के पास उतनी ही संपदा है, जितनी दुनिया के निर्धनतम कई दर्जन देशों के पास है। दुनिया के मुट्ठी-भर लोगों के पास उतनी ही संपदा है जितनी दुनिया के निर्धनतम कई देशों के पास है।

अब उन निर्धन देशों में अगर तुमको भूखे बच्चे मिलें, तो क्या इसका कारण ये है कि दुनिया में धन की कमी है? इसका कारण ये नहीं है कि दुनिया में धन की कमी है, इसका कारण ये है कि हम व्यक्तिगत सुख चाहते हैं। और व्यक्तिगत सुख कहता है, "मेरे पास धन का अंबार लगता जाए, और मेरे पास अगर धन का अंबार है तो फिर मैं ये भी चाहता हूं कि मेरी कई संतानें हों जो उस धन को भोगें, और दूसरों के पास धन कम-से-कम होता जाए। पहले हम प्रतिशत में बात किया करते थे, है न? पहले हम कहते थे कि दुनिया की जो सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी है, उसके पास दुनिया के पचास प्रतिशत संसाधन हैं। मैं जब बच्चा होता था तो ऐसी बातें होती थीं कि दुनिया की जो एक प्रतिशत, दो प्रतिशत, सबसे अमीर आबादी है, उसके पास दुनिया के करीब आधे संसाधन हैं। तो हम कहते थे, "अरे! ये तो बड़ी हैरतअंगेज बात है, बड़ी अन्याय की बात है।" **-लेखक, वेदांत मर्मज्ञ व प्रशांत अद्वैत संस्था के संस्थापक हैं।**

# फर्जी डिग्रीधारक चिकित्सक गिरफ्तार, महिला की मौत में चल रहा था वांछित

## कई जिलों में एमबीबीएस की फर्जी डिग्री लगाकर लिए रजिस्ट्रेशन और करता था इलाज

- फर्जी डॉ. ने जताया पछतावा, परिजनों ने फंसाने का बताया षड्यंत्र

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** एमबीबीएस की फर्जी डिग्री पर कई जिलों में हॉस्पिटलों के रजिस्ट्रेशन लेने वाले कथित चिकित्सक हरेंद्रपाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फर्जी डिग्री मामले में स्थानीय कोतवाली से वांछित था। इसके अलावा कई अन्य मुकदमों में भी पुलिस को तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद कथित चिकित्सक ने अपनी गलती पर पछतावा भी जताया। वहीं, परिजनों ने बागपत सीएमओ कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी पर फर्जी डिग्री बनवाने और षड्यंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। शुक्रवार रात करीब पौने दस बजे कोतवाली पुलिस ने नगर के कांधला तिराहे से हरेंद्रपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शामली रोड पर स्थित शकुंतला देवी हॉस्पिटल में एमबीबीएस की फर्जी डिग्री पर उपचार देने के मामले में वांछित चल रहा था, जिसके विरूद्ध एसीएमओ डॉ. जाहिद त्यागी की ओर से चार अगस्त 2022 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। महीनों से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। दो दिन पहले आरोपी की लोकेशन मथुरा में मिलने पर पुलिस टीम रवाना हुई थी, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी थी। बाद में लौटने के दौरान कांधला तिराहे से आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी हरेंद्रपाल सिंह ने मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उसने कैराना के शकुंतला हॉस्पिटल और कांधला में अपने दस्तावेज लगाए थे, लेकिन उनकी जांच स्वास्थ्य विभाग को करनी थी। उसके पास में बीएएमएस की डिग्री है, जबकि एमबीबीएस में मिस्टेक है। सवाल करने पर आरोपी ने कहा कि यह डिग्री कंप्यूटर वाला बना देता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शनिवार को पुलिस द्वारा आरोपी हरेंद्रपाल सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।



### ये है पूरा मामला

आठ जुलाई 2022 को एसीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने शामली रोड पर शकुंतला हॉस्पिटल पर छापेमारी की थी। स्वास्थ्य विभाग को यहां महिला का गलत ऑपरेशन करने की शिकायत मिली थी। जांच-पड़ताल के दौरान हॉस्पिटल में भारी अनियमितता मिलने पर सील लगा दी गई थी। जबकि स्टाफ फरार हो गया था। बाद में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हरेंद्रपाल सिंह की डिग्री जांच के लिए उप्र मेडिकल काउंसिल लखनऊ भेजी गई थी, जो फर्जी मिली थी। इसके बाद एसीएमओ डॉ. जाहिद अली त्यागी ने हरेंद्रपाल सिंह के विरूद्ध फर्जी डिग्री मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके अलावा आरोपी हरेंद्रपाल सिंह पर कई जिलों में भी फर्जी डिग्री पर रजिस्ट्रेशन लेने के आरोप हैं, जिसके विरूद्ध मुकदमे भी दर्ज हैं। कैराना पुलिस के अलावा कई थानों की पुलिस को आरोपी की तलाश थी।

**शामली समेत कई जिलों में इस्तेमाल की फर्जी डिग्री**

किसान नेता विनोद निर्वाल भी आरोपी हरेंद्रपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद कैराना पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी मौसी की लड़की की एक हॉस्पिटल में करीब एक वर्ष पूर्व मौत हुई थी। आरोप है कि सीएमओ कार्यालय में तैनात क्लर्क फर्जी डॉक्टर तैयार करता है। हरेंद्रपाल सिंह की फर्जी डिग्री पर शामली सहित बागपत, मथुरा व मुजफ्फरनगर में रजिस्ट्रेशन लिए गए थे।

# जिम संचालक का तीसरा हत्यारा भी गिरफ्तार

- दो हत्यारे पहले ही भेजे जा चुके हैं जेल

भास्कर ब्यूरो

**झिंझाना।** ऊन में हुई जिम संचालक की हत्या के एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो हत्यारों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। झिंझाना के ऊन निवासी विशुकांत शर्मा पुत्र पुष्पेन्द्र शर्मा निवासी मौहल्ला आर्यपुरी कस्बा ऊन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने मौहल्ला जयसिंह निवासी हैप्पी दलाल पुत्र ऋषिपाल, रोहन लाटियान निवासी रेडा माजरा थाना झिंझाना को नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल मुख्य अभियुक्त हैप्पी व रोहन लाटियान को बाइक व आलाकत्ल तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि फरार अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। शनिवार को पुलिस ने हत्या के एक अन्य आरोपित वंश पुत्र शौकेन्द्र निवासी गांव टोडा थाना झिंझाना को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि 21 दिसम्बर को स्कूल जाते समय बस में हुए विवाद को लेकर स्कूल में मारपीट हुई थी जिसके बाद बेइज्जती का बदला लेने के लिए अपने साथी हैप्पी दलाल व रोहन के साथ विशु को जान से मारने की योजना बनाकर विशु को सीएचसी ऊन के पास शमशान घाट पर बुलाया। हैप्पी, विशु तथा उसका एक अन्य साथी शमशान घाट पर पहुंच गए। वह और रोहन पहले से वहां मौजूद थे, विशु ने आते ही उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी जिसके बाद रोहन ने जेब से तमंचा निकालकर विशु के सीने में गोली मार दी जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी झिंझाना अनिल कपरवान ने बताया कि पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है।





**गुजरात पुलिस की दबिश**

झिंझाना। शनिवार की दोपहर को गुजरात राज्य के जामनगर सीटीसी डिविजन थाना से हैंड कांस्टेबल महेश कुमार आर डागर ने टीम के साथ थाने पहुंचकर आमद कराते हुए तीन वर्ष पूर्व अपने क्षेत्र में लूट व चोरी की घटना में वांछित चल रहे आरोपियों शंकर उर्फ राहुल,मनोहर कुमार, रामसेवक निवासी खानपुर को गिरफ्तार करने हेतु स्थानीय पुलिस को साथ लेकर आरोपियों के घर दबिश दी। लेकिन आरोपी नहीं मिले।



# हनुमान धाम पर साधू-संतों को वितरित किए गरम कम्बल

**भास्कर ब्यूरो, शामली।** कडाके की ठंड को देखते हुए मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम प्रबंध समिति द्वारा शनिवार को दर्जनों साधु संतों व गरीब तथा असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया गया। मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची मानवसेवा है। इन दिनों पड रही कडाके की ठंड व कोहरे के प्रकोप को देखते हुए मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम ने गरीब व असहाय लोगों की सहायता के लिए कदम उठाया है। शनिवार को हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने मंदिर पहुंचे दर्जनों साधु संतों के अलावा गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया। प्रधान सलिल द्विवेदी ने कहा कि मानव सेवा ही सच्चे अर्थों में ईश्वर की सेवा है। गरीब व असहाय लोगों की सहायता करने से प्रभु भी प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर दीपक संगल, प्रदीप पंवार, राकेश शर्मा, रमेश धीमान, संदीप नामदेव, अमित प्रजापति, भोला आदि भी मौजूद रहे।

# थानों में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई समस्याएं

## डीएम-एसएसपी ने शामली कोतवाली में सुनी समस्याएं, समाधान करने के निर्देश

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** डीएम जसजीत कौर एवं एसएसपी अभिषेक ने शनिवार को कोतवाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान फरियादियों ने दोनों अधिकारियों के समक्ष पहुंचकर अपनी पीडा सुनाई।

शनिवार को डीएम जसजीत कौर एवं एसएसपी अभिषेक ने कोतवाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर बडा बाजार निवासी सचिन जिंदल ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने नोएडा से ईकार्ट लोजिस्टिक कोरियर द्वारा एक कोरियर 8 नवम्बर 2022 को शामली मंगवाया था। उक्त कोरियर उन्हें 9 दिसम्बर को मिला। कोरियर खोलने पर उसका वजन 723 ग्राम हुआ लेकिन उक्त कोरियर 1.240 ग्राम का था। कोरियर में केसर थी जिसमें दो पैकेट थे, एक पैकेट में से केसर का चूरा था जो 38000 हजार रुपये का था जो उसे मिल गया व दूसरा पैकेट केसर का जो 47500 रुपये का था, वह नहीं मिला। सचिन ने आरोप लगाया कि ईकार्ट लोजिस्टिक कोरियर वालों ने उसके साथ धोखाधडी करते हुए एक पैकेट निकाल लिया है। पीडित ने अधिकारियों से उक्त कोरियर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। डीएम व एसएसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा शराब पीकर छात्राओं व युवतियों से छेडछाड सहित कई समस्याएं भी संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। कांधला थाना प्रांगण में नायब तहसीलदार गौरव कुमार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह के द्वारा समस्याएं सुनी गई। नायाब तहसीलदार गौरव कुमार के द्वारा बताया गया कि थाना समाधान दिवस में दो शिकायतें आई थी जिनका मौके पर ही निस्तारण करा दिया है।



झिंझाना थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार ऊन सचिन वर्मा एवं थाना प्रभारी अनिल कप्परवान ने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी, जिसमे जमीन विवाद को लेकर पहुंचे फरियादियों ने समाधान हेतु शिकायती पत्र दिया। समाधान दिवस में कुल सात शिकायत आयी, किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया,जिनको निस्तारण हेतु सम्बंधित लेखपाल एवं कानूनगो को भेजा गया है।

कैराना कोतवाली परिसर में एसडीएम शिवप्रकाश यादव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जमीन मामलों से संबंधित तीन शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी, एसएसआई राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# इकोनामिक कॉरिडोर को लेकर किसानों की समस्याएं सुनी

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान सांसद कैराना प्रदीप चौधरी जिला अधिकारी अपर जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी एनएचएआई बागपत के पीडी संजय मिश्रा अंबाला के पीडी वीरेंद्र सिंह व एनएचएआई औप्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों के साथ बैठक की बैठक में पानीपत खटीमा मेरठ करनाल व शामली बाईपास व मुख्य रूप से दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर में किसानों की समस्याओं को सुना गया किसानों ने मुख्य रूप से अंडरपास की हाइट व जो उनको रोड के हिसाब से गहरा बना रहे हैं और तिरछा बना रहे हैं उसका मुद्दा उठाया इसके साथ ही सिंचाई की नालियों का और सर्विस रोड का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और शामली जिले में 9 अंडरपास 5 मीटर की हाइट और 6 अंडरपास 4 मीटर की हाइट बढ़ाने की लिस्ट मंत्री जी को दी इसके साथ-साथ सिंचाई की नालियों की जरूरत के हिसाब से लिस्ट मंत्री जी को दी मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि वे मंत्रालय में बात करेंगे और किसानों की जरूरतमंद सभी नालियां और अंडरपास की हाइट और सर्विस रोड दिलवाए जाएंगे। किसानों ने कड़े शब्दों में कहा कि जब तक इन अंडर 500 की हाइट नालिया और सर्विस रोड की सुविधा नहीं होती तब तक अंडर 500 पर काम नहीं होने दिया जाएगा और अगर कहीं किसान की नालियां और रास्ते बाधित है वहां पर भी काम नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री अपने स्तर से या मंत्रालय में बात करके इनको हल कराएं अन्य हाईवे की समस्याएं भी किसानों ने रखी किसानों की तरफ से मुख्य रूप से संघर्ष समिति शामली के सचिव विदेश मलिक भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष कपिल खटियान नगर अध्यक्ष योगिंदर सिंह विजेंदर सिंह योगेंद्र शामिल हुए

# हादसे में कांधला के दो युवकों की राजस्थान में मौत

भास्कर ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू रोड निवासी 17 वर्षीय जावेद पुत्र गुलफाम, 22 वर्षीय फिरोज पुत्र अलीहसन और 30 वर्षीय कलीम राजस्थान राज्य के जिला अलवर में फेरी करने का कार्य करते हैं।शुक्रवार की दोपहर को तीनों युवक अलवर जिले के राजगढ़ गांव में हाईवे पर स्थित एक होटल पर बैठकर चाय पी रहे थे। इसी बीच एक अनियंत्रित कार ने तीनों युवकों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से जावेद और फिरोज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कलीम गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक कार को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अलवर जिले के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की सूचना मृतक युवकों के परिजनों को दी। दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर परिजन राजस्थान के लिए रवाना हो गए। शनिवार को दोनों युवकों के शव पीएम से आने के बाद परिजन कस्बे में लेकर पहुंचे।

## धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे, उपहार भेंट किए

# स्कूलों में दिखे नन्हें सांता क्लोज, जमकर मनाया जश्न

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** जिले के शिक्षण संस्थाओं में शनिवार को क्रिसमस डे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लास की ड्रेस पहनकर स्कूलों में पहुंचे तथा जमकर जश्न मनाया। शिक्षकों ने बच्चों को क्रिसमस की बधाई देते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किए। जिले के शिक्षण संस्थाओं में क्रिसमस डे पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में शनिवार को क्रिसमस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल चेयरमैन सुनील गोयल, उप चेयरमैन शिखर गोयल, निदेशक प्रियांक गोयल व प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर सभी को त्यौहार की बधाई दी। छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लास की ड्रेस पहनकर स्कूल पहुंचे। कक्षा प्ले से कक्षा चार तक के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल में डासिंग इलैक्ट्रोनिक सांता क्लाज की व्यवस्था की गयी थी जो बिजली द्वारा प्रभावित करने पर नृत्य करने के साथ-साथ क्रिसमस डे की संगीत की ध्वनि निकाल रहा था, साथ ही क्रिसमस ट्री भी बनाया गया जिसको रंग बिरंगी रोशनी, गिफ्ट आदि से सजाया गया। सांता क्लाज ने बच्चों को टाफी, चाकलेट व अन्य उपहार भेंट किए। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। वहीं दूसरी ओर लपराना स्थित होली चाइल्ड इंटर कालेज में भी क्रिसमस डे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी व यूकेजी के छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लाज बनकर बच्चों को उपहार बांटे। प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर ने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी। कालेज कोआर्डिनेटर अमृता तोमर ने बच्चों से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कराए। विद्यालय प्रबंधक जबरसिंह खैवाल ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर सुधीर पंवार, देवेन्द्र तोमर, सन्नी कुमार, अभिषेक शर्मा, प्रिंस कुमार, ललित, श्रीपाल खैवाल, अनुज, प्रवीण खैवाल, डोली, आरती, प्रिया, सजाता, मानसी, श्रुति मौजूद रहे।







# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली ने यात्रियों को चपेट में लिया

भास्कर ब्यूरो

जलालाबाद। दिल्ली- सहारनपुर नेशनल हाईवे पर सुबह सुबह सहारनपुर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली व गंगोह मार्ग से आ रही एक कार मे भिडंत हो गई, जिसके बाद टैक्टर ट्राली ने सडक किनारे बस की इंतजार मे खडी सवारियो को अपनी चपेट मे ले लिया। इस हादसे मे कई महिला बच्चो को चोटे आई जबकि एक महिला नूरजहां पत्नी सलीम निवासी भाष्कर मण्डी सिर व पैर मे गम्भीर चोटे आई, जिसे पहले थानाभवन चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया। परन्तु गम्भीर हालत के चलते उसे तुरन्त ही हायर सैन्टर के लिए रैफर कर दिया गया। दुर्घटना मे कार मे बैठी सवारियो को भी मामूली चोटे आई है जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक जलालाबाद निवासी राजेन्द्र पाल को हिरासत मे लेकर टैक्टरट्राली को कब्जे मे ले लिया।

# सार सुर्खियां

### रिश्तेदार को फंसाने के लिए रच डाला लूट का ड्रामा

शामली। चौसाना के गांव अलीपुरा में हुई लूट का मामला पुलिस जांच पडताल में झूठा निकला, जिसके बाद पुलिस ने वादी को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ की तो उसने सारा मामला उगल दिया। वादी ने अपने ही साढू को फंसाने के लिए लूट का झूठा नाटक रचा था। चौकी प्रभारी सचिन पूनिया ने बताया कि मुबारिक ने पूरा षडयंत्र अपने साढू को फंसाने के लिए रचा था जिसकी रिपोर्ट न्यायालय में भेजी जाएगी, जिसके आधार पर वादी पर कार्रवाई की जाएगी।

### पशुचरान की भूमि से हटवाया कब्जा

जलालाबाद। क्षेत्र के ग्राम दभेडी मे राजस्व विभाग शामली द्वारा पशुचरान की लगभग साढे तीन बीघा जमीन खसरा न0 105 को अवैध कब्जाधारियो से खाली कराया गया है । पशुचरान की उक्त भूमि दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर मौजूद थी जिस पर दभेडी निवासी धर्मपाल व शिवकुमार द्वारा कब्जा कर अपनी जमीन मे मिलाया गया था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान आसिफ राव द्वारा की गई थी जिस पर राजस्व लेखपाल भूपेन्द्र, रविन्द्र व देशवाल औकार आदि द्वारा पुलिस बल को साथ लेकर पैमाईश कर उक्त भूमि मे गेंदा व गेहू की फसल मे ट्रैक्टर चलाकर खाली करा दिया गया।



### खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम

झिंझाना। शनिवार को मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल, में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के छात्र छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में कक्षा 2 और कक्षा 3 में थ्री लेग रेस फॉर गर्ल्स में प्रथम स्थान पर चंचल एवं मानवी, द्वितीय शगुन एवं अलिप्सा तथा तृतीय स्थान पर सीरत एवं शिवांगी रहे। थ्री लेग रेस फॉर बायस में प्रथम स्थान पर आदित्य तोमर एवं समद, द्वितीय स्थान पर हैप्पी एवं मानस तथा तृतीय स्थान पर वासु एवं वेदांत रहे।सैक रेस फॉर गर्ल्स में प्रथम स्थान पर लवी,द्वितीय निधि तथा तृतीय स्थान पर आलिया सैफी रहीं। रविन्द्र मलिक, सुमित कुमार,अरविन्द कुमार,पंकज गर्ग, दीपक नामदेव, शिखा तोमर, अलका सैनी,विनीत आर्य, मीनू रानी, विशाखा सैनी आदि का सहयोग रहा।

### पीओपी कारीगर के साथ की मारपीट

कैराना। गांव मोहम्मदपुर राई निवासी शाहनवाज पीओपी का कार्य करता है। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे उसे कार्य के लिए सफा कॉलोनी के निकट बुलाया गया। वह अपने परिवार के दो सदस्यों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि वहां पहले से खड़े आधा दर्जन नकाबपोश लोगों ने उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की, जिसमें उसके शरीर पर गंभीर घाव पड़ गए। जबकि उसके साथ गए दोनों युवकों ने भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ति ने मामले के संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### शत्रु संपत्ति बेचने के मामले में कार्रवाई के निर्देश

कैराना। शनिवार को गांव रामड़ा निवासी इरशाद उर्फ सोनू, अफगानान निवासी इसरार, सावेज, साजिद आदि ने थाना समाधान दिवस में एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि पालिका बारातघर के निकट कथित प्रोपर्टी डीलरों ने उन्हें शत्रु संपत्ति की भूमि बेच दी है, जिसमें कई लोगों के बैनामे भी किए गए हैं। मामले में एसडीएम ने पीड़तिों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ऑक्सीजन प्लांट का किया निरीक्षण

कांधला। कोरोना वायरस को देखते हुए डॉ विनोद कुमार और डीपीएम आशुतोष ने राजकीय अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से कोरोना वायरस को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

### कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

चौसाना। सुंदरनगर में कब्रिस्तान की भूमि पर गांव के लोगो द्वारा अवैध कब्जे को लेकर एक व्यक्ति ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि अवैध कब्जे को रोकने पर गाली गलौच किया गया। शिकायतकर्ता ने कार्यवाही की मांग की है। चौसाना कस्बा निवासी लियाकत पुत्र सफी का कहना है कि सुंदरनगर निवासी गुरप्रीत सिंह ने कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करके मकान बनाना शुरू कर दिया था।

### साप्ताहिक बंदी के बावजूद खुली दुकानें

जलालाबाद। जलालाबाद मे साप्ताहिक बन्दी का कुछ दुकानदारो द्वारा मखौल उडाया जा रहा है। शनिवार के दिन जलालाबाद मे साप्ताहिक बन्दी रहती है परन्तु बावजुद इसके जहां अधिकांश बाजार बन्द रहतें है वही कई दुकानदार साप्ताहिक बन्दी पर भी दुकान खोले रखते है। शाम के समय सहायक लेबर कमिश्नर शामली अचानक मेन बाजार बस स्टैण्ड मार्किट मे पहुंच गये एवं दाता राम पाल मार्किट व अन्य मार्किट के कई दुकानदारो के चालान काट दिये।

### धमकी दो पर अभियोग दर्ज

कांधला। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी इमरान पुत्र शकील ने बताया कि दो व्यक्तियों के द्वारा लगातार उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ति व्यक्ति ने कैराना निवासी जुम्मा, व शहजान नाम के दो आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### रेत से लदे दो डम्फर किए सीज

झिंझाना। शनिवार की दोपहर को नायब तहसीलदार सचिन वर्मा ने बिडौली चौकपोस्ट के पास यमुना बांध पर ओवरलोड रेत से भरे डम्फर को पकड़कर एआरटीओ के सुपुर्द किया जिसके बाद एआरटीओ ने रेत से भरे ओवरलोड डम्फर पर कार्रवाई करते हुए सीज कर बिडौली पुलिस की सुपुर्दगी में दिया है।वही मेरठ करनाल हाईवे पर गाड़ी वाला चौराहा पर भी रेत से भरे ओवरलोड डम्फर को पकड़कर सीज किया है।

### युवकों से मारपीट कर नकदी व मोबाइल छीना

कैराना। गांव रामडा निवासी गौतम शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह हरियाणा में यमुना नदी के पास पेट्रोल पंप के बराबर में वाहनो में प्रदूषण की जांच करने का काम करता है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह बाइक द्वारा अपने साथी कपिल के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान रामड़ा यमुना तटबंध पर बाइक सवार आधा दर्जन युवकों ने उनकी बाइक रोक ली तथा गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई।

### गौकशी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

कैराना। गांव बरनावी निवासी भूरा उर्फ दिलशाद के खिलाफ पिछले दिनों कोतवाली में गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में आरोपी वांछित चल रहा था, जिसे शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया है।

# खेल-कारोबार

आज ही के दिन 1871 में फुटबॉल क्लब का गठन किया गया था।

## सारसुर्खियां

### करियर बढ़ा सकते हैं एंजेल डी मारिया

**ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्व कप फाइनल मैच में अर्जेंटीना की फ्रांस पर नाटकीय पेनल्टी शूटआउट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एंजेल डी मारिया अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। 34 वर्षीय जुवेंटस विंगर ने पहले घोषणा की थी कि वह कतर में फुटबॉल विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। डि मारिया के अब 2024 कोपा अमेरिका कप में खेलने की संभावना हैं। डि मारिया ने पिछले रविवार को फाइनल मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पेनल्टी शूट को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

### संतुलित बजट पुष्टि

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने टोक्यो 2020 ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के संतुलित बजट की पुष्टि की है। आईओसी न्यूजलेटर ने घोषणा की है कि टोक्यो 2020 आयोजन समिति ने 5.8 अरब अमरीकी डॉलर का संतुलित बजट हासिल किया है। यह आंकड़े बजट प्रक्रिया के बाद प्रदान किए गए थे। प्रक्रिया में आयोजन समिति, टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार और जापान सरकार शामिल थी। बजट जून में टोक्यो 2020 की आखिरी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में पेश किया गया था।

### स्वस्थ नहीं था: वॉर्नर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने शनिवार को स्वीकार किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ उनकी अनबन के कारण वह पर्थ टेस्ट से पहले मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं थे। वॉर्नर ने उनके कप्तान बनने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपील की थी। वॉर्नर और बोर्ड दोनों ही इस मामले पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित समिति इसे सार्वजनिक रूप से करना चाहती थी। वॉर्नर ने अपनी अपील वापस लेते हुए कहा था कि वह ₹अपने परिवार को क्रिकेट के गंदे कपड़े धोने वाली मशीन नहीं बनाना चाहते। ऑस्ट्रेलिया ने 30 नवंबर को शुरू हुए पर्थ टेस्ट में वेस्ट इंडीज का सामना किया था।

## भारतीय फुटबाल के विकास के लिये संतोष ट्रॉफी है बेहद जरूरी: प्रभाकरन

**• नए खिलाड़ियों के करियर में टूर्नामेंट करेगा मदद**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को कहा कि संतोष ट्रॉफी भारतीय फुटबॉल के मूलभूत विकास के लिये बेहद जरूरी है और यह नए खिलाड़ियों को उनका करियर शुरू करने में मदद करेगी।

डॉ. प्रभाकरन ने कहा कि भारत एक बहुत बड़ा देश है। यह लगभग अपने आप में एक महाद्वीप जैसा है और हमें यहां हर स्तर पर फुटबॉल के प्रतिस्पर्धी आधार को बढ़ाने की जरूरत है। हर राज्य संतोष ट्रॉफी में भाग लेने के लिए उत्सुक है और उन्हें बेहतर अवसर देने का मतलब है कि वे अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर के संचालन में सुधार करने के लिए प्रेरित होंगे, ताकि लंबे समय तक प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भले ही हीरो आईएसएल या हीरो आई-लीग में खेल रहे हों, लेकिन संतोष ट्रॉफी में खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत करना चाहते हैं। कई लोग टूर्नामेंट को एक सीढ़ी के रूप में उपयोग करते हैं, और अच्छे प्रदर्शन का मतलब हो सकता है कि उन्हें



बड़े क्लबों के साथ अनुबंध मिले। यह टूर्नामेंट कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी पाने में भी मदद करता है। यह विशेष रूप से निचले स्तर पर खिलाड़ियों के लिए आवश्यक है क्योंकि वे अपनी तिजोरी में सुरक्षित आय के साथ फुटबॉल खेलना जारी रख सकते हैं। संतोष ट्रॉफी के लिये 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुक्रवार से शुरू हो गई है और इसका उद्देश्य खेल को देश के हर कोने तक फैलाना है।

**सऊदी अरब में होगा फाइनल:** हीरो संतोष ट्रॉफी 2022-23 सीजन के सेमीफाइनल और फाइनल सऊदी अरब में खेले जाएंगे। यह पहली बार होगा जब हीरो संतोष ट्रॉफी के मैच भारत से बाहर खेले जाएंगे और प्रभाकरन का मानना है कि यह खिलाड़ियों को काफी प्रेरित कर सकता है। संतोष ट्रॉफी को विदेश में ले जाने से खिलाड़ियों और टीमों को बहुत प्रेरणा मिलेगी। भले ही केवल चार टीमें यात्रा करेंगी, लेकिन 36 टीमें इन चार स्थानों के लिये लड़ेंगी और हम उम्मीद करते हैं कि इन चार स्थानों के लिये प्रतिस्पर्धा कड़ी होगी।

### जमीनी स्तर पर निवेश करने की है जरूरत

डॉ. प्रभाकरन ने कहा कि उम्मीद है कि संतोष ट्रॉफी की सफलता से हमारे हितधारक स्थानीय फुटबॉल में पैसा लगाने के लिये और अधिक प्रेरित होंगे, क्योंकि हमें जमीनी स्तर पर अधिक निवेश की जरूरत है। हमारे सदस्य संघों को स्थानीय स्तर पर फुटबॉल के विकास में बहुत अधिक सहायता और मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसलिए शायद संतोष ट्रॉफी अधिक सहयोग के लिये एक सेतु के रूप में काम कर सकती है।

### अधिक मैच देने के महत्व पर दिया जोर

डॉ प्रभाकरन ने राज्यों और खिलाड़ियों को अधिक मैच देने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे टीमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। हमारा प्रयास संतोष ट्रॉफी को पुनर्जीवित करना है, इसे भारतीय फुटबॉल परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक के रूप में वापस लाना है और हर स्तर पर फुटबॉल को सक्रिय करना है। अधिक खेलों के साथ, राज्य भी अधिक गंभीरता के साथ अपनी टीमों को तैयार करेंगे।

## क्लीन स्वीप से 100 रन दूर भारत

### बांग्लादेश टीम के गेंदबाजों ने बनाया टीम इंडिया के बल्लेबाजों पर भारी दबाव

**• बांग्लादेश को जीत के लिये चाहिये छह विकेट**

**ढाका, एजेंसी।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को 45 रन पर चार विकेट गंवा दिये। भारत के हाथ में अब महज छह विकेट रह गए हैं। जबकि क्लीन स्वीप से वह 100 रन पीछे है। अक्षर पटेल (26) और जयदेव उनाडकट (तीन) विकेट पर मौजूद हैं।

भारत ने 45 रन बनाने के लिये 23 ओवर खेले। बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजों ने भारत पर दबाव बनाया, जिसका फायदा भी मिला। मेहदी हसन ने गिल, पुजारा और कोहली को आउट किया, जबकि शाकिब अल हसन ने लोकेश राहुल



को दो रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। अक्षर ने चौका लगाकर दिन का खेल समाप्त किया, हालांकि भारत का रन रेट दो रन प्रति ओवर से भी कम है। इससे पूर्व, सलामी बल्लेबाज ज़ाकिर हसन (51) और लिटन दास (73) के जुझारू अर्द्धशतकों की मदद से बंगलादेश ने भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। ज़ाकिर ने 135 गेंदों की पारी में पांच चौके लगाकर 51 रन बनाये, जबकि लिटन ने 98 गेंदों पर सात चौकों के साथ 73 रन का योगदान दिया। भारत ने तीसरे दिन की अच्छी शुरुआत की और 70 रन पर बंगलादेश के चार विकेट गिरा दिये। ज़ाकिर अपना अर्द्धशतक पूरा करने के बाद उमेश यादव (32/1) का शिकार हो गए, जबकि अक्षर पटेल (68/3) ने मेहदी हसन मिराज़ को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया।

### नूरुल की अक्रामक बल्लेबाजी

बंगलादेश के छह विकेट 113 रन पर गिरने के बाद विकेटकीपर नूरुल हसन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर 31 रन बनाये। लिटन और नूरुल के बीच सातवें विकेट के लिये 46 रन की साझेदारी हुई, जबकि नूरुल का विकेट गिरने के बाद लिटन और तस्कीन अहमद ने भी आठवें विकेट के लिये 60 रन जोड़े। इन दोनों साझेदारियों की मदद से बांग्लादेश ने 231 रन बनाकर भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। तस्कीन 46 गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे।

### हमारी स्थिति फिलहाल मजबूत: लिटन

बंगलादेश के उपकप्तान लिटन दास ने कहा कि उनकी टीम फिलहाल मैच में आगे है और जीत हासिल करना उनके लिये मुमकिन है। अगर हम सुबह जल्दी एक या दो विकेट ले लेते हैं तो यह संभव है। निश्चित रूप से हम इस समय आगे हैं और वे दबाव में हैं। अगर कल हम एक अच्छी योजना के साथ आते हैं तो वे बिखर जाएंगे। यह हमारा लक्ष्य है। हमें जीतने की जरूरत है। बंगलादेश ने भारत को टेस्ट क्रिकेट में कभी नहीं हराया है। दोनों टीमें खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अब तक 12 बार आमने-सामने आई हैं, जहां 10 बार भारत ने जीत दर्ज की है जबकि दो बार मुकाबला ड्रॉ रहा है।

## विराट कोहली की खराब फील्डिंग, टपकाए 5 कैच

**• सोशल मीडिया में जमकर हुई ट्रोलिंग**

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश से दूसरे व अंतिम टेस्ट मुकाबले में विराट कोहली की फील्डिंग बेहद खराब रही। विराट कोहली आसान से कैच भी नहीं लपक सके। एक या दो नहीं, विराट कोहली ने पांच कैच छोड़े। जिससे टीम इंडिया मुश्किल में पड़ गई। विराट कोहली की खराब फील्डिंग की वजह से सोशल मीडिया में उनकी जमकर ट्रोलिंग की गई।



बांग्लादेश और भारत के बीच दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन विराट कोहली ने एक के बाद एक पांच कैच टपका दिए। ये कैच आसानी से लिये जा सकते थे, लेकिन कोहली की खराब फील्डिंग के कारण बांग्लादेश को इससे सीधा काफी फायदा मिला। 44वें ओवर में कोहली ने बांग्लादेश के दो बल्लेबाजों को जीवन दान दिया। इस ओवर में कोहली ने दो महत्वपूर्ण कैच छोड़े। 52वें ओवर में नुरुल हसनटो का कैच भी छोड़ दिया। हालांकि, नुरुल इसका फायदा नहीं उठा पाए और 31 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कोहली ने 59वें ओवर में अश्विन की पहली गेंद पर लिटन का कैच छोड़ा।

लगातार कई कैच छोड़ने के बाद सोशल मीडिया में विराट कोहली की जमकर ट्रोलिंग शुरू कर दी गई। कुछ लोगों ने विराट कोहली की फिटनेस पर सवाल उठाए तो कुछ लोगों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है।

## शाहिद चयन समिति के अंतरिम अध्यक्ष

**• पैनल करेगा चयनित टेस्ट टीम की समीक्षा**

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को राष्ट्रीय चयन समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है।



पीसीबी ने शनिवार को बताया कि अब्दुल रज्जाक और राव इफ्तिखार अंजुम समिति के अन्य सदस्य हैं, जबकि हारून राशिद संयोजक होंगे। यह चयन समिति केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिये नियुक्त की गई है। समिति के ऊपर मोहम्मद वसीम के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा चयनित टेस्ट टीम की समीक्षा की जिम्मेदारी होगी।

पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीमित समय के बावजूद वे साहसी निर्णय लेंगे जो हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम बनाने में मदद करेंगे। शाहिद अफरीदी एक आक्रामक क्रिकेटर रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान बिना किसी डर के क्रिकेट खेला। उनके पास लगभग 20 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने सभी प्रारूपों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इसलिए हमारी सामूहिक राय में, आधुनिक समय के खेल की मांगों और चुनौतियों को समझने के लिये उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है।

## जुबा संघा एफसी ने सिग्नेचर को हराया

**नई दिल्ली।** जुबा संघा एफसी ने शनिवार को खेलो इंडिया अंडर-17 महिला फुटबॉल लीग में सिग्नेचर एफसी को 3-0 से हराकर उलटफेर किया। टूर्नामेंट में विजेता टीम के लिये खुशबु, तान्या और किरण ने गोल किये। दिन के दूसरे मुकाबले में हॉप्स एफसी ने मुस्कान (दो) और दीनाक्षी के गोलों से ईव्स एफसी को 3-0 से मात दी। वहीं, रॉयल रेंजर्स ने पंजाब हीरोज को 5-0 से रौंद दिया।

## मुकाबला मुल्तान से कराची स्थानांतरित

**• खराब मौसम के चलते लिया गया है निर्णय**

**कराची, एजेंसी।** खराब मौसम की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज के एक मुकाबले की जगह में बदलाव करना पड़ा है। अब यह मुकाबला मुल्तान में नहीं, बल्कि कराची में खेला जाएगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और न्यूजीलैंड क्रिकेट के बीच वार्ता के बाद यह सीरीज मुल्तान से स्थानांतरित कर कराची में खेले जाने का निर्णय लिया गया है। पंजाब प्रांत में खराब मौसम के कारण पीसीबी को कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। पीसीबी ने बताया कि यह मैच एक जनवरी 2023 के बजाय दो जनवरी 2023 को शुरू किया जायेगा। साथ ही पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले तीन एकदिवसीय मैचों की तारीख भी बदल दी गई है।

पीसीबी ने कहा कि दोनों बोर्डों के बीच इस बात पर भी सहमति बनी है कि दूसरा टेस्ट और तीन वनडे अब एक दिन के लिये आगे बढ़ाये जाएंगे। दूसरा टेस्ट दो जनवरी को शुरू होगा, जबकि तीन आईसीसी विश्व कप सुपर लीग मैच नौ, 11 और 13 जनवरी को खेले जाएंगे।

कहा कि खराब मौसम और कोहरे के कारण मुल्तान में हवाई संचालन को पहले ही बाधित कर दिया गया है।

## केनरा एचएसबीसी का नया इंश्योरेंस प्लान

**• गारंटीड फार्च्यून प्लान किया गया लॉंच**

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना 'गारंटीड फार्च्यून प्लान' को लॉंच किया है।

कंपनी ने कहा कि नई पेशकश एक पीओएस, जीवन बीमा उत्पाद भी है। यह ग्राहकों के लिये लचीलेपन के साथ दो विकल्पों की पेशकश करता है, गारंटीड सेविंग्स विकल्प लक्ष्यों को हासिल करने की इच्छा रखने वालों के लिये है और पॉलिसी की अवधि पूरी होने तक जीवित रहने पर एकमुश्त राशि देता है। दूसरा विकल्प गारंटीड कैश बैक विकल्प ग्राहकों को पॉलिसी के हर पांच साल के बाद निश्चित कैश बैक के रूप में लिक्विडिटी देता है और इसमें उस राशि को टालने और उसे पॉलिसी परिपक्व होने तक जमा करने या पहले ही निकाल लेने का विकल्प भी है। अवधि समाप्त होने पर कैश बैक के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाता है।

इस प्लान में अनूठा फीचर 'केयर पे बेनेफिट' भी शामिल है, जोकि मृत्यु की सूचना पर मृत्यु की तिथि तक भुगतान किये गए सारे प्रीमियम का 100 प्रतिशत देता है।

## खाताबुक में दो अरब से अधिक लेनदेन

**नई दिल्ली।** देश में डिजिटल तरीके से लेनदेन में हो रही बढोतरी से इस वर्ष खाताबुक ऐप 15 ट्रिलियन रुपये के दो अरब से अधिक के लेनदेन हुए हैं।

कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत के एमएसएमई द्वारा डिजिटल पर बढ़ती निर्भरता की झलक देखी जा सकती है। ऐप से हर दिन 20 लाख से अधिक दैनिक सक्रिय यूज़र जुड़े हुए हैं जो देश के लगभग हर जिले से हैं और खाताबुक की यह ऐप देश के एमएसएमई की कारोबारी गतिविधियों की एक झलक दिखाती है। 2022 के दौरान, खाताबुक के प्लेटफार्म पर 2 अरब से अधिक लेन-देन दर्ज हुए।

## इंदौर में होगा लघु उद्योग निर्यात का सम्मेलन

**• 15 देशों के 75 कारोबारी सम्मेलन में लेंगे हिस्सा**

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) अगले वर्ष जनवरी के दूसरे सप्ताह में मध्य प्रदेश के इंदौर में लघु उद्योगों, शिल्पकारों और परंपरागत कारीगरों के लिए एक 'विदेश व्यापार सम्मेलन' का आयोजन करेगा, जिसमें 15 देशों के 75 से अधिक कारोबारी भाग लेंगे।

भारतीय निर्यातक महासंघ के उपाध्यक्ष खालिद खान, फियो के क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) परेश मेहता और महानिदेशक अजय सहाय ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'वैश्विक निवेशक सम्मेलन' का आयोजन होगा। सम्मेलन में जिला आधारित लघु उद्योगों, शिल्पकारों और परंपरागत कारीगरों के उत्पादों के लिए विदेशी बाजार तलाशने का प्रयास किया जाएगा। यह सम्मेलन कारोबार नगरी इंदौर में 11 और 12 जनवरी को होगा। सम्मेलन में 15 से अधिक देशों के तकरीबन 75 कारोबारी भाग लेंगे। मेहता ने कहा कि राज्य की निर्यात क्षमता के आधार पर खरीदारों का चयन कर लिया गया है।




नई दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की मौजूदगी में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया। एजेंसी

### भवनों में इस्पात की चादर की तरह भी किया जा सकता है इन सोलर पैनलों का प्रयोग, अधिक बिजली का करेंगे निर्माण

## इस्पात व कार्बनिक पदार्थों से बनाया सोलर पैनल

**• आईआईटी कानपुर ने किया है विकसित**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने स्टील के ऊपर कार्बनिक पदार्थों की परत चढ़ाकर कार्बनिक सोलर सेल ( सौर ऊर्जा सेल ) विकसित किया है, जो कि सौर विद्युत पैदा करने के साथ-साथ भवनों पर इस्पात की चादर वाली छत का भी काम कर सकते हैं। इस तरह के सोलर पैनल बिजली तैयार करने में अधिक कारगर हैं।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि ये कार्बनिक सोलर सेल कार्बनिक






पॉलिमर और पीसीबीएम यानी कार्बनिक सेमीकंडक्टर (अर्धसंवाहकों) के प्रयोग से तैयार किए गए हैं। कार्बन या प्लास्टिक आधारित सामग्री और कार्बनिक इलेक्ट्रॉनिक्स से बने कार्बनिक सौर सेल अधिक हल्के, लचीले, पतले होते हैं और सामान्य सौर सेल से अधिक टिकाऊ होते हैं। पारंपरिक सौर सेल की तुलना में इनसे अपेक्षाकृत बहुत बड़े क्षेत्र को आच्छादित किया जा सकता है।

आईआईटी कानपुर ने कहा कि आईआईटी कानपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने नई पीढ़ी के सौर-सेल के विकास में सेमीकंडक्टर के अंतरगत कार्बनिक पालिमर पीटीबी7 का इस्तेमाल 'डोनर' (उच्चा ऊर्जा ग्रिड या ऊर्जा प्रदाता) तथा पीसीबीएम को 'एक्सेप्टर' (ग्राही या ऊर्जा को आगे संप्रेषित करने वाला अंग) तैयार करने में प्रयोग किया गया है।

सौर सेल के बीच में अपारदर्शी इस्पात की परत है। सौर सोल का ऊपरी इलेक्ट्रॉड एमओओ3/एयू/एमओओ3 संयोजन के साथ ऊर्जा संप्रेषण की उच्च दक्षता वाला इलेक्ट्रॉड है।

ये इलेक्ट्रोड केवल धात्विक इलेक्ट्रोड की तुलना में अधिक अवरोधमुक्त ऊर्जा संप्रेषण प्रदान करते हैं। सोने के एकल परत वाले टॉप मेटल इलेक्ट्रॉड वाले उपकरणों की तुलना में इनका प्रदर्शन डेढ़ गुना अधिक है।

## ब्लेंडर्स प्राइड ग्लास वेयर फैशन टूर

**नई दिल्ली।** फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के 16वें संस्करण में सेलिब्रिटी डिजाइनर कुणाल रावल ने 'प्राइड इन सेलिब्रेटिंग डाइवर्सिटी बाय डिफाइंग लेबल्स' को पेश किया है।

एफडीसीआई अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया को ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के साथ भागीदारी पर गर्व है, ये फैशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री में अग्रणी हैं। हमारा प्रयास एक्साइटिंग फॉर्मेट पेश करना था, जो डिजाइनर कुणाल रावल और संगीत कलाकार हार्डी संधू के साथ विविधता को सेलिब्रेट करता था। साझेदारी भारत में फैशन के उभरते हुए चेहरे को आकार देने और कल्पना करने के अभियान को प्रदर्शित करेगा।

## 'आई लव मथुरा-वृंदावन' का किया गया अनावरण

**• पेप्सिको व यूनाइटेड वे ने मिलकर किया तैयार**

**मथुरा।** पेप्सिको इंडिया और यूनाइटेड वे दिल्ली ने अपनी 'टाइडी ट्रेल्स' पहल के तहत अपनी साझेदारी में 'आई लव मथुरा-वृंदावन' साइनेज का उद्घाटन किया है।

मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर मुकेश आर्य बंधु और नगर आयुक्त अनुनय झा ने इसका उद्घाटन किया। इसका निर्माण 100 फीसद रिसाइकल्ड पॉलीएथिलीन से तैयार कंपोजिट पैनल से किया गया है। पेप्सिको इंडिया ने कहा कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन का एक सर्कुलर, इक्विटेबल और इनक्लूसिव मॉडल विकसित करके मथुरा-वृंदावन को भारत के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी मौजूदा




पहल 'टाइडी ट्रेल्स' के तहत, एक विशेष मोबाइल वैन को उपयोग के बाद पैदा हुए प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करने के लिए तैयार किया गया है। एकत्र किए गए कचरे को अलग करने के बाद इसे रिसाइकल कर इससे कुर्सी और टेबल जैसे उपयोगी वस्तुएं तैयार की जाती हैं।

## सारसुर्खियां

### रूसः अस्पताल में आग से 22 की मौत

**मॉस्को।** रूस के केमेरोवा शहर में एक निजी अस्पताल में लगी आग से 22 लोगों की मौत हो गई। आग इतनी भीषण थी कि इमारत की दूसरी मंजिल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। दमकल कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बचाव दल राहत कार्य में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुजुर्गों के लिए कई घर पूरे रूस में पंजीकरण के बिना संचालित होते हैं। ये घर निरीक्षण के अधीन नहीं होते हैं, क्योंकि उन्हें आधिकारिक तौर पर निजी संपत्ति माना जाता है।

### ठंड से 12 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पड़ रही कड़ाके ठंड से करीब 20 करोड़ लोग बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए है और छुट्टियों के सप्ताहांत से पहले 12 लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सेवा का कहना है कि अगले कुछ दिनों में सौ से अधिक दैनिक ठंडे दिन के तापमान के रिकॉर्ड टूट सकते हैं। ठंड के कारण शुक्रवार को 15 लाख से अधिक लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा और हजारों उड़ानें रद कर दी गईं। लोग क्रिसमस के लिए घर लौटने के लिए संघर्ष कर रहे है।

### विस्फोट में 10 मरे

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के बोक्सबर्ग शहर में शनिवार को एक ईंधन टैंकर में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य झुलस गए। एलपीजी ले जा रहे एक टैंकर में टक्कर के बाद आग लग गई और जबरदस्त विस्फोट हो गया।

### राबुका बने प्रधानमंत्री

**सुवा।** सित्विनी राबुका को फिजी का नया प्रधानमंत्री चुना गया है। त्रिशंकु संसद के चुनाव के बाद राबुका के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ। अब 16 वर्ष बाद फिजली को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। राबुका 2021 में गठित फिजी में एक राजनीतिक दल पीपुल्स एलायंस के नेता हैं। फिजी की सोशल डेमोक्रेटिक लिबरल पार्टी ने राबुका के पीपुल्स एलायंस और नेशनल फेडरेशन पार्टी के साथ गठबंधन बनाने के लिए मतदान किया। प्रधानमंत्री के लिए गुप्त संसदीय वोट में, राबुका को 28 वोट मिले, जबकि संसद के 27 सदस्यों ने फिजी नेता वोरके बैनिमारामा के लिए मतदान किया।



कनाडा के वैंकुवर शहर में क्रिसमस को लेकर की गई भव्य सजावट और रोशनी। एजेंसी

# भारतीय उच्चायोग को जलाने की धमकी

- मालदीव की विपक्षी पार्टी के सदस्य ने दी है धमकी
- भारत की आपत्ति के बाद हरकत में मालदीव की सरकार

**माले, एजेंसी।** मालदीव में भारतीय उच्चायोग को जलाने की धमकी देने के मामले में भारत की नाराजगी के बाद मालदीव सरकार सख्त हो गई है। सरकार ने कहा कि स्थिति के संबंध में सभी सावधानियां बरती जा रही हैं।

मालदीव की विपक्षी प्रोग्रेसिव पार्टी (पीपीएम) के सदस्य अब्बास आदिल रिजा द्वारा हाल ही में भारतीय उच्चायोग को आग लगाने के आह्वान किया गया था। जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार मालदीव में भारतीय उच्चायोग को निशाना बनाकर आगजनी करने और आतंकवाद भड़काने की कड़ी निंदा करती है। सरकार इस खतरे की बहुत ही गंभीरता से जांच कर रही है और अधिकारियों ने सभी जरूरी एहतियाती कदम उठाए हैं। मालदीव की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने आगजनी के लिए उकसाने के लिए रिजा के आह्वान की कड़े शब्दों में निंदा की। एमडीपी ने कहा कि एमडीपी भारतीय उच्चायोग पर आगजनी के आह्वान की कड़े शब्दों में निंदा करती है और अधिकारियों से मामले की जांच करने की मांग करती है। एमडीपी मित्र राष्ट्रों के प्रति हिंसा और नफरत फैलाने के विपक्ष के निरंतर प्रयास की निंदा करती है।



### ऐसे बयान बर्दाश्त नहीं

मालदीव सरकार ने कहा है कि सार्वजनिक सुरक्षा को बाधित करने वाले ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है, राजनयिक कोर की सुरक्षा को कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा को बाधित करने के उद्देश्य से दुर्भावनापूर्ण इरादे से ऐसी धमकियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# तो क्या अभी जिंदा है अल जवाहिरी!

## वैश्विक आतंकवादी संगठन अलकायदा ने जारी किया अल जवाहिरी का नया वीडियो

- अमेरिका कर चुका है मार गिराने का दावा

**काहिरा, एजेंसी।** वैश्विक आतंकवादी संगठन अल कायदा ने अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर हमले के साजिशकर्ता अयमान अल जवाहिरी का एक वीडियो जारी किया है। जिसमें आतंकवादी संगठन यह दावा कर रहा है कि यह अल जवाहिरी की ही आवाज है। वहीं, अमेरिका यह दावा कर चुका है कि उसने ड्रोन हमले में अल जवाहिरी को मार गिराया है। ऐसे में अल जवाहिरी का नया वीडियो सामने आने पर क्या वो जिंदा है, इस पर बहस शुरू हो गई है।

अमेरिका ने दावा किया था कि उसने इसी साल 31 जुलाई की सुबह अफगानिस्तान के काबुल में एक ड्रोन हमले में अलकायदा प्रमुख अल जवाहिरी को मार गिराया था। जबकि अलकायदा संगठन ने अल जवाहिरी का नया वीडियो जारी किया है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह वीडियो लगभग 35 मिनट का है। जिसमें अलकायदा संगठन ने दावा किया है कि यह रिकॉर्डिंग अल-जवाहिरी की है। हालांकि, रिकॉर्डिंग कब की है, यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

अल-जवाहिरी 9/11 यानि वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। जिसे अमेरिका ने ड्रोन हमले में मार गिराया था। सूत्रों के अनुसार अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से पहले अल-जवाहिरी पाकिस्तान में छिपा था। माना ज रहा है कि उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का संरक्षण भी प्राप्त था। वैश्विक आतंकवादी अल जवाहिरी पर हमले में पाकिस्तान के शामिल होने की आशंका है। हालांकि, पाकिस्तान इस दावे से हमेशा इनकार करता रहा है।

### पाकिस्तान में छिपा था जवाहिरी

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अल कायदा का कुख्यात आतंकवादी प्रमुख अल जवाहिरी को पाकिस्तान में शरण दी गई थी। यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज (ईएफएसएएस) ने कहा कि कई सालों तक यह माना जाता था कि जवाहिरी पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाके में छिपा हुआ है और यह स्पष्ट नहीं है कि वह अफगानिस्तान क्यों लौटा। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद, यह माना जाता है कि जवाहिरी का परिवार काबुल में सुरक्षित घर लौट आया।

### हत्या में पाकिस्तान की थी भूमिका

शीर्ष खुफिया सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि जवाहिरी को कराची में शरण दी जा रही थी और तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा करने के कुछ समय बाद, उसे हक्कानी नेटवर्क द्वारा चमन सीमा के जरिए काबुल ले जाया गया था। जवाहिरी की हत्या में पाकिस्तान की भूमिका पर अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (एईआई) के माइकल रुबिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जवाहिरी की हत्या में पाकिस्तान की भूमिका थी।

# वैश्विक दबाव के आगे झुका तालिबान समूह

- महिलाओं के लिये कॉलेज खोलने पर करेगा विचार

**काबुल, एजेंसी।** वैश्विक दबाव के आगे अफगानिस्तान में तालिबान सरकार अब झुकने को तैयार है। लड़कियों के लिये उच्च शिक्षा पर पाबंदी लगाने के बाद तालिबान की चौतरफा निंदा हुई थी। अब तालिबान लड़कियों के लिये स्कूलों और विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की संभावना पर चर्चा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान सरकार ने लड़कियों के लिए विश्वविद्यालय और स्कूल खोलने पर चर्चा की है। तालिबान सरकार के अफगान शिक्षा मंत्रालय ने निजी और राज्य उच्च शिक्षा संस्थानों में लड़कियों की शिक्षा को निलंबित करने का आदेश दिया। कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों और वैश्विक नेताओं ने अफगान अधिकारियों के इस फैसले की कड़ी आलोचना की है। अगस्त 2021 में तालिबान अफगानिस्तान में सत्ता में आया, जिसके परिणामस्वरूप देश में आर्थिक, मानवीय और सुरक्षा संकट गहरा गया। तालिबान सरकार महिलाओं या इस्लामवादी आंदोलन से असंबद्ध लोगों को सत्ता में शामिल नहीं करती है। अफगान महिलाओं ने अपने अधिकारों के सम्मान की मांग करते हुए देश के कुछ शहरों में कई विरोध प्रदर्शन किए हैं।

वहीं, अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बाद से महिलाओं को कई तरह के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। अब तालिबानी हुकूमत ने उनके लिए उच्च शिक्षा पर रोक लगा दी है। इसके बाद से यहां की महिलाओं में आक्रोश है।

# चीन समेत पांच देशों के यात्रियों पर नजर

- आरटी-पीसीआर टेस्ट किया गया अनिवार्य

**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वैरिएंट की आशंका पर अब चीन समेत पांच देशों के यात्रियों पर सरकार की नजर है। देश में सक्रिय मरीजों में मामूली इजाफा दर्ज किया गया है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि चीन, जापान, हांगकांग, बैंकॉक और दक्षिण कोरिया से भारत आने वाले लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, इसको लेकर जल्द ही विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए विमानन मंत्रालय का एक आदेश जारी हुआ है। इसके तहत वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति घोषित करने के लिए एयर सुविधा फॉर्म भरना अनिवार्य कर दिया गया है। भारत में शुक्रवार को कोरोना के 201 नए मामले सामने आए हैं जो कि गुरुवार की तुलना में 38 अधिक है। इसी के साथ देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,76,879 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,397 पर पहुंच गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में संक्रमण की दैनिक दर 0.15 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.14 प्रतिशत दर्ज की गई है।

कोविड-19 का पता लगाने के लिए कुल 90.97 करोड़ नमूनों की जांच की जा चुकी है।

# आठ तीर्थयात्रियों की हादसे में मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के थेनी जिले में कुमुली पर्वत दर्रे के नजदीक एक कार करीब 40 फिट गहरी खाई में गिर गयी जिससे आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि अंदीपट्टी के रहने वाले तीर्थयात्री सबरीमाला से भगवान अयप्पा की के दर्शन करके घर लौट रहे कि कुमुली पर्वत दर्रे पर इराइचलपालम प्वाइंट के पास उनकी कार अचानक गहरी खाई में गिर गई।

# केरल हाईकोर्ट की गूगल को फटकार

- सिर्फ मध्यस्थ होने का दावा नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट ने गूगल को फटकार लगाते हुए कहा कि सर्च इंजन के रूप में वह सिर्फ मध्यस्थ होने का दावा नहीं कर सकता है और न ही कह सकता है कि सर्च परिणामों में दिखाई देने वाली सामग्रियों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।






गूगल सर्च में दिखने वाले व्यक्तिगत जानकारियां हटाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस मुहम्मद मुस्ताक और जस्टिस शोबा अन्नम्मा एपेन की खंडपीठ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में सामग्री की प्रकृति की पहचान कर उसे हटाना संभव है। इसलिए हम यह नहीं मान सकते हैं कि गूगल का ऑनलाइन किए गए प्रकाशनों पर नियंत्रण नहीं है।

हाईकोर्ट ने पूछा कि क्या वे प्रतिबंधित सामग्री को ऑनलाइन प्रदर्शित होने की अनुमति दे सकते हैं। खंडपीठ ने यह भी कहा कि किसी भी वैध रिकॉर्ड का प्रकाशन संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ए) व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में संरक्षित है। इसलिए गूगल के लिए एक टूल बनाना और विशेष डाटा की पहचान कर उसे हटाना मुश्किल नहीं हो सकता।

# 'कुत्ते' का पहला गाना 'आवारा डॉग्स'

बॉलीवुड हलचल





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर की आने वाली फिल्म कुत्ते का पहला गाना आवारा डॉग्स रिलीज हो गया है।

बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला गाना आवारा डॉग्स हुआ रिलीज कर दिया गया है। इस गाने को विशाल भारद्वाज और देबरपितो साहा के कोरस के साथ विशाल ददलानी की दमदार आवाज में रिलीज किया गया है। साथ ही विजय गांगुली ने गाने की कोरियोग्राफी की है। इस फिल्म का म्यूजिक विशाल भारद्वाज ने दिया है। 'कुत्ते' का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसे गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आसमान भारद्वाज निर्देशत यह फिल्म एक सस्पेंस थ्रिलर है।

# करण जौहर संग 'वेड' के गाने में झूमें रितेश देशमुख

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख ने फिलमकार करण जौहर के साथ अपनी आने वाली मराठी फिल्म वेड के गाना पर डांस किया है।



रितेश देशमुख जल्द मराठी फिल्म वेड में नजर आएंगे। इस फिल्म में जेनेलिया डिसूजा की भी अहम भूमिका है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह करण जौहर के साथ अपनी फिल्म के गाने 'वेड लावलय' पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो शो 'केस तो बनता है' के सेट के दौरान का है। इस वीडियो को शेयर करते हुए रितेश ने कैप्शन में लिखा कि शुक्रिया, मेरे प्यारे करण जौहर वेड लावलय से जुड़ने के लिए। रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित वेड तेलुगु फिल्म 'मजिली' से प्रेरित है, जिसमें नागा चैतन्य और सामंथा रुथ प्रभु नजर आए थे। यह फिल्म 30 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### साउथ में बॉबी देओल की धमक

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म में शानदार एंट्री के बाद अब धरम पुत्र बॉबी देओल साउथ सिनेमा में प्रवेश करने जा रहे हैं। बॉबी ने ओटीटी पर 'आश्रम' वेब सीरीज और 'लव हॉस्टल' फिल्म में खतरनाक खलनायक के किरदार निभाए, जिनकी गूंज दक्षिण भारत तक जा पहुंची है। बॉबी देओल अब अपनी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म करने जा रहे हैं। 'हरि हारा वीरा मल्लू' नामक इस फिल्म में वह पवन कल्याण और निधि अग्रवाल की जोड़ी का जीना मुश्किल करने वाले हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनने जा रही इस फिल्म में बॉबी का किरदार काफी खूंखार होने वाला है।

# सीएम केजरीवाल ने बताए शांत मन के फायदे


भास्कर समाचार सेवा

- पिपश्यना साधना करेंगे अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि वे विपश्यना साधना के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने शांत मन के फायदे भी गिनाए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मै विपश्यना साधना के लिए जा रहा हूं, 1 जनवरी को लौटूंगा। कई सौ साल पहले भगवान बुद्ध ने यह विद्या सिखाई थी क्या आपने विपश्यना की है? अगर नहीं तो एक बार जरूर कीजिए। मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक बहुत लाभ होता है। विपश्यना ध्यान प्रणाली की एक प्राचीन विधि है, जिसको भारत की प्राचीन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण साधना भी माना जाता है। विपश्यना ध्यान केंद्र भारत के कई शहरों में स्थित है। विपश्यना ध्यान केंद्र धर्मशाला, लखनऊ, कानपुर, जोधपुर, राजकोट, इंदौर, जयपुर, हरियाणा और नई दिल्ली के साथ-साथ कई जगहों पर हैं।

कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को विपश्यना के जरिए ही ज्ञान हासिल हुआ था। इसमें पहले सांसों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।



नई दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा में राहुल गांधी के साथ सोनिया गांधी। एजेंसी

### लाहौर, कराची और ननकाना साहब के बिना भारत अधूरा, पीओके भी है भारत का अभिन्न हिस्सा : इंद्रेश

# पाकिस्तान को उसकी भाषा में देना चाहिये जवाब

- 370 हटने से कश्मीर का हो रहा है विकास

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान को उसी को भाषा में जवाब देना चाहिए और वैसे लोग जिनका अपने देश की सरजमीं पर दम फूलता है और यहां रहने में उन्हें बेचैनी का एहसास होता है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 21वें स्थापना दिवस पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने 20 साल की विजय गाथा संपन्न की है। इसके लिए उन्होंने मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बधाई दी। अगर पाकिस्तान में यह नारा लगाया जाता है कि कश्मीर के बिना पाकिस्तान अधूरा है, तो हमें भी यह नारा लगाने से कोई रोक नहीं सकता कि लाहौर, कराची व ननकाना साहब के बिना भारत अधूरा है।

इंद्रेश कुमार ने दावा किया कि बलूचिस्तान और सिंध आदि हिस्से पाकिस्तान से अलग हो सकते हैं। यहां के लोग पाकिस्तान से अलग होने के लिए आंदोलन चला रहे हैं। वर्ष 1947 में भारत से पाकिस्तान टूटा था और 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग हो गया, मगर यह सभी भारत का ही हिस्सा थे।



आज भारत के इर्द-गिर्द कई सीमाएं बन गई हैं। सीमाओं की रक्षा के लिए हमें अरबों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने इशारों में देश के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के लोग कहते हैं कि इस देश में मुसलमानों में बेचैनी और असुरक्षा का भाव है, जबकि इस देश का मुसलमान हिंदुस्तानी था, हिंदुस्तानी है और हिंदुस्तानी ही रहेगा। उसे अपने देश से बेहद प्यार है और उसको यहां कोई डरा नहीं सकता।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि संविधान सभा में अनुच्छेद 370 का सभी मुस्लिम सदस्यों ने विरोध किया था। खुद बाबासाहेब ने भी इसका विरोध किया था, लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 को अल्पकालिक तौर पर कश्मीर में लगाया था। 70 साल बाद मोदी सरकार ने इसे समाप्त किया।

### मुस्लिम समाज को समझा गया वोट बैंक

इंद्रेश ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को तीन तलाक से छुटकारा दिलाया और कानून बनाकर महिलाओं को मान-सम्मान से जीने का हक प्रदान किया है। मुस्लिम समाज को हमेशा वोट बैंक समझा गया है। वर्तमान सरकार ने उनके हक की बात की है और उन्हें इज्जत के साथ जीने का मौका दिया है। 24 दिसंबर 2002 को 15-20 लोगों के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच बनाया गया था। नेशन फर्स्ट, नेशन आलवेज, नेशन लास्ट की सोच के साथ यह आगे बढ़ा। आज यह मंच न सियासी है और न ही मजहबी।

उत्तराखण्ड शासन

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

# संकल्प नये उत्तराखण्ड का

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH ONE FAMILY ONE FUTURE



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## एक जिला-दो उत्पाद योजना से स्थानीय उत्पादों को मिल रही नई पहचान

### अल्मोड़ा

**बाल मिठाई**



**टवीड्**



### हरिद्वार

**जैगरी**



**शहद**



### पिथौरागढ़

**ऊनी कार्पेट**



**मुनस्यारी राजमा**



### बागेश्वर

**ताम्रशिल्प उत्पाद**



**कीवी आधारित उत्पाद**



### नैनीताल

**ऐपण क्राफ्ट**



**फल प्रसंस्करण**



### रुद्रप्रयाग

**मन्दिर अनुकृति हस्तशिल्प**



**चौलाई आधारित उत्पाद**



### चमोली

**हथकरघा एवं कार्पेट**



**गुलाब जल**



### पौड़ी

**वुडन क्राफ्ट**



**हर्बल मेडिसिन**



### टिहरी गढ़वाल

**पनीर**



**टिहरी नथ**



### चम्पावत

**लौह शिल्प उत्पाद**



**शहद**



### उधमसिंहनगर

**मेंथा ऑयल**



**मूंज ग्रास उत्पाद**



### देहरादून

**बेकरी उत्पाद**



**मशरूम**



### उत्तरकाशी

**लाल चावल**



**ऐपल फ्रुट बेस उत्पाद**



## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की शुरुआत की गई।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट के रूप में आगे बढाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी मे जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# डेविड का स्तुतिगान - 23

# क्रिसमस पर्व की बधाई



## येशु मसीह - प्रेम, शांति, करुणा, क्षमा के प्रतीक

प्रभु मेरे रक्षक हैं; मेरे पास वह सब कुछ है जो मुझे चाहिए।

वह मुझे हरी चराइयों में विश्राम कराते हैं
व मुझे शान्त जल के पास ले जाते हैं
क्योंकि वही सभी सुखों के निमित्त हैं।

वह मेरी आत्मा को परिष्कृत करते हैं।
वह मुझे सही राहों का मार्गदर्शन करते हैं जो उनकी भलाई को दर्शाते हैं

मेरे जीवन की राह कितनी भी अँधेरी हो मुझे बिलकुल भय नहीं,
उनकी छड़ी और चरवाहे की लाठी मुझे सुखदाई अनुभव देते हैं।

वह मेरे शत्रुओं के सामने मेरे लिये भोजन तैयार करते हैं।
और जब सिर पर वह आशीष का तेल उण्डेलते हैं
उनका दिव्य प्रेम छलकने लगता है।

निश्चय ही उनकी दयालुता और प्रेम जीवन भर मुझ पर बना रहेगा,
और मैं प्रभु के धाम में सर्वदा वास करूंगा।




सहज योग परिवार से
आप सभी को क्रिसमस की बहुत बहुत बधाई

**हर वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला पर्व, क्रिसमस, येशु मसीह के जन्म को चिन्हित करता है और उसका पुण्यस्मरण कराता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर कोई इस दिन का आनंद ज़्यादातर क्रिसमस ट्री सजाकर, कुकीज़ सेंक कर और उपहारों का आदान-प्रदान करके लेता है।**

**क्रिसमस, दुनिया में येशु मसीह के जन्म का स्मरण करते हुए, एक आध्यात्मिक वास्तविकता का भी प्रतीक है। देवत्व का अवतार येशु मसीह हैं। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब भूमि पर अज्ञानता, अंधविश्वास, लालच, घृणा और पाखंड का शासन था।**



### उनके आगमन का दिव्य रहस्योद्घाटन

लगभग **2,000** साल पहले, नाज़रेथ शहर की मैरी नाम की एक युवती से गेब्रियल नाम के एक देवदूत ने मुलाकात की थी। उसने यहूदी स्त्री से कहा कि उसका एक पुत्र होगा जिसका नाम येशु होगा, जो परमेश्वर का पुत्र होगा।

**इस समय, मैरी की अपने होने वाले पति जोसेफ से मंगनी हो चुकी थी। जब यूसुफ को बताया गया, तो वह आहत और भ्रमित हो गया क्योंकि उसने मैरी पर विश्वास नहीं किया। देवदूत गेब्रियल ने जोसेफ से मुलाकात की और उससे कहा, "मरियम को अपनी पत्नी के रूप में घर ले जाने से डरो मत, क्योंकि जो उसके गर्भ में है वह पवित्र आत्मा है," और उसका पुत्र येशु लोगों को उनके पापों से बचाएगा।**





### बेथलेहम की यात्रा और येशु का जन्म

मरियमऔरउसकाभावीपति, जोसेफ, नाज़रेथ नामक नगर में रहते थे। लेकिन रोमन सम्राट, सीज़ार ऑगस्टस द्वारा आदेशित जनगणना के लिए पंजीकरण कराने के लिए उन्हें बेथलेहम शहर की यात्रा करनी पड़ी। नाज़रेथ और बेथलेहम दोनों उस देश में हैं जिसे अब इज़राइल कहा जाता है। नाज़रेथ से बेथलेहम तक की दूरीलगभग **65** मील **(105** किमी**)** है, औरयात्रा में शायद उन्हें कई दिन लगे।

जबजोसेफऔरमरियमबेतलेहेम पहुँचे, तो उनके पास ठहरने के लिए कोई जगह नहीं थी क्योंकि सराय पहले से ही भरी हुई थी। उन्होंने एक अस्तबल में रात बिताई जहाँ पशुओं को रखा गया था। फर्श पर शायद ताजी घास थी जिसे वे बिस्तर के लिए इस्तेमाल करते थे।

उस रात, येशु का जन्म हुआ। वहाँ कोई पालना नहीं था, इसलिए उन्होंने बच्चे येशु को एक चरनी में रखा, जो पशुओं के लिए रखी थी। चरनी में ताजा घास थी और नवजात शिशु के लिए आरामदेह बिस्तर बना दिया।



### ३ मनीषीयों का आगमन

**कुछ समय बाद, पूर्वी देशों के मनीषीयों या ज्योतिषियों ने आकाश में एक तारे को देखा जो एक नए राजा के जन्म का संकेत था। वे नए राजा येशु की उपासना करने के लिए यरूशलेम और बेथलेहम के आसपास के क्षेत्र यहूदिया आए।**

**ज्योतिषी बेथलेहम की ओर बढ़ते रहे और तारे के पीछे तब तक चले जब तक कि वह सीधे उस घर के ऊपर न पहुंच गया जहां येशु था। उन्होंने मरियम और येशु को घर में पाया और उनकी आराधना करने के लिए घुटने टेके। वे येशु को सोना, लोबान, और सुगंधित गोंद, प्राचीन दुनिया की कुछ बेहतरीन चीज़ें लाए।**

### राजा हेरोड के अत्याचार और मिस्र की यात्रा

**इस बीच, यहूदिया के राजा हेरोड ने तीन पंडितों से 'नए राजा' के आगमन के बारे में सुना था और उसे डर था कि यह नया "राजा" उसे यहूदिया के राजा के रूप में बदल देगा। वह यह नहीं समझ पाया कि येशु बड़ा होकर परमेश्वर के आध्यात्मिक राज्य का राजा बनेगा, न कि यहूदिया का राजा। हेरोड वास्तव में येशु को खोजना और उसे मार डालना चाहता था।**

**जब हेरोड को पता चला कि ज्योतिषी उसे यह बताने के लिए वापस नहीं आए हैं कि येशु को कहाँ ढूँढ़ें तो वह क्रोधित हो गया। उसने अपने सैनिकों को दो साल से कम उम्र के सभी बच्चों को मारने के लिए बेथलेहम भेजा, यह सोचकर कि येशु निश्चित रूप से मारे गए लोगों में से एक होगा।**

**परन्तु परमेश्वर ने जोसेफ को स्वप्न में मिस्र भाग जाने को कहा था। जोसेफ मरियम और येशु को मिस्र में रहने के लिए ले गया जहाँ वे हेरोड से सुरक्षित रहेंगे। हेरोड, मरियम और येशु हेरोड के मरने तक मिस्र में रहे, और फिर वे नाज़रेथ लौट आए। हेरोड के आसपास के लोग एक के बाद एक चमत्कार देखने लगे।**

### येशु मसीह के चमत्कार

**येशु मसीह के चमत्कार और अनगिनत चमत्कार जो उसने पृथ्वी पर अपने समय के दौरान किए, वे अद्भुत हैं। येशु, हमारे उद्धारकर्ता जहां कहीं भी गए, अपने आसपास के सभी लोगों के जीवन को बदल दिया। येशु द्वारा किए गए कई चमत्कारों के सुसमाचार का दस्तावेजीकरण मैथिव, मार्क, ल्यूक और जॉन ने किया है ।**

**ये चमत्कार लोगों के जीवन में द्वारा किए गए अनगिनत चमत्कारों के केवल एक छोटे से अंश का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह जॉन के सुसमाचारों में सबसे अच्छी तरह से समझाया गया है:**

**और भी बहुत से काम हैं जो येशु ने किए, यदि वे सब के सब लिखे जाते, तो मैं समझता हूं, कि पुस्तकें जो लिखी जातीं वे जगत में भी न समातीं। तथास्तु। (जॉन 21:25)**

**पानी को दाखरस में बदलने से लेकर मरे हुओं को जिलाने तक येशु मसीह के चमत्कार कई प्रकार के थे। लगभग 17 विशिष्ट उपचार चमत्कार दर्ज किए गए हैं। येशु मसीह के चमत्कारों में असाध्य रोगों को ठीक करना और शारीरिक रूप से उपस्थित हुए बिना ठीक करने की क्षमता शामिल थी। साथ ही, येशु मसीह ने सभी क्षेत्रों पर अधिकार का प्रयोग किया। उसने प्रकृति, राक्षसों, जीवन और मृत्यु पर अपने अधिकार का प्रदर्शन किया।**

**इसके अलावा, येशु मसीह के सभी चमत्कार सार्वजनिक रूप से बड़ी भीड़ के सामने किए गए जैसे कि पाँच हज़ार को खाना खिलाना और चार हज़ार को भोजन उपलब्ध कराना। चश्मदीद गवाहों द्वारा रिकॉर्ड किए गए चमत्कार लोगों के लिए फायदेमंद थे, और बिना किसी सहारा के एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए किए गए थे।**

**प्रेम और शक्ति के अलौकिक कार्यों को करते समय, येशु ने अपनी दिव्य प्रकृति, असीम करुणा, प्रकृति पर पूर्ण अधिकार प्रकट किया, और दिखाया कि वह परमेश्वर का पुत्र और वादा किया हुआ मसीहा है।**

**येशु मसीह के चमत्कार उसकी दिव्यता और हर चीज पर पूर्ण शक्ति का प्रमाण हैं। पृथ्वी पर उसके समय के दौरान, बहुत से लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से उसके चमत्कारों को देखा। लोग चमत्कारों में विश्वास करते थे क्योंकि उनकी पर्याप्त संख्या थी और उन्होंने चार सुसमाचारों में दर्ज चमत्कारों की तुलना में अधिक चमत्कार किए।**

### येशु मसीह का क्रूसारोपण - पुनरुत्थान की कुंजी - क्षमा

**येशु मसीह का सूली पर चढ़ना प्राचीन दुनिया में इस्तेमाल किया जाने वाला मृत्युदंड का सबसे भयानक, दर्दनाक और शर्मनाक रूप था। निष्पादन की इस पद्धति में पीड़ित के हाथ और पैर बांधना और उन्हें लकड़ी के एक क्रॉस पर कीलों से ठोंकना शामिल था। मनुष्यों द्वारा किए गए पापों के लिए प्रभु ने अपना जीवन बलिदान कर दिया और उन्होंने हमें सांसारिक बंधनों को काटने और क्षमा द्वारा हमारे सच्चे दिव्य स्वरूप को पुनर्जीवित करने के लिए सबसे बड़ा हथियार दिया।**

### सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के शब्द प्रभु मसीह पर

**"...यह दिन हमारे लिए यह याद रखने का है कि ईसा मसीह का जन्म इस धरती पर हुआ था। एक इंसान के रूप में, वह इस धरती पर आए। और उनके सामने जो कार्य था वह मानवीय जागरूकता की समझ की भावना को प्रबुद्ध करना था, लेकिन हम कह सकते हैं कि यह वास्तविक रूप से मानव के भीतर की जागरूकता है, कि वे यह शरीर नहीं हैं, बल्कि वे आत्मा हैं। मसीह का संदेश उनका पुनरुत्थान है। यानी आप अपनी आत्मा हैं न कि शरीर। और उनहोंने अपने पुनरूत्थान के द्वारा दिखाया, कि कैसे वह शुद्ध आत्मा के राज्य में उदित हुए ...। और जब वह इस धरती पर आए, मनुष्य के रूप में, एक शरीर में, वह एक और बात दिखाना चाहते थे कि आत्मा का धन से कोई लेना-देना नहीं है, शक्ति से कोई लेना-देना नहीं है।**

(10 दिसंबर 1979, लंदन, यू के)

### मानवता के लिए येशु मसीह का संदेश

**"तुम अपने परमेश्वर के प्रति अपने पूरे मन से, और अपने पूरे प्राण से, और आपकी सारी बुद्धि से प्रेम रखना। तुम अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखना"** (मैथिव **22:37-39**)

**शांतिपूर्ण और आनंदमय जीवन के लिए इस संदेश को कैसे आत्मसात करें? -एकमेव सहज योग मार्ग से-**

**येशु मसीह का मानवता के प्रति यह एक बहुत बड़ा और गहरा संदेश है।**

**येशु मसीह का पुनरुत्थान मानव जागरूकता के ज्ञान का प्रतीक है, और सहज योग आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया के माध्यम से इस जागरूकता का यथार्थी-करण है। सहज योग सभी धर्मों के सत्य को आत्मसात कर व उनकी सीमाओं को पार कर साधक को सच्ची आध्यात्मिकता की आधारशिला में स्थित करता है। सहज का अर्थ है 'आपके साथ जन्मा' और योग का अर्थ है 'आत्मा' का सर्वव्यापी शक्ति या परमात्मा के साथ मिलन। आत्मा हमारे अस्तित्व में परमात्मा के प्रतिबिंब का प्रतिनिधित्व करती है और योग घटित होने के लिए त्रिकास्थि में स्थित 'कुंडलिनी' नामक दिव्य ऊर्जा होती है और इच्छुक में जागृत होकर आत्म-साक्षात्कार प्रदान कर आध्यात्मिक पोषण करती है। वस्तुता, यह दिव्य ऊर्जा 'हौली घोस्ट' का प्रतिबिंब है जो सोइ हुयी अवस्था में होता है। लेकिन जब साधक योग की इच्छा करता है तो कुंडलिनी छह ऊर्जा केंद्रों को एकीकृत करती है और फॉन्टानेल हड्डी को छेदने के बाद ब्रह्मांडीय ऊर्जा या 'ब्रह्मशक्ति' को आंतरिक अस्तित्व में प्रवेश करने के लिए रास्ता बनाती है। योग घटित होता है जिसकी प्रचिती भीतर में सुखद अनुभव और हाथ की हथेलियों और सिर के शीर्ष पर दिव्य ठंडी हवा की लहरियां या 'चैतन्य' (जैसा कि बाइबिल में वर्णित है) सूक्ष्म ऊर्जा के रूप में प्रवाहित होता है । इस स्थिति को परिपक्व करने के लिए सुबह और शाम का नियमित ध्यान और सप्ताह में एक बार एक निर्दिष्ट ध्यान केंद्र में सामूहिक ध्यान उपयोगी होता है। इस प्रकार, सच्ची आध्यात्मिकता का मार्ग शुरू होता है और साधक अनंत आनंद और समग्र कल्याण का आनंद लेने के लिए व हमेशा उनके साथ रहने के लिए परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश करता है। यह दिव्य न्याय के समय का भी प्रतीक है, जो लोग परमेश्वर को खोजते हैं वे बचाए जाएंगे जैसा पवित्र बाइबिल में भी प्रतिष्ठापित है।**

**परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा आदि ऊर्जा 'कुंडलिनी' को जागृत कर आत्म-साक्षात्कार के अनुभव को बहुत आसान बना दिया है और आज सत्य के साधक विश्व के 140 से अधिक देशों में अपने स्वहित के लिए सहज योग जुड़ गए हैं और इस सुख को प्राप्त करने के लिए यशु मसीह ने वादा किया था। अधिक जानकारी और सहज योग के लाभों के लिए कृपया वेबसाइट देखें या हमसे फोन पर संपर्क करें।**

**आने वाला वर्ष आपको आंतरिक शांति का आनंद लेने के लिए
सच्चा यौगिक जीवन प्रदान करे
और दुनिया में स्थायी शांति लाने में सहायक बनें - आमीन।**



Sahaja Darshan Prachaar Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org
www.sahajayogamumbai.org
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800